डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
शुक्रवार
21.10.2022
कार्तिक कृष्ण पक्ष 11
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-08 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

रश्मि प्रवाह

जीवन को गमले के पौधे की तरह नहीं बनाना चाहिए, जो थोड़ी सी धूप लगते ही मुरझा जाये। जिंदगी को जंगल के पेड़ की तरह बनाओ जो हर स्थिति में झूमता रहे।



अस्टम उरांव समेत छह खिलाड़ियों ने सीएम से की मुलाकात, मुख्यमंत्री बोले-

पंचायत से राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को अंडर-17 फीफा वर्ल्ड कप में भारतीय फुटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करनेवाली झारखंड की खिलाड़ी अस्टम उरांव, नीतू लिंडा, अंजली मुंडा, अनिता कुमारी, पूर्णिमा कुमारी एवं सुधा अंकिता तिर्की ने मुलाकात की। इन खिलाड़ियों ने फीफा वर्ल्ड कप के लिए प्रशिक्षण और तैयारियों को लेकर सरकार द्वारा मिले सहयोग के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि फीफा वर्ल्ड कप में आपने देश का प्रतिनिधित्व कर राज्य का नाम रौशन किया है। आप सभी खिलाड़ियों पर हम सभी को नाज है। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई करते हुए भविष्य में राज्य और देश के लिए और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर उन्होंने सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

खिलाड़ियों की पढ़ाई की व्यवस्था को सुनिश्चित करने की हो रही पहल : मुख्यमंत्री ने कहा कि फीफा वर्ल्ड कप में आपने देश का प्रतिनिधित्व कर राज्य का नाम रौशन किया है। आप सभी खिलाड़ियों पर हम सभी को नाज है। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई करते हुए भविष्य में राज्य और देश के लिए और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर उन्होंने सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

खिलाड़ियों की पढ़ाई की व्यवस्था को सुनिश्चित करने की हो रही पहल : मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल के क्षेत्र में उभर रहे प्रतिभावान बच्चे-बच्चियों के पढ़ाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। उन्होंने इन खिलाड़ियों से कहा कि आप बेफिक्र होकर अपने खेल पर ध्यान दें। आपके बेहतर प्रशिक्षण के साथ सभी खेल सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेगी।

खेलों के लिए उठाये जा रहे हैं कई कदम : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में खेल का माहौल बने, इसलिए पंचायत, प्रखंड, जिला और राज्यस्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा गांव और पंचायतों में खेल के मैदान और प्रखंड स्तर पर स्टेडियम बनाये जा रहे हैं। हमारा प्रयास है कि यहां की खेल प्रतिभाओं को इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से सामने लायें और उन्हें प्रशिक्षण समेत अन्य सुविधाएं देकर बेहतर खिलाड़ी बना सकें।

खिलाड़ियों ने अपने अनुभवों को किया साझा : इस मौके पर इन खिलाड़ियों ने फीफा वर्ल्ड कप के अपने अनुभवों को मुख्यमंत्री के साथ साझा किया। उन्होंने बताया कि विभिन्न देशों के खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिला। उनसे हम सभी को काफी कुछ सीखने का मौका मिला। इससे हमें निश्चित तौर पर हमारा परफॉर्मेंस बेहतर होगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा, फुटबॉल कोच आनंद प्रसाद गोप और सोनी कुमारी मौजूद थी।

खेल पर सरकार का विशेष फोकस

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल और खिलाड़ियों के विकास पर सरकार का विशेष फोकस है। खेल को आगे बढ़ाने का हमने संकल्प ले रखा है। इस दिशा में खेल नीति बना ली गयी है। वहीं, कई खिलाड़ियों की भी सीधी नियुक्ति हो चुकी है। आनेवाले दिनों में खिलाड़ियों को और भी कई खेल सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी, ताकि वे अपने-अपने खेलों में बेहतर प्रदर्शन कर राज्य और देश को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान दिला सकें।

सीएम से मिले छत्तीसगढ़ के विधायक

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को छत्तीसगढ़ राज्य के विधायक खेल साय सिंह, विधायक एवं संसदीय सचिव रश्मि आशीष सिंह, संयुक्त कलेक्टर संदीप ठाकुर, सुभाष गोयल और कन्हैया लाल अग्रवाल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि रायपुर में तृतीय राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

पलामू पुलिस ने पांच लाख के इनामी नक्सली को किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू पुलिस ने पांच लाख के इनामी माओवादी सब जोनल कमांडर रामप्रसाद यादव उर्फ प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया है। रामप्रसाद यादव पर झारखंड और बिहार में 12 से भी अधिक बड़े नक्सल हमले का आरोप है। पुलिस आरोपी नक्सली से पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि इनामी माओवादी कमांडर राम प्रसाद यादव छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र में आया हुआ है। इसी सूचना के आलोक में पुलिस ने पलामू में सर्च अभियान शुरू किया। इसी दौरान नक्सली रामप्रसाद यादव पकड़ा गया। नक्सली रामप्रसाद यादव ने पुलिस अधिकारियों के समक्ष कई खुलासे किए हैं। फिलहाल रामप्रसाद यादव उर्फ प्रसाद से पुलिस के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं और उसकी निशानदेही पर कई इलाकों में सर्च अभियान भी चला रही हैं। झारखंड बिहार के सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षाबलों की दबिश के कारण वह इस इलाके में छिपने के लिए आया था। राम प्रसाद यादव की गिरफ्तारी पलामू पुलिस के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है। गिरफ्तार माओवादी पर झारखंड सरकार ने पांच लाख का इनाम रखा था । यह पलामू ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

न्यूज गैलरी

दीनानाथ तिवारी बनें मंत्री प्रतिनिधि

मेदिनीनगर। खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के द्वारा रेड़मा निवासी सह वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दीनानाथ तिवारी को जिला स्तर पर मंत्री प्रतिनिधि के रूप में नामित किया गया है। इस बाबत मंत्री के आप्त सचिव संजय कुमार ने जिले के उपायुक्त को सूचना हेतु पत्र निर्गत किया है। पत्र के माध्यम से बताया गया है कि खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री रामेश्वर उरांव के द्वारा दीनानाथ तिवारी को जिला स्तर पर मंत्री प्रतिनिधि नामित किया गया है। मंत्री प्रतिनिधि के रूप में नामित किये जाने पर दीनानाथ तिवारी ने मंत्री रामेश्वर उरांव के प्रति आभार व्यक्त किया है। वही स्थानीय लोगों ने भी जिले में मंत्री प्रतिनिधि नामित होने पर प्रसन्नता जाहिर की है।

पीएमएवाई (यू) के सफल क्रियान्वयन को लेकर झारखंड को राष्ट्रीय स्तर पर मिली नयी पहचान

रांची। गुजरात के राजकोट में आयोजित 'इंडिया अर्बन हाउसिंग कॉन्क्लेव 2022' कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। कार्यक्रम में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने झारखंड राज्य को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के सफल कार्यान्वयन को लेकर तीन श्रेणी में राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया। इस कार्यक्रम में झारखंड की ओर से पुरस्कार ग्रहण नगरीय प्रशासन निदेशालय, झारखंड सरकार के निदेशक आदित्य कुमार आनंद, सहायक निदेशक शैलेश प्रियदर्शी, पीएमएवाई(यू) के स्टेट टीम लीडर राजन कुमार एवं सीएलटीसी दीपक कुमार ने किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के विभिन्न घटकों के तहत राज्य को महिला सशक्तिकरण पहल के अंतर्गत योजना के तहत हजारों महिलाओं को घर का स्वामित्व, रानी मिस्त्री एवं निर्माण क्षेत्र में महिलाओं को कार्य का अवसर, समुदाय उन्मुख परियोजना के तहत कुष्ठ रोग से प्रभावित लोगों के लिए बेहतर आवासीय परियोजना उपलब्ध कराने एवं उक्त योजना का प्रभावी व व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार व जनजागरूकता हेतु राष्ट्रीय स्तर पर तीन पुरस्कार दिया गया। डीएमए के निदेशक आदित्य कुमार आनंद ने इस कार्य में सहयोग के लिए निदेशालय व सभी नगर निकायों के अधिकारियों व पदाधिकारियों को बधाई दी।

कैंप जेल से पंकज करता था बड़े अफसरों से बात, दो पकड़े गये

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड में एक हजार करोड़ से अधिक के अवैध खनन का मास्टरमाइंड पंकज मिश्रा न्यायिक

- ईडी की टीम ने पंकज मिश्रा को बात करते पकड़ा
- मौके से चंदन यादव व सूरज पंडित को ईडी ने हिरासत में लिया

हिरासत में होने के बावजूद फोन का इस्तेमाल कर रहा था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा आईएएस, आईपीएस अधिकारियों से बात करने के लिए अपने ड्राइवर चंदन यादव और सूरज पंडित के मोबाइल फोन का इस्तेमाल करता था। गुरुवार को ईडी की टीम ने रिम्स के पेइंग वार्ड में छापेमारी की। तब पंकज मिश्रा को रंगेहाथ फोन पर बात करते पकड़ा गया। सूत्रों के मुताबिक, ईडी की टीम जब रिम्स के पेइंग वार्ड पहुंची, तब वह एक जिले के एसपी से बात कर रहा था। बातचीत पकड़े जाने के बाद ईडी की टीम ने चंदन व सूरज को हिरासत में लिया। इसके बाद दोनों को ईडी जोनल ऑफिस लाया गया। ईडी ने पेइंग वार्ड के बाहर लगे सीसीटीवी की डीवीआर भी जब्त की है। ईडी को यह भी जानकारी मिली थी कि लगातार कई लोग पंकज मिश्रा से मिलने पहुंचते थे। ईडी डीवीआर के फुटेज भी खंगालेगी। वहीं, ईडी की टीम ने गुरुवार को पंकज मिश्रा की पत्नी से भी लंबी पूछताछ की।

दोनों की गवाही ईडी ने ली, संदेह के घेरे में 11 अधिकारी : जानकारी के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

योगी ने संघ प्रमुख से जनसंख्या नीति पर की बात

- आरएनएम

प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक स्थल गौहनिया पहुंचकर संघ प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात की। उन्होंने मोहन भागवत को अयोध्या में भव्य दीप उत्सव की तैयारी के संबंध बताया और उनको औपचारिक रूप से निमंत्रण दिया। चर्चा है कि जनसंख्या नीति पर भी बात हुई। सूत्रों का कहना है कि संघ प्रमुख मोहन भागवत और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच जनसंख्या नियंत्रण नीति पर विस्तार से चर्चा हुई। जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून बनाने और इसे सख्ती से लागू करने व अन्य कई पहलू पर बात हुई। चर्चा है कि उत्तर प्रदेश सरकार की आगामी नीति में संघ के इस एजेंडे की झलक देखी जा जा सकती है। संघ प्रमुख मोहन भागवत और योगी आदित्यनाथ ने एक साथ दोपहर का भोजन भी किया। इस दौरान संघ के बड़े पदाधिकारियों सहित सह संघ कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले भी थे।

गंभीर बीमारियों से बचना है तो सात-आठ घंटा सोयें

पांच घंटे से कम सोने पर कम से कम दो गंभीर बीमारी होने का खतरा

- आरएनएम

नयी दिल्ली। ब्रिटेन में आठ हजार सरकारी कर्मचारियों पर 25 वर्ष तक चली एक शोध में पाया गया कि सात घंटा से कम सोने पर गंभीर बीमारी होने का खतरा होता है। यह शोध परिणाम प्लस मेडिसिन जर्नल में प्रकाशित हुई है। इसके मुताबिक यदि कोई इंसान पांच घंटे से कम सोता है, तो उसको कम से कम दो गंभीर बीमारी होने का खतरा होता है। यह शोध ब्रिटेन के आठ हजार सरकारी कर्मचारियों पर किया गया। जिन्हें 50 वर्ष की उम्र तक कोई लंबे समय तक चलनेवाली बीमारी नहीं थी। वैज्ञानिकों ने इन्हें हर चार से पांच साल में अगले 25 सालों के लिए अपनी नींद और स्वास्थ्य की जानकारी देने को कहा। जिन लोगों की नींद को 50 की उम्र में ट्रैक किया गया, उन्हें पांच घंटे या उससे कम सोने पर लंबे समय तक चलनेवाली बीमारी का खतरा 30 प्रतिशत था। इनकी तुलना रात में सात घंटे सोनेवाले लोगों से की गयी थी। 60 साल की उम्र में यह खतरा 32 प्रतिशत तथा 70 साल में 40 प्रतिशत तक बढ़ गया। पर्याप्त नींद न लेने से मौत का खतरा भी 25 प्रतिशत पाया गया। शोध के अनुसार रात में पांच घंटे से ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

पलामू में महंगाई ने किया दिवाली का रंग फीका, ग्राहकों ने बनाई दूरी

- अमर नाथ सोनी

मेदिनीनगर। दो साल से कोरोना के कारण दिवाली का उत्साह कम रह। लेकिन इस बार की दिवाली पर महंगाई की मार पड़ गई है। जिस तरह से दिनों-दिन हर चीज महंगी हो रही है । उससे व्यापारी से लेकर आम जनता सभी परेशान हैं। रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुके पेट्रोल और डीजल के दाम ,गैस के दाम, अनाज के दाम ,जैसे बढ़ रहे हैं। जिसका असर आम जनजीवन पर पड़ रहा है। सामान के आसमान छूती कीमतों ने व्यापारियों से लेकर आम जनता तक का त्योहार फीका कर दिया है।

महगांई में कैसे जलेंगे दीये :- दिवाली में दीये जलाने के लिए आखिर तेल कहां से लाया जाये। लोगों की यही समस्या बन रही है। जहां सरसो तेल का दाम 170 रुपये के करीब है। वही करंज का तेल 175 रुपये लीटर में आ गया है। आखिर दीये जलाने के लिए आम आदमी क्या करेगा। वही मोमबत्ती की मूल्य में भी वृद्धि हो गई। चाइनीज लाइटिंग के दामों में भी पहले की अपेक्षा इस बार कीमतों में वृद्धि हो गई है।

पेट्रोल-डीजल व गैस के दाम ने बना दिया रिकॉर्ड : पेट्रोल और डीजल के दाम ने तो मानो रिकॉर्ड ही बना दिया है। वही धरेलू गैस के दाम भी 11 सौ रुपये के पार हो गया है। जिस तरह से दिनों-दिन तेल की कीमतों में उछाल देखने को मिल रहा है, उससे तो यही लग रहा है कि यह अभी रुकने वाला नहीं है। आगे भी कीमतों के नये रिकॉर्ड बनेंगे।

चरम पर आ गई महंगाई: सरसो तेल से लेकर पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दामों का असर हर चीज पर पड़ रहा है। ट्रांसपोर्टिंग महंगी हो चुकी है, नतीजा ये है कि हर सामान के दाम में बढ़ोतरी हो रही है। हालात ऐसे हैं कि किराना से लेकर जनरल स्टोर, मिठाई दुकान से लेकर फूल तक हर सेक्टर में महंगाई चरम पर है। इस महंगाई से आम जनता के साथ-साथ व्यापारी वर्ग भी परेशान है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

प्रधानमंत्री मोदी 22 अक्टूबर को 75 हजार युवाओं को देंगे दिवाली गिफ्ट



नयी दिल्ली (एजेंसी)। दिवाली पर युवाओं को बड़ा उपहार मिलने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 अक्टूबर को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 10 लाख लोगों के लिए रोजगार मेला भर्ती अभियान का शुभारंभ करेंगे। समारोह के दौरान 75 हजार चयनित लोगों को नियुक्तियों अपांइटमेंट लेटर्स भी दिये जायेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री संबोधित भी करेंगे।

एक बड़े बदलाव की उम्मीद : युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया करने और लोगों तक सरकार की कल्याणकारी योजनाएं पहुंचाने प्रधानमंत्री की निरंतर प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा। प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार सभी मंत्रालय और विभाग मिशन मोड में स्वीकृत पदों के विरुद्ध मौजूदा रिक्तियों को भरने की दिशा में काम कर रहे हैं। देशभर से चयनित नयी भर्तियां भारत सरकार के 38 मंत्रालयों, विभागों में शामिल होंगी। नियुक्त व्यक्ति विभिन्न स्तरों पर सरकार में शामिल होंगे। जैसे ग्रुप-ए, ग्रुप-बी (राजपत्रित), ग्रुप-बी (अराजपत्रित) और ग्रुप-सी। जिन पदों पर नियुक्तियां की जा रही हैं, उनमें सेंट्रल आर्म्ड फोर्स पर्सनल, सब इंस्पेक्टर, कांस्टेबल, एलडीसी, स्टेनो, पीए इनकम टैक्स, टैक्स इंस्पेक्टर और एमटीएस के अलावा और भी विभाग या पोस्ट शामिल हैं। ये भर्तियां मिशन मोड में मंत्रालयों ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

न्यूज गैलरी

एकीकृत सहायक संघ ने सहयोग राशि प्रदान की

नीलांबर पीतांबरपुर। प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कुंवर बांध के शिक्षक नागेंद्र कुमार के आकस्मिक निधन के बाद एकीकृत सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड अधिकारियों ने उनके घर जाकर उनकी धर्मपत्नी तथा पुत्र अनीश रंजन को 22000 रूपये की सहयोग राशि प्रदान की। बताते चलें की हाल ही में 52 वर्षीय सहायक अध्यापक नागेंद्र कुमार की लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। प्रखंड अध्यक्ष राजीव रंजन शुक्ला ने कहा कि हम लोग सरकार से मांग करते हैं कि सहायक अध्यापक के परिजनों को अनुकंपा पर नौकरी दी जाए तथा उचित मुआवजा दिया जाए। प्रखंड सचिव कामता प्रसाद यादव ने कहा कि हम लोग इस परिवार को सभी तरह के सरकारी लाभ जो भी नियम सम्मत होगा दिलाने का प्रयास करेंगे। मौके पर साहेब सिंह, मोहम्मद इदरीश, जितेंद्र कुमार कौशल कुमार ,जितेंद्र कुमार सिंह, विनय कुमार, रवि शंकर कुमार, तेजेश्वर कुमार, रंजय कुमार ,योगेंद्र नाथ, विनय कुमार रवि समेत दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे।

सरैया व पिठौरा के ग्रामीणों ने शराब पर लगाया प्रतिबंध

हरिहरगंज। पिपरा प्रखंड के सरैया और पिठौरा गांव में ग्रामीणों ने गुरुवार को मुखिया प्रियंका कुमारी के नेतृत्व में पूर्ण शराबबंदी करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में मुखिया ने बताया कि आए दिनों शराब सेवन के कारण लोगों की मौत हो रही है। वही क्षेत्र में हमेशा अशांति का माहौल बना रहता है। जिससे ग्रामीणो ने शराबबंदी करने का निर्णय लिया। इस दौरान ग्रामीणों ने महुआ शराब बनाने वाले को चिन्हित कर जावा महुआ तथा निर्मित शराब को नष्ट कर दिया। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर कोई शराब का व्यवसाय करता है, तो उसे पुलिस के हवाले कर दिया जायेगा। मौके पर दिनेश सिंह, प्रफुल्ल पाठक, प्रवीण तिवारी, नितेश सिंह, सागर सिंह, महेंद्र पाल, गुड्डू पाल, संतोष सिंह,नेशार अंसारी, मोहन तिवारी, चंदन कुमार, परवेज अंसारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

समाजसेवी ने सड़क मरम्मत के साथ घाटों की सफाई करायी

छतरपुर। युवा समाजसेवी कैलाश कुमार सिह ने अपने निजी खर्च से करमा कला सूयमंदिर सड़क का निर्माण करवाया। उन्होंने छठ घाटों कि साफ सफाई करवाने की बात कही । समाज सेवी ने बताया कि ग्रामीण के सहयोग से हर साल कि तरह इस साल भी सड़क बना मौके पर दजनो ग्राम वाशी सामिल हुये (लवकी यादव , शिव यादव , गणेश यादव , बरमु यादव , प्रवेश यादव, सुनील अग्रवाल , बैनाथ यादव ,मनोज सिंह, शम्भू सिंह , बिजय सिंह सामिल थे।

बीस वर्षीय युवक एक सप्ताह से लापता

नावा बजार। बेलचम्पा गांव निवासी रवि शंकर सिंह का बीस वर्षीय पुत्र गोलू कुमार सिंह पिछले एक सप्ताह से लापता है। परिजन उसे हर संभावित जगह तलाश कर चुके हैं। लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। परिजनों ने बताया कि वह घर से घूमने निकला था। उसके बाद वह वापस नहीं आया। गोलू मानसिक रूप से कुछ अस्वस्थ बताया जा रहा है।

शिविर के माध्यम से किशोरी समृद्धि योजना के दो लाभुकों को मिला स्वीकृति पत्र

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के हैदरनगर पश्चिमी पंचायत में आयोजित शिविर के माध्यम से राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षिका सीमा झा एवं कुमारी शान्ति, परियोजना सहायक संतोष ठाकुर एवं तेजस्विनी योजना के महेंद्र कुमार सहित पंचायत की सभी सेविकाओं ने बालिकाओं का योजना से संबंधित प्रपत्र भरा और तत्काल उनका पंजीकरण कराया। इस कारण सबसे अधिक 291आवेदन किशोरी समृद्धि योजना से ही आये। मौके पर प्रखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी राजीव नीरज ने कहा कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत बालिका शिक्षा पर जोर, बाल विवाह प्रथा का अंत, महिला सशक्तिकरण और वयस्क होने पर शादी के लिए जरूरी सहायता करना है। उन्होंने कहा कि सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत आठवीं से बारहवीं तक की बालिकाओं को भिन्न-भिन्न किस्तों में आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जायेगी। कक्षा 8वीं और 9वीं में 2500 रुपए प्रत्येक कक्षा में 25 सौ रुपए, कुल 5 हजार रुपए एवं 10वीं, 11वीं व 12वीं की कक्षा में 5000 रुपए प्रत्येक कक्षा में 5 हजार रुपए, कुल 15 हजार रूपये साथ ही 18 से 19 वर्ष की आयु पूरी होने पर एकमुश्त 20,000 रुपए मिलेंगे। इस योजना के तहत कुल 40 हजार रुपए की राशि भुगतान किये जायेंगे, ताकि बेटियों को योजना का पूर्ण रूप से लाभ मिल सके। मौके पर बीडीओ धीरज कुमार ठाकुर ने कहा कि हैदरनगर प्रखंड में इस योजना के तहत आठ हजार बालिकाओं को लाभ देने का लक्ष्य रखा गया है।

15 वें वित्त से पीसीसी पथ का शिलान्यास

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद उतरी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य राजू मेहता उर्फ एसपी मेहता व लोटनिया पंचायत के मुखिया बिनोद कुमार सिंह उर्फ लाल बाबू ने गुरुवार को 2 लाख रुपये की लागत से बनने वाले पीसीसी पथ का शिलान्यास किया। उक्त सड़क का निर्माण 15 वें वित्त आयोग से कराया जा रहा है,जो हुसैनाबाद के लोटनिया पंचायत के भवनपुरा बर के पेड़ से अखिलेश यादव के घर तक बनेगा। मौके पर जिप सदस्य राजू मेहता ने कहा कि पंचायतों में विकास हो, इसके लिए हमलोग हमेशा प्रयासरत हैं। जिस पंचायत तक विकास की किरण नहीं पहुंची है। हम वहां तक विकास पहुंचाने के लिए तत्पर हैं। यहां सड़क नहीं होने से लोगों को आने जाने में भारी परेशानी होती थी। पीसीसी सड़क बनने से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि लोगों की मांग के अनुसार विभिन्न जगहों पर विकास योजनाएं चलाई जा रही है। मौके पर वार्ड सदस्य इंदू देवी, समाजसेवी रामसुंदर मेहता, मथुरा मेहता, उदय यादव, विनय मेहता, राकेश कुमार, अजीत मेहता, अमित विश्वकर्मा, अखिलेश यादव, सुदेश्वर यादव,अवधेश यादव, अंबिका यादव, कामता यादव, राम यादव, विंदा यादव, रामपति यादव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

नप के वार्ड तीन में शिविर का आयोजन

विश्रामपुर। नगर परिषद के वार्ड तीन में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में आम लोगों ने समस्या संबंधी कई आवेदन दिया, जिसे सूचीबद्ध किया गया। इसके अलावा कई जरूरतमंदों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। मौके पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय,सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय,विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, निवर्तमान नप उपाध्यक्ष अनिल पांडेय, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, प्रभात कुमार, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, नवीन पांडेय,मणिभूषण पांडेय,मुन्ना यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

पलामू एसपी के निर्देश पर हुसैनाबाद पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

सड़क सुरक्षा को लेकर चेकिंग अभियान जारी रहेगा: थाना प्रभारी

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू एसपी एसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर गुरुवार को हुसैनाबाद पुलिस ने शहर के पटेल चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया । इस चेकिंग अभियान के क्रम में वाहन चालकों से लाइसेंस सहित अन्य कागजातों की जांच की गई। जिसमें एक दर्जन से अधिक वाहनों को पकड़ा गया। पलामू एसपी के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए बिना हेलमेट और बिना कागजात के एक दर्जन बाइक को जब्त कर इनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए चालान काटकर डीटीओ कार्यालय में भेज दिया। मौके पर थाना प्रभारी ने वाहन चालकों को बताया कि यातायात नियमों का पालन करें। अपनी जिंदगी बचाने के लिए हेलमेट का सदा प्रयोग करें। गाड़ी तीव्र गति से न चलायें । उन्होंने यह भी बताया कि मोटरसाइकिल पर ट्रिपल लोडिंग व बगैर लाइसेंस के गाड़ी चलाना कानून जुर्म है। उन्होंने सभी वाहन चालकों को हेलमेट, लाइसेंस सहित गाड़ी का कागजात साथ लेकर चलने का निर्देश दिया।अन्यथा उन पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। थाना प्रभारी ने बताया कि पलामू एसपी के निर्देश पर वाहन चेकिंग का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही अपराध को रोकने का भी एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। मौके पर एएसआई राम बालक सोरेन, शैलेन्द्र सिंह,चौकीदार मोहम्मद समेत पुलिस बल के कई जवान मौजूद थे।

गुजरात सम्मेलन में पलामू के बेटा को मिला सम्मान

नवीन मेल संवाददाता

हैदनगर। अनुमण्डल क्षेत्र के हैदरनगर थाना अंतर्गत ग्राम कुकही निवासी डॉ श्रवण कुमार सिंह को गुजरात राज्य के जामनगर में चल रहे तीन दिवसीय संगोष्टि अखिल भारतीय दर्शन परिषद के 66वें अधिवेशन में सम्मान मिला। जिससे गांव सहित अनुमण्डल क्षेत्र में हर्ष है। आपको बतादे की जब आप किसी एक विषय के सफल विद्यार्थी हैं और जब उसी विषय पर देश स्तर के प्रतिभागियों के बीच कुछ कहने और उन्हें साक्षात सुनने के लिए अवसर प्राप्त हों तो यह एक विद्यार्थी जीवन में गौरव क्षण होता हैं। इस आशय की जानकारी उन्होंने दुरभाष पर दी । उन्होंने बताया कि यह तीन दिवसीय संगोष्टि अखिल भारतीय दर्शन परिषद के 66वें अधिवेशन में जहाँ देश भर के दार्शनिकों तथा उस विषय के शोधकताओं का जमावड़ा एक साथ होता हैं। उसमें भाग लिए प्रतिभागियों द्वारा पत्र लेखन व वाचन का कार्य में मैने नीति दर्शन विभाग में भाग लिया था। जहां मुझे पत्र लेखन व वाचन में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार दिया गया।आपको इससे पूर्व बतादे की डॉ श्रवण बीएचयू से पीएचडी की शिक्षा प्राप्त की है। वर्तमान में भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय के अखिल भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद का भी शोधकर्ता रहें है । लेकिन असफल रहे अभी उनका बिहार के वीर कुवंर सिंह विश्वविद्यालय में दर्शन विभागाध्यक्ष व निदेशक प्रो.किस्मत कुमार सिंह के निर्देश में जारी हैं । इस आशय की जानकारी मिलते ही हुसैनाबाद अनुमण्डल क्षेत्र के लोगों में हर्ष हैं । उनके उज्ज्वल भविष्य का कामना करने वालों में अनुमंडलीय अधिवक्ता प्रेमतोष सिंह, हैदरनगर प्रखण्ड प्रमुख, कलावती देवी, भाजपा नेत्री मधुलता रानी, प्रो. अजय सिंह, डॉ राहुल सिंह, एवं जपला के कई शैक्षणिक संस्थान से जुड़े हुए लोगो ने बधाई दिया हैं।

प्रखंड परिसर में लगा यूथ मोबिलाइजेशन कैंप

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। प्रखंड परिसर में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत जेएसएलपीएस के तत्वाधान में गुरुवार को एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय यूथ मोबिलाइजेशन कैंप का आयोजन किया गया। उद्घाटन सीओ वासुदेव राय, सांसद प्रतिनिधि अरुण कुमार मिश्रा, एनसीपी नेता अजय कुमार सिंह, अखिलेश मेहता, जिला कौशल प्रबंधक विपिन चंद्रा, जिला समन्वयक संदीप मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिला कौशल प्रबंधक ने कहा कि योजना के तहत 15 से 35 वर्ष के युवाओं को कौशल विकसित करने के लिए प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण प्राप्त 75 प्रतिशत युवा को नौकरी की गारंटी है। शेष 25 प्रतिशत स्वरोजगार विकसित करेंगे। इलेक्ट्रीशियन, होटल मैनेजमेंट, मोबाइल रिपेयरिंग, सहायक नर्सिंग सहित अन्य चीजों का भी प्रशिक्षण दिया जायेगा। कैंप में लगभग 300 युवाओं की भागीदारी हुई, जिसमें 167 युवक युवतियों ने पंजीयन कराया। मौके पर प्रधान सहायक आजम वेग, कनीय अभियंता विपिन राय, पूर्व जिला पार्षद आशा कुमारी, समाजसेवी सत्येंद्र मेहता, बुधन सिंह यादव, मुखिया जितेंद्र पासवान, संदीप यादव, एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष गोलू सिंह, सक्रिय महिला ममता देवी, जेएसएलपीएस के सामुदायिक समन्वयक रत्नेश कुमार, बलवंत सिंह, धीरेंद्र चौधरी, धर्मपाल प्रजापति, आईपीआरपी ममता कुमारी, सरिता देवी जितेंद्र सिंह, डीईओ दीपक कुमार, मुरारी प्रजापति, जितेंद्र सिंह एवं सदस्यगण मौजूद थे।

विद्युत तार की चपेट में आने से दो गाय की मौत

नवीन मेल संवाददाता

नावा बजार । विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण प्रखंड क्षेत्र के चेचरिया गांव निवासी निरज कुमार दुबे की दो दुधारू गायों की मौत हो गई। पीड़ित परिवार की ओर से इसकी सूचना विद्युत विभाग को देते हुए नावा बाजार अंचलाधिकारी को भी दी गई है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह लगभग 8:00 बजे नीरज कुमार दुबे अपनी गायों को लेकर गांव के खेत में चराने को गया था। जहां खेत में विद्युत तार पहले से गिरा हुआ था जो दिखाई नहीं दे रहा था। ऐसे में गायों की झुंड चरते हुए विद्युत तार के संपर्क में आ गए। जिससे घटना स्थल पर हीं दो गायों की मौत हो गई। पीड़ित नीरज कुमार दुबे ने बताया कि दोनों गाय फ्रिजियन नस्लों की थी। इससे लगभग एक लाख रुपए का नुकसान हुआ। पीड़ित परिवार गोपालन का कार्य करते हैं, इनका मुख्य पेशा दूध का बिक्री करना हैं। ऐसे में दोनों दुधारू गायों की मौत हो जाने से परिवार के ऊपर विपत्ति के बादल टुट पड़ा है। दुख की बात तो यह भी है कि उन दोनों गायों की बच्चें भी दो माह के हैं । ऐसे में परिवार के समक्ष दो बच्चों को भी बचाना व पालन पोषण करना भी एक परेशानी का कारण बनेगा। वहीं घटना की सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के कनीय अभियंता शिवम कुमार सहित विद्युत उपभोक्ता संघ के जिला अध्यक्ष भाई गोविंद सिंह आदि कई लोग घटनास्थल पर पहुंचे। जहां वस्तु स्थिति को देखते हुए नियमानुसार पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की बात कही।

जपला एके सिंह कॉलेज में विचार गोष्ठी का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। एके सिंह कॉलेज जपला में गुरूवार को लैंगिक असमानता समस्या और समाधान' विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने की। इस मौके पर समाज में फैले रूढ़िवादी प्रवृत्तियों तथा महिलाओं पर हो रहे अत्याचार पर मुख्य रूप से प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष आइक्यूएसी समन्वयक प्रो. राम सुभाग सिंह ने कहा कि लैंगिक असमानता का मुख्य कारण नारियों की आर्थिक पराधीनता है। जब तक नारियां शिक्षित एवं आर्थिक तथा मानसिक रूप से स्वावलंबी नहीं होंगी, तब तक लैंगिक समानता स्थापित नहीं हो सकती। प्राचार्य ने कहा कि खुद को शिक्षित एवं जागरूक करना अनिवार्य है। ताकि आपके हक- अधिकार को कोई छीन ना सकें। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी प्रो. राजेश कुमार सिंह ने किया। मौके पर महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. शिवकुमार विश्वकर्मा, डॉ. आलोक रंजन कुमार, प्रो. रेखा कुमारी सिंह, डॉ. रवि रंजन कुमार मिश्रा ने अपने विचारों को रखा तथा लैंगिक असमानता को कैसे दूर किया जाये, इस पर विस्तृत चर्चा की गई। महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों में प्रमुख रूप से शुभम भारती, सोनम गोस्वामी, खुशबून खातून, सुप्रिया कुमारी, दिलीप यादव, अनूप कुमार मेहता ने भी अपने-अपने विचार रखें। खुशबून खातून ने अपने विचार के माध्यम से यह बताई कि हमें समान भाव से समाज में देखा जाए। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. राहुल कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो. रविकांत सिंह, डॉ. अजय कुमार सिंह, हरेंद्र नारायण सिंह, जयशंकर प्रसाद सिंह, अरुण कुमार सिंह, प्रशांत कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

छठ घाट पर व्रतियों के लिए हर सुविधा कराया जायेगा उपलब्ध : डॉ ईश्वर

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। भाजपा नेता डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने गुरुवार को विश्रामपुर के शिव घाट का जायजा लिया। छठ पूजा कमेटी को कई दिशा निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा कि छठ व्रत धारियों को घाट पर हर संभव सुविधा उपलब्ध कराया जायेगा। कमेटी को जो भी जरूरत है उसे दिया जायेगा। यहां बताते चलें कि श्री चंद्रवंशी ने व्रत धारियों की सुविधा हेतु छठ घाट पर एक और चापानल कुछ दिन पहले ही बोर करवाया है। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व आस्था और स्वच्छता का सबसे बड़ा पर्व है। इस महापर्व पर व्रतधारियो को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। मौके पर वरीय भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी,विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय,युवा समाजसेवी विजय कुमार रवि,छठ पूजा कमेटी अध्यक्ष गोपाल सोनी,किरण देवी,सुनील कुमार चौधरी,उमेश यादव,विकाश चंद्रवंशी,असलम बहादुर, डॉ चंदसी,शशि कुमार चंद्रवंशी,अनिल यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

सरकारी योजनाओं की रखें जानकारी व उठायें लाभ : कपिलदेव

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर । प्रखंड के केतात कला पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन जिला पंचायती पदाधिकारी कपिलदेव ठाकुर,बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम,प्रमुख रम्भा देवी,पंसस रीना चौबे,मुखिया संजू चौबे,बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित,संसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय व विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिला पंचायती राज पदाधिकार कपिलदेव ठाकुर ने कहा कि आम लोग सरकार के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी रखे और उसका लाभ उठावें। सरकार का हर योजना जनता की भलाई के लिए हैं। बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने लोगों को सरकार के कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। पंसस रीना चौबे व मुखिया संजू चौबे ने पंचायत के कई समस्याओं को पदाधिकारियों के समक्ष रखा। शिविर में मनरेगा,जॉब कार्ड, वृद्धा पेंशन,प्रमाणपत्र,आवास योजना सहित कई समस्याएं आई। कई समस्याओं का समाधान ऑन द स्पॉट किया गया। इससे पहले सभी अतिथियों ने पंचायत सचिवालय जाने वाले पहुंच पीसीसी पथ का शिलान्यास किया। मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष रवींद्र शुक्ला गुड्डू,अरविंद चौबे, डॉ नवीन चौबे,रवि शंकर चौबे,दीपक चौबे,योगेंद्र चौबे,इमामुल हक गुड्डू सहित कई लोग मौजूद थे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह-उपायुक्त का कार्यालय, चतरा
(नगरपालिका)
दुरभाष : 06541-223034(O), 253033(R), 252310(Fax), ई-मेल : dc-cha@nic.in

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–03नि0/न0–03/2019 रा0नि0आ0–2277, दिनांक– 30.09.2022 के द्वारा आगामी नगरपालिका आम चुनाव, 2023 के मतदाता सूची की तैयारी संबंधी निर्धारित कार्यक्रम में मतदाता सूची तैयार किया जाना है।

मतदाता सूची तैयारी संबंधी निर्धारित कार्यक्रम निम्नवत है:–

क्र0	मतदाता सूची की तैयारी का कार्यक्रम	समय सीमा
01	मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन	19.10.2022
02	दावा एवं आपत्ति प्राप्त करना	29.10.2022 तक
03	दावा एवं आपत्ति का निराकरण एवं मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन	04.11.2022 तक

प्रारूप मतदाता सूची विनिर्दिष्ट स्थानों (नगर परिषद् कार्यायल, सभी मतदान केन्द्र, वार्ड पार्षद कार्यालय) पर मतदाताओं के निरीक्षण हेतु लगातार दस दिनों तक (सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर) प्रातः 11:00 बजे से संध्या 5:00 बजे तक रखी जाएगी। यदि कोई व्यक्ति दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना चाहे तो उक्त स्थल पर प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक को प्रपत्र–'क' (परिशिष्ट–1) एवं प्रपत्र–'ख' (परिशिष्ट–2) में अपना दावा/आपत्ति लिख कर दें सकेंगे, जिसके लिए उसे संलग्न प्रपत्र में पावती रसीद दी जाएगी। परिशिष्ट–3 में प्रपत्र–'क' एवं प्रपत्र–'ख' में दिये गए दावा/आपत्ति की सुनवाई हेतु निर्धारित स्थान एवं तारीख की सूचना प्राप्ति की पावती रसीद आवेदक को दी जाएगी।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह–उपायुक्त, चतरा

PR 280549 Election (22-23)_D

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लाभुकों ने दिया आवेदन

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू जिला के हैदरनगर पश्चिमी पंचायत सचिवालय के प्रांगण में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक कमलेश कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार आपकी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंच रही है। उन्होंने बिजली विभाग के अभियंताओं की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई। कहा कि इस तरह की हरकत बर्दाश्त नहीं की जायेगी। शिविरो में पहुंच कर जनता की समस्या का निबटारा करें। उन्होंने बेहतर आयोजन के लिए पश्चिमी पंचायत की मुखिया शाहनाज प्रवीन, बीडीओ और सीओ को बधाई दी। विधायक ने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी जनता की समस्याओं का आगे भी पूरी तत्परता के साथ निदान करने का काम करेंगे। विधायक के अलावा विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, सज्जू खान, विमलेश सिंह, गुड्डू सिंह, मुखिया शाहनाज प्रवीन, संतोष कुमार सिंह, जेएमएम के केंद्रीय सदस्य बशिष्ठ कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह व अन्य कई विभागों के अधिकारियों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। विधायक ने जनता के बीच बैठकर उनकी समस्या क्रमवार सुनकर उनसे आवेदन लेने का कार्य किया। कार्यक्रम का आयोजन मुखिया शाहनाज प्रवीन ने किया। विधायक ने मैदान में लगे विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। इस कार्यक्रम में सर्वाधिक भीड़ शुरू से अंत तक वर्ग आठ से 12 तक की छात्राओं ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के काउंटर पर भीड़ देखी गई । इस योजना के संबध में बीडीओ ने विधायक को आठ हजार बच्चियों का पंजीकरण करने का लक्ष्य बताया है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन औसतन दो से ढाई सौ बच्चियों का पंजीकरण किया जा रहा है। विधायक ने बीडीओ को हरेक गांव तक जाकर बच्चियों को इस योजना से जोड़ने व शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया । इस दौरान मुखिया की ओर से चिन्हित कई गरीब असहाय लाभुकों के बीच विधायक कमलेश कुमार सिंह ने धोती, साड़ी, कंबल का वितरण किया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य, 20 सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह, ज्याउदीन खान, प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, मन्नान खान, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, सज्जू खान, विनय पासवान, जेएमएम के केंद्रीय सदस्य बशिष्ठ कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, रामप्रवेश सिंह,एनसीपी के मोहम्मदगंज अध्यक्ष गुड्डू सिंह, उप मुखिया बिगू खान, राजू खान, अशरफ हसन, संतोष राम, जिलानी अंसारी सहित कई प्रबुद्धजन शामिल थे।

अभिहित अधिकारी-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी का कार्यालय,चतरा
(खाद्य सुरक्षा शाखा)

प्रेस विज्ञप्ति

आगामी त्योहारों (दिपावली एवं छठ) के मद्देनजर सभी मिठाई विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि मिठाई में अरारोट/मैदा/सूजी एवं अन्य पदार्थो का मिश्रण नहीं करें। खास कर खोवा/मेवा में डालडा/रिफाइंड तेल, दूध पाउडर, स्टार्च, आटा का बिल्कुल भी प्रयोग नहीं करे।अक्सर यह देखा जाता है कि रंगीन/चमकीले मिठाईयों में अखाद्य रंगो जैसे कि गाय छाप/ कपड़े रंगने वाले रंगों का प्रयोग जानकारी के आभाव में सुदुरवर्ती गाँवों/कस्बों में किया जाता है, जिससे कि कर्करोग एवं अन्य रोगों के होने की संभावना बढ़ जाती है। कुछ मिठाई दुकानदारों द्वारा जानबूझकर भी ऐसा किया जाता है।

विभागीय आदेशानुसार सभी संबंधित खाद्य कारोबारकर्त्ता को अपने परिसर में Food Safety Display Board लगाना एवं 14 Digit का Fssai License/Registration No. अपने Cash Receipt/Purchase Invoice/Cash Memo/Bill इत्यादि पर अंकित/घोषणा करना तथा मिठाई कारोबार कर्त्ता को सभी तरह के मिठाई के ऊपर Manufacturing date, Best before date, MRP एवं मिठाई के नाम का टैग लगाना अनिवार्य है।

सभी विभागीय आदेशों का समुचित पालन करें। औचक निरीक्षण/जाँच के क्रम में में पकड़े जाने पर विधि–सम्मत् कार्रवाई की जायेगी।

साथ ही उपभोक्ताओं को भी सूचित किया जाता है कि बिना Fssai Label के खाद्य पद्वार्थो का उपयेग न करें एवं किसी भी तरह का Grievance होने पर अनुमण्डल स्थित खाद्य सुरक्षा शाखा में अपनी शिकायत दर्ज करें।

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी,
चतरा

अभिहित अधिकारी
–सह–
अनुमण्डल पदाधिकारी,चतरा

PR 280512 District(22-23).D

न्यूज गैलरी

एक सप्ताह से युवक लापता ,पुलिस कर रही है छान-बीन

मेदिनीनगर। नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम कठौतिया निवासी वृक्ष बैठा का पुत्र कपिल रजक 13 अक्टूबर दिन गुरुवार की शाम से लापता है। जानकारी के अनुसार कपिल रजक 13 अक्टूबर की शाम अपनी माँ से कुछ बात को लेकर झगड़ा कर अपने घर से निकला जो अभी तक वापस नहीं लौटा। उसके नहीं लौटने से घरवालों को किसी अनहोनी का डर सताने लगा है। परिजनों ने बताया कि गुम होने के बाद वह अपनी बहन से एक बार मोबाइल पर किया था। उसने अपनी बहन को बताया कि कुछ लोग हमें पकड़ रखे हुए हैं और हमें जाने नहीं दे रहे हैं। उसके बाद से परिजनों का कपिल से कोई बातचीत नहीं हुई है। थाना प्रभारी रंजीत यादव ने बताया कि युवक का लोकेशन देखा जा रहा है। पुलिस युवक की खोजबीन करने में जुट गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस जल्द ही युवक को सही सलामत उसके घर लायेगी। वहीं परिजनों ने पलामू एसपी चन्दन सिन्हा से गुहार लगया है कि जल्द से जल्द कपिल बैठा को घर वापस लाया जाये।

बाइक दुर्घटना में युवक घायल

मेदिनीनगर। छतरपुर थाना क्षेत्र के खाटीन ग्राम निवासी रुस्तम बाइक दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार रुस्तम अपने बाइक से छतरपुर बाजार से अपने घर जा रहा था। तभी रास्ते में मनदेया नदी के पास उसकी बाइक दुर्घटना ग्रस्त हो गयी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

विहंगम योग संस्थान ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

मेदिनीनगर। विहंगम योग संस्थान के संत प्रवर विज्ञानदेव जी महाराज के पावन जन्मोत्सव पर मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । यह जानकारी संस्थान के पलामू जिला संयोजक गिरिजा प्रसाद सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि तीन अक्टूबर को विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र के रेहला स्थित नर्सिंग कॉलेज में रक्तदान शिविर लगेगा। इसकी तैयारी जोरों पर चल रहा है। शिविर को लेकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक संख्या में लोग रक्तदान कर सकें।उन्होंने बताया कि 28 अक्तूबर को मेदिनीनगर स्थित मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर आयोजित किया जायेगा। इसकी तैयारी भी शुरू कर दिया गया है।

दैनिक भोगी मजदूर संघ के अध्यक्ष बने अर्जुन राम

मेदिनीनगर। भारत संचार निगम लिमिटेड दैनिक भोगी मजदूर संघ की बैठक पूर्व निर्धारित समय के अनुसार गुरुवार को की गई। बैठक में सर्वसम्मति से संगठन के पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष अर्जुन राम,उपाध्यक्ष विनोद राम,सचिव राजीव कुमार सिंह ,कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिन्हा ,सूचना पदाधिकारी मुकेश कुमार को बनाया गया। मौके पर बनारसी राम,जमीन्दार चौधरी,अनु राम ,देवंती देवी,लक्ष्मीनिया देवी ,सुभाष सिंह,कृष्णा नंदन,राजेश मेहता,श्रवण मेहता,पिंटू सिन्हा,केदार बैठा,उपेंद्र राम,राजमणि कुंवर शनिचरी देवी,बैजनाथ सिह, दिलीप सिंह ,तपेश्वर माझी इत्यादि शामिल थे।

अभाविप ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

मेदिनीनगर। अभाविप के द्वारा विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं को लेकर गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। जिसकी अध्यक्षता नगर मंत्री रामा शंकर पासवान एवं संचालन नगर सह मंत्री अभिषेक रवि ने किया। ज्ञापन में पांच विषय थी। जिसकी मांग की गयी है। जिसमें स्नातक सत्र 2022-25 में सभी विभागों के नामांकन की सीट में कम से कम 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाये। वैसे विद्यार्थी जो मेरिट सूची में नहीं आने के कारण नामांकन नहीं ले पाए हैं ,उनके लिए चांसलर पोर्टल को पुनः खोला जाये । सभी विभाग की कक्षाएं पूर्ण रूप से संचालित हो साथ हीं महाविद्यालय में विद्यार्थियों की 75 प्रतिशत उपस्थिति हो ये सुनिश्चित की जाये। सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारी महाविद्यालय ससमय पहुंचे। और महाविद्यालय की कक्षा एवं परिसर को नियमित साफ-सफाई किया जाये।मौके पर नगर सह मंत्री नीतीश दुबे ने कहा कि महाविद्यालय में शिक्षकों की घोर कमी है। शिक्षकों की कमी की वजह से कक्षाएं प्रतिदिन संचालित नहीं हो पाती। छात्रों के अनुपात में शिक्षक बहुत कम है,महाविद्यालय प्रशासन से परिषद के छात्रों ने उपरोक्त विषय को ध्यान में रहते हुए सात दिनों के अंदर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। मांगे पूरी नहीं होने की स्थिति में परिषद के कार्यकर्ता छात्र हित में कॉलेज प्रशासन के विरुद्ध आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगी। इसकी पूरी जबाबदेही महाविद्यालय प्रशासन की होगीं । इस अवसर पर मुख्य रूप से परिषद के टिएसविपी प्रमुख गोविंद मेहता,कौशल कुमार मिश्रा,राहुल कुमार चेरो,अभिषेक कुमार,आदित्य कुमार आदी कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

सरकार के तय सीमा के कारण नहीं बिक रहा है पटाखा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू में पटाखा का कारोबार करने वाले बहुत चिंतित है । क्योंकि इस बार दीवाली में पटाखे जलाने को लेकर सरकार के द्वारा केवल दो घंटे का ही समय निर्धारण किया गया है । जिसके कारण पटाखों की बिक्री कम हो रही है। स्थानीय शिवाजी मैदान में पिछले कई सालो से जिला प्रशासन के आदेश से लाइसेंस प्राप्त दुकानदार पटाखा का कारोबार कर रहे है। इस बार भी कई दुकाने लगाई गयी है। पटाखा का दुकान लगाने वाले गुड्डू ने बताया कि इस बार पिछले बार से भी कम बिक्री है। सारा पटाखा ज्यो का त्यों रखा हुआ है। ग्राहक भी कम आ रहे है। उन्होंने बताया की दीवाली के अवसर पर ही केवल पटाखों की बिक्री होती है। जिसका हम लोग साल भर इंतजार करते है। यदि दीवाली पर भी पटाखा नहीं बिकता है तो हम लोग को आर्थिक नुकसान हो जायेगा। वही दुकान लगाने वाले वाहिद ने बताया कि दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट के द्वारा पटाखा बेचने पर पाबन्दी लगाया गया है। जिसका असर यहां भी दिख रहा है। उन्होंने बताया कि अब पटाखा का बाजार पहलें कि तरह नहीं रहा। लोग भी पर्यावरण कें प्रति सचेत हो गए है । इसके बाबत दुकानों में बच्चे पटाखे बेचते नजर आये। प्रशासन के द्वारा सुरक्षा का भी इंतजाम करने को कहा गया है। दुकानदारों ने बताया कि दुकान में बालू और पानी का इंतजाम किया गया है। कही कही आग बुझाने वाले स्प्रे का भी इंतजाम किया गया है। दुकान लगाने वालें मो.हसन ने बताया कि वे पिछले 30 बर्षो से पटाखा का दुकान जय भवानी संघ के समीप दुकान लगाकर बेच रहे है । वही पर उनका घर भी है। पहले लोगो को मालूम था की पटाखा कहां बिकता है । लेकिन जब से प्रशासन का आदेश आया है की पटाखा अब केवल शिवाजी मैदान में ही बेचना है। तब से बिक्री मे कमी आई है। दुकान लगाने वालो में नेयाज, सलीम अहमद, सरवल आलम, इरशाद ,शहीद और अभिषेक मुख्य रूप से है। **चाइनीज पटाखे ने पकड़ी रफ्तारः**-जहां एक ओर पटाखे के बिक्री में कमी आई है । वही चाइनीज पटाखे ने बाजार में अपनी पकड़ बना ली है। शहर में चाइनीज पटाखे की डिमांड है। बच्चें और युवक ज्यादा चाइनीज पटाखे पर ही आकर्षित हो रहे है। चाइनीज पटाखे न तो जलती है और न ही पर्यावरण को दूषित करती है। जबकि बिजली और बैटरी से एक आवाज उत्पन्न करती है। जिससे पटाखे जलने की अनुभूति होती है।

निगम ने दो रंग कार्यक्रम का किया आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के तहत गुरुवार को स्थानीय हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में स्वच्छता के दो रंग विषय पर विद्यार्थियों को जानकारी दी गई । स्कूल के बच्चों को सूखा कचरा और गिला कचरा को अलग अलग कूड़ेदान में रखने के लिए बताया गया कि किस तरह हम सभी सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट कर कूड़े का निस्तारण कर अपने वातावरण को स्वच्छ रख सकते हैं। स्कूल प्रांगण में उपस्थित सभी बच्चों ने एक सुर में स्वच्छता संबंधित दिए गए निदेर्शों का बखूबी पालन करने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों में सोर्स से ग्रेगेशन को बढ़ावा देना है। नगर निगम ने इस कार्यक्रम के माध्यम से शहर वासियों को ये बताने का प्रयास किया कि सफाई एक ऐसी प्रक्रिया है। जो किसी एक संस्था या व्यक्ति विशेष से संभव नही है। बल्कि इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को इसके लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है,तभी एक स्वच्छ समाज की परिकल्पना की जा सकती है। मौके पर बीजू जोशेफ, प्रिंसिपल हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल, एवम मेदिनीनगर निगम की ओर से समिता भगत , नगर प्रबंधक, प्रदीप कुमार , नगर प्रबंधक, सोनी कुमारी ,एक्स निंदेशक साथ ही हेरिटेज स्कूल प्रबंधन के सदस्यगण मौजूद थे।

एनएसयूआई का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। एनएसयूआई पलामू के जिलाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी के नेतृत्व में गुरूवार को स्थानीय जीएलए कालेज के प्राचार्य कक्ष के समीप अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया गया। धरना को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि कॉलेज प्राचार्य को अभिलंब हटाया जाये । प्राचार्य होने के 5 साल बाद भी कॉलेज की स्थिति नहीं सुधर पाये । प्राचार्य के उदासीनता के कारण यूजीसी के द्वारा कालेज को ब्लैक लिस्टेड करने की बात कही है। महिला छात्रावास निर्माण अधूरा है, उसके बाद भी उनके द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही है। छात्रावास शुरू होने से छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में लाभ मिलता और कालेज परिसर स्थित छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर सकती। छात्रावास नहीं होने के कारण छात्राओं को किराए का कमरा लेकर रहना पड़ता है, जो प्राचार्य की नाकामी का सबूत है । कॉलेज में यूजी नामांकन में प्राचार्य की मनमानी के तहत सीटों को सीमित कर 200 सीट आर्ट्स ,वही साइंस में 100 सीट किया गया है । जो कि छात्रों के साथ बिल्कुल अन्याय है । जीएलए कॉलेज में सुदूरवर्ती इलाके के भी छात्र पढ़ना चाहते हैं । लेकिन प्राचार्य की मनमानी के कारण नामांकन नहीं हो पा रहा है। एनएसयूआई पलामू किसी भी कीमत पर प्राचार्य की मनमानी नहीं चलने देगी।

जारी रहेगा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन : जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश ने कहा कि पिछले सत्र 2021- 2024 में जितने सीटों पर नामांकन हुआ । इस सत्र 2022- 2025 में नामांकन नहीं हो रहा है। यह प्राचार्य की मनमानी है। जिसे एनएसयूआई पलामू किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी । नामांकन सीट बढ़ाना होगा । नामांकन सीट नहीं बढ़ने पर छात्र हित में आंदोलन जारी रहेगा। वही जिला महासचिव आशीष ठाकुर ने कहा कि कॉलेज में एमएड और लॉ की पढ़ाई शुरू होनी चाहिए। बीएड करने के बाद हजारों छात्र एमएड की पढ़ाई करना चाहते हैं । वही पलामू में एक भी सरकारी लॉ कालेज नहीं है ।जीएलए कॉलेज में इसकी पढ़ाई होनी चाहिए! एनएसयूआई कॉलेज अध्यक्ष सत्यप्रकाश ने कहा कि जीएलए कॉलेज में जेएन दीक्षित छात्रावास जर्जर स्थिति में है। प्राचार्य की लापरवाही के कारण छात्रावास का निर्माण नहीं हो पा रहा है । एनएसयूआई के सात सूत्री मांगों को प्राचार्य पूरी करें या अभिलंब इस्तीफा दे । वह अपनी जिम्मेवारी नहीं निभा पा रहे हैं । दिवाली और छठ पूजा छुट्टी के बाद प्राचार्य के खिलाफ अनशन किया जायेगा। मौके पर मुख्य रुप से अभिनव तिवारी, टिंकू आनंद, आनंद उरांव, सहदेव सिंह ,उदय मींज, चंदन कुमार, दीपक लकड़ा, अभिषेक ठाकुर, करण कुमार, सोनी गुप्ता, खुशी कुमारी, प्रिया कुमारी, निशा कुमारी सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

स्वच्छता अभियान का पोल खोलता महिला महाविद्यालय

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। एक और जहां पूरे देश में देश के प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत मिशन के तहत भारत को स्वच्छ बनाने में लगे हैं। वही प्रमंडल मुख्यालय में स्थित एकमात्र महिला महाविद्यालय योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय स्वच्छता अभियान का पोल खोल रहा है। महाविद्यालय परिसर में बड़े बड़े घास झाड़ी व गंदगी के अंबार लगे हैं । इससे महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्राओं को विषैले जीव जंतु को काटने का खतरा हमेशा बना रहता है । साथ ही मच्छर के प्रकोप से बर्ग कक्ष में बैठकर पढ़ना मुश्किल है । विदित हो कि गन्दगी की ओर ना तो अभी तक महाविद्यालय के पप्रचार्या का ध्यान गया है और न ही अध्यापक गण का ध्यान गया है। और ना ही कोई अधिकारी अभी तक इस ओर ध्यान आकृष्ट किए हैं। नाम नहीं छापने की शर्त पर स्कूली छात्रा ने बताया कि अगर कोई अधिकारी महाविद्यालय में आ जाए तो महाविद्यालय के स्वच्छता का पोल खुल जायेगा। महाविद्यालय की छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई कराने की मांग उपायुक्त पलामू से की है। साथ ही महाविद्यालय में व्याप्त समस्या का निराकरण कराने की मांग की है। ताकि छात्राओं को अध्यापण करने में सहूलियत हो सके।

शिविरों में आने वाले आवेदनों को पूरी गंभीरता से लें अधिकारी : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने गुरुवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में जिले के सभी पदाधिकारियों के साथ आपकी योजना ,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कम डिस्पोजल वाले प्रखंडों के वरीय पदाधिकारियों से कम निष्पादन के कारणों से अवगत हुए। इस पर उपायुक्त ने प्रखंडों के वरीय पदाधिकारियों से अधिकाधिक निष्पादन करने पर बल दिया। उन्होंने पाटन, नावाबाजार, चैनपुर व मोहम्मदगंज के नोडल पदाधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उपायुक्त ने कहा कि शिविर में कितने लोग लाभान्वित हुए है । इसका विभाग वार अपडेटेड आंकड़ा रखने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने 15वें वित्त आयोग के तहत नयी योजनाओं के शिलान्यास पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आमजनों को सरकार की सभी फ्लैगशिप योजनाओं का अधिकाधिक लाभ मिले । इसका विशेष ध्यान रखें। आपकी योजना,आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत पंचायतों में आयोजित हुए शिविरों में आने वाले सभी लोगों के मामलों को पूरी गंभीरता से लें एवं यथासंभव ऑन द स्पॉट निष्पादन सुनिश्चित करें। मौके पर उपायुक्त के अलावे उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज, सहायक समाहर्ता श्रीकांत विसपुते, नगर आयुक्त समीरा एस, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह,तीनों एसडीओ समेत जिला स्तरीय अधिकांश पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पलामू में वाहन चेकिंग अभियान से लोगों को हो रही है परेशानी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश के बाद दो दिन से पूरे पलामू जिले में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में शहर थाना गेट के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान दर्जनों दो पहिया वाहन को पकड़कर उसे डीटीओ के पास चालान के लिए भेजा गया। वही दुसरी और गुरुवार को छह मुहान चौक के पास ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के द्वारा सभी दो पहिया चार पहिया वाहनों को रोककर उसकी तलाशी ली गई और गाड़ी के कागजात की जांच की गई। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान जिनके वाहन का कागजात सही नहीं पाया गया, उनके वाहन को चालान के लिए डीटीओ के पास भेज दिया गया। इसी क्रम में शहर के गिरवर स्कूल के पास टीओपी वन प्रभारी रेवा शंकर राणा के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सभी दो पहिया चार पहिया वाहनों को रोककर उसकी तलाशी ली गई। जिन वाहनों के कागजात सही नहीं पाए गए उन्हें फाइन के लिए डीटीओ के पास भेजा गया । शहर में हर तरफ वाहन चेकिंग अभियान से लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। गुरुवार को डीटीओ ऑफिस में गाड़ी का चालान काटवाने के लिए सैकड़ों लोगों की भीड़ लगी हुई थी। चालान कटवाने आए लोगों का कहना था कि पर्व त्योहार में पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाने से लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वही वाहन चालकों ने बताया कि अभी लोग त्योहार में सामान खरीदने के लिए बाजार पहुंच रहे है। उसी समय उनका वाहन पुलिस के द्वारा पकड़ लिया जा रहा है । जिससे वह सामान लेकर इधर-उधर सड़क पर मंडरा रहं नजर आ रहे हैं। चालान कटवाने में उन्हें दिन भर का समय लग जा रहा है। वैसे भी झारखंड सरकार ने पलामू को अकाल क्षेत्र घोषित कर दिया है। पलामू में अकाल पड़ने की वजह से लोग किसी तरह पैसा इकट्ठा कर पर्व का सामान खरीदने बाजार आ रहे हैं। इस बीच जब उनका वाहन पुलिस के द्वारा पकड़ा जा रहा है ,तो लोगों का पैसा चालान कटवाने में ही खर्च हो रही है। जिसके वजह से वाहन चालक बाजार में खरीदारी करने को भी विवश है।

न्यूज गैलरी

सिंहपुर गांव में ग्राम सभा का किया गया आयोजन

श्री बंशीधर नगर। प्रखण्ड के सिंहपुर ग्राम स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय परिसर में गुरुवार को पंचायत के मुखिया मनोज ठाकुर की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया .ग्राम सभा को संबोधित करते हुए मुखिया मनोज ठाकुर ने उपस्थित ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दिया .उन्होंने कहा कि इस ग्राम सभा मे जनहित की योजनाओं का चयन किया जाना है .आप सभी लोग आवश्यक योजनाओं का चयन कर ग्राम सभा पंजी में दर्ज करावें .ग्रामीणों द्वारा कई योजनाओं का चयन किया गया .ग्रामसभा में ग्राम रोजगार सेवक आलोक कुमार,मनोज बैठा,पंचायत समिति सदस्य,मुंद्रिका पासवान,नाथू राम,सरयू राम,नंदू राम,संजय चौधरी,शिवजन्म राम,मूंगा महतो,बिरेन्द्र राम,राकेश कुमार,नरेंद्र ठाकुर,प्रतिमा देवी,गीता देवी,रानी चंचला देवी,प्रेमशीला देवी,फूला देवी,अमरावती देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

सांप के काटने से 55 वर्षीय गद्दु यादव की इलाज के लिए ले जाने के क्रम में मौत

धुरकी। थाना क्षेत्र के धोबनी गांव मे एक ग्रामीण की मौत कोबरा स्नेक के काटने से 55 वर्षीय गद्दु यादव की मौत इलाज के लिए ले जाने के क्रम मे हो गई। मृतक ग्रामीण के संबंध मे भापजा मंडल महामंत्री मंगल यादव झामुमो के शैलेश यादव ने गुरूवार को बताया की बुधवार की मध्य रात्रि मे वह अपने खेत स्थित मिट्टी के घर मे गत बुधवार की रात्रि मे चारपाई मे मच्छरदानी लगाकर रोजाना दिनचर्या की तरह सोए हुए थे इसी दौरान सबसे जहरीले कोबरा सांप ने 55 वर्षीय गद्दु यादव के पैर मे काट दिया। इस दौरान गहरे नींद से उठकर गद्दु यादव इधर-उधर देखा और फिर सोने लगे इतने मे कोबरा सांप के बाइट करने के बाद थोड़ी ही देर मे कोबरा सांप का वेनेमस उनके शरीर मे असर करने लगा और घबरा गए। इसके बाद चारपाई से उठे तो उनकी नजर सांप पर पड़ी और घर मे परिजनो को बताया। वहीं परिजन अफरा-तफरी मे भागमभाग उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाने लगे तबतक बहुत देर हो चुकी थी, सदर अस्पताल पहुंचने से पहले गद्दु यादव ने रास्तें मे ही अंतीम सांस लेने के बाद दम तोड़ दिया और उनकी मौत हो गई। शैलेश और मंगल ने बताया की गद्दु यादव अत्यंत ही गरीब व्यक्ति थे और बहुत ही मेहनतकश और अच्छे विचार के थे, उनकी मौत होने पर घर मे परिजन फुट-फुटकर रोने और चीखने से पुरे गांव मे मातम छा गया है। इधर पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा करने के बाद अंत्यपरीक्षण करने के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया है।

कार्यपालक पदाधिकारी ने व्यवसायियों के साथ की बैठक

मंझिआंव/गढ़वा। नगर पंचायत कार्यालय सभागार में एक बैठक आयोजित किया गया जिसमें नगर पंचायत क्षेत्र के सभी ब्यवसायियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सुश्री निकिता बाला ने किया।बैठक में स्वच्छता, अतिक्रमण, जाम एवं कई निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। वहीं कार्यपालक पदाधिकारी ने कही की नगर पंचायत क्षेत्र के स्वच्छ बनाने हेतु हम सब की जिम्मेवारी बनती है। हम सब नगर पंचायत को स्वच्छ बनाने हेतु कदम से कदम मिलाकर चलने की जरूरत है।वहीं मुख्य बाजार में आए दिन जाम लग जाती है। इस पर भी लोगो से बिचार विमर्श किया। वहीं उन्होंने कहि की सड़क के किनारे ब्यवसायियों के द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है।उन्होंने बैसे लोगो को भी अपील की है कि अतिक्रमण ना करे ताकि वाहनों को आवागमन में परेशानी हो।

चिनियां मुखिया के पति अयूब अंसारी को अपराधियों ने गोली मारकर की हत्या

चिनियां। चिनियां मुखिया जेहरा बीवी के पति अयूब मंसूरी को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना चिनिया मुख्यालय स्थित नया मस्जिद के समीप की है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गांव में ही भ्रमण के लिए निकले थे उसी दौरान उक्त घटना हुई है। अपराधियों ने वहां पहुंचकर उनके ऊपर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। जिसमें एक गोली गर्दन में लगी है घटना के बाद परिजनों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया घटना की सूचना मिलने पर सदर अस्पताल पर भीड़ बढ़ गई। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

दुर्घटना में दो युवक घायल

गढ़वा। एनएच 343 गढ़वा-अंबिकापुर मार्ग पर रंका थाना क्षेत्र के भदुआ घाटी में गुरुवार को मालवाहक ट्रक व मोटरसाइकिल की टक्कर में मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों में पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के चांपी खुर्द गांव निवासी अब्दुल हफीज के पुत्र कलाम अंसारी व कामिस अंसारी के पुत्र जमशेद अंसारी शामिल हैं। दोनों घायलों को रंका सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल लाया गया था। सदर अस्पताल के चिकित्सक ने दोनों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स, रांची के लिए रेफर कर दिया।

कल्याणपुर पंचायत में शिविर का आयोजन, उपायुक्त ने ग्रामीणों को योजनाओं की दी जानकारी, कहा

लोगों को सरकारी योजनाओं से किया जा रहा आच्छादित

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार₹ के प्रथम चरण के तहत गढ़वा प्रखंड के कल्याणपुर पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में कार्यक्रम की शुरूआत कृपानंद झा महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड -सह- नोडल पलामू एवं गढ़वा उपायुक्त रमेश घोलप, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमुद झा एवं पंचायत की मुखिया आदि ने सामूहिक रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। सर्वप्रथम प्रखंड विकास पदाधिकारी गढ़वा श्री झा ने मंचासीन सभी पदाधिकारियों एवं शिविर में आए सभी ग्रामीण जनता का शिविर में आने हेतु आभार व्यक्त किया गया तथा सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए योजनाओं से लाभान्वित होने हेतु आवेदन जमा करने की अपील की। उप विकास आयुक्त श्री राय ने मंच से ग्रामीण जनता को संबोधित करते हुए सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान सरकार आपके द्वार के तहत लाभ लेने की बात कही।

उपायुक्त रमेश घोलप ने सरकार आपके द्वार के कार्यक्रम की महता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देश के आलोक में प्रशासन विभिन्न प्रखंडों/पंचायतों/ग्रामों में जा-जाकर लोगों को योजनाओं से आच्छादित करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यूं तो प्रखंड या जिला स्तर पर सारे कार्यालय कार्य दिवस के दिन खुले रहते हैं जहां जाकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन कर सकते हैं अथवा अपनी-अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन दे सकते हैं, परंतु आपकी समस्याओं के निराकरण एवं सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विशेष रूप से सरकार आपके द्वार जैसे महत्वकांक्षी कार्यक्रमों का आयोजन कर क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त श्री घोलप ने

शिविर में आए लोगों को अपने आवश्यकता अनुसार योजनाओं का चयन कर लाभ लेने हेतु लोगो को आवेदन संबंधित स्टॉल पर जमा करने को कहा।

सचिव, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग श्री झा के द्वारा कार्यक्रम में आए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के अंतर्गत आवेदकों द्वारा किए गए आवेदन को लगभग 99% तक निष्पादित किया गया है। उन्होंने मौके पर ही साबित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत लाभ पाने वाले छात्राओं से योजना के तहत मिलने वाले राशि का सदुपयोग करते हुए आगे की पढ़ाई जारी रखने की बात कही।

विभिन्न योजनाओं के तहत प्रमाण पत्र एवं संपत्तियों का वितरण

कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के तहत सांस्कृतिक रूप से कुछ लोगों को प्रमाण पत्र एवं संपत्तियों का वितरण किया गया। फूलो झानो आशीर्वाद योजना के तहत संजू देवी को 30 हजार का चेक प्रदान किया गया। सामुदायिक निवेश निधि के तहत सुप्रिया देवी को 1.5 लाख रुपए के चेक प्रदान किए गए। कैश क्रेडिट लिंकेज के तहत पुष्पा देवी को 13 लाख रुपए के चेक प्रदान किए गए एवं शोभा देवी को चक्रीय निधि के तहत साडे 4.5 लाख रुपये के चेक प्रदान किए गए। रौशन खातून, रंभा देवी व रीना देवी के बीच हरा राशन कार्ड का वितरण किया गया। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की तरफ से यूनुस अंसारी को ई-श्रम कार्ड प्रदान किया गया। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत विनोद विश्वकर्मा को सेफ्टी किट सहायता योजना के तहत जूता और हेलमेट, डीबीटी के माध्यम से 1000 निबंधित श्रमिक के खाते में हस्तांतरित की गई। असीम अंसारी, चानो उरईन, जनिब खान, जमीला बीबी, लायची देवी व अन्य कुल 10 लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। गर्भवती महिलाएं प्रियंका कुमारी, सोनी कुमारी, प्रतिमा देवी, निशा कुमारी व अन्य कुल 7 लोगो की गोद भराई का रस्म पूरा किया गया। कुल 36 छात्राओं को सांकेतिक रूप से सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत लाभान्वित किया गया। इसके अतिरिक्त आय, जाति, निवास व अन्य प्रकार के प्रमाण पत्रों को निर्गत हेतु, स्वास्थ्य एवम पोषण, वन विभाग, बैंक, शिक्षा विभाग, पंचायती राज, विद्युत विभाग, ई-श्रम, भूमि सुधार, एस बी एम व अन्य मामले से संबंधित आदि के भी स्टॉल लगाया गया था एवं हेल्पडेस्क की व्यवस्था की गई थी। आयोजित किये गये शिविर में कुल 1457 आवेदन हुए। प्राप्त आवेदनों के निष्पादन हेतु पोर्टल पर अपलोड किया गया।

दिसम्बर माह में जिला सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा:गोरखनाथ

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। स्थानीय जलक्रांति भवन में गुरुवार को झारखण्ड कुर्मी महासभा के बैनर तले कुर्मी परिवार की बैठक राम विष्णु चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुईबैठक को संबोधित करते हुये कुर्मी महासभा के जिला संयोजक गोरखनाथ चौधरी ने समाज के लोगो से अपने परिवार के बच्चों को शिक्षित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना किसी भी समाज का सामाजिक-आर्थिक विकास सम्भव नही है। उन्होंने कहा कि समाज के लोगो को जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दिसम्बर माह में जिला सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। सम्मेलन में उत्तरप्रदेश, बिहार व झारखण्ड के मंत्री,सांसद भाग लेंगे। ईश्वरी चौधरी ने कहा कि राजनीति के क्षेत्र में हमारा समाज काफी पीछे है। हम सबो को संगठित होकर समाज को जागरूक करने की जरूरत है तभी हमारा समाज राजनीति के क्षेत्र में अपना स्थान बना पायेगा.शिक्षा के बल पर ही हमारे समाज को राजनीति में भागीदारी मिल सकता है। बैठक में सर्वसम्मति से झारखंड कुर्मी महासभा के 31 सदस्यीय प्रखण्ड कमिटी का गठन किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से सत्येन्द्र चौधरी को अध्यक्ष, प्रदीप कुमार पटेल को सचिव,राजन पटेल को उपाध्यक्ष, मुकेश कुमार पटेल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। कुर्मी महासभा के लिए राम विशुन चौधरी,रामकेश चौधरी, ईश्वरी चौधरी, अनिल प्रसाद,राजाराम चौधरी व देवराज चौधरी को संरक्षक बनाया गया। बैठक में मनोज चौधरी,अंतु पटेल, राजेश्वर पटेल, सुनील पटेल, संजय चौधरी, देवराज चौधरी,विनोद कुमार चौधरी, मणिलाल चौधरी,कमला चौधरी, राजेन्द्र चौधरी,नितेश पटेल सहित बड़ी संख्या में कुर्मी परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

चिनियां पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित, बोले मुखिया प्रतिनिधि

अपने हक और अधिकारों को समझे ग्रामीण

नवीन मेल संवाददाता

चिनियां। चिनियां पंचायत में झारखंड सरकार द्वारा संचालित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत पंचायत के मुखिया जाहेरा बीबी बिडियो कालिदास मुन्डा, जेएमएम कार्यकारिणी सदस्य सह मुखिया प्रतिनिधि अयूब मंसूरी प्रखंड प्रमुख सुनैना देवी, जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम के दौरान बीडीओ कालिदास मुंडा ने कहा कि सरकार सरकार द्वारा प्रखंड के सभी पंचायतों में उक्त कार्यक्रम आयोजित की गई है। जिससे की अंतिम व्यक्ति तक इसका लाभ

मिल सके। वहीं चिनिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शह जेएमएम कार्यकारिणी सदस्य अयूब मंसूरी ने कहा कि सरकार का यह लक्ष्य है कि कोई भी व्यक्ति विकास योजनाओं से वंचित ना रह सके । तथा अपने हक और अधिकार को समझे सभी ग्रामीण अपनी अपनी समस्याओं को आवेदन दें तथा उसका लाभ लें । मौके पर प्रधानमंत्री आवास, कल्याण विभाग, विद्युत एवं ऊर्जा विभाग, समाज कल्याण सावित्रीबाई फूले योजना, जेएसएलपीएस,पशुपालन विभाग, 15वें वित्त, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, राशन संबंधी,पेंशन,आधार कार्ड, स्वास्थ्य विभाग, सहित अन्य सभी विभागों के लिए अलग-अलग स्टॉल बनाए गए थे तथा ग्रामीण अलग-अलग स्टोलों में अलग-अलग विभागों को समस्याओं को आवेदन दे रहे थे । कार्यक्रम में हजारों लोगों की भीड़ देखी गई मौके पर जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह प्रमुख सुनैना देवी वीडियो कालिदास मुंडा, पंचायत के मुखिया जाहेरा बीबी, जेई अनिकेश कुमार, सुकेश कुमार, पंचायत सेवक रामनाथ सिंह, रोजगार सेवक कृष्णा शर्मा सहित हजारों ग्रामीण उपस्थित थे

सूर्य नारायण वन छठ घाट का पुलिस इंस्पेक्टर ने किया निरीक्षण

24 घंटे के अंदर अतिक्रमण हटाने के दिये निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

केतार। केतार प्रखंड क्षेत्र के मुकुन्दपुर गांव स्थित पहाड़ी की तलहटी में बसे सूर्य नारायण वन छठ घाट का पुलिस इंस्पेक्टर चन्दन कुमार सिंह और थाना प्रभारी संतोष कुमार ने निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने जलकुंड, स्नान के लिए झारना, पार्किंग, मेला व्यवस्था सहित अन्य विधी व्यवस्था और छठ पुजा की तैयारियों का जायजा लिया। इसके पश्चात पुलिस इंस्पेक्टर चन्दन सिंह ने सूर्य मंदिर में पुजा अर्चना कर क्षेत्र में अमन चैन सुख शांति के लिए कामना किया। इस अवसर पर पुलिस इंस्पेक्टर चन्दन सिंह ने कहा की सूर्य नारायण वन की ख्याति दुर दुर तक फैलीं है। भवनाथपुर में पदस्थापना के बाद से ही सूर्य नारायण वन मंदिर आने की इच्छा थी जो आज पुर्ण हुई। उन्होंने कहा की छठ पर्व के दिन यहां पर छठ व्रतियों की सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद

रहेगी। छठ पूजा और मेला में पुरूष और महिला पुलिस तैनात रहेगी। उन्होंने छठ पूजा के दिन महिला छठ व्रतियों के स्नान के लिए अलग झारना और कपड़ा बदलने के लिए टेंट लगवाने को कहा। पुलिस इंस्पेक्टर ने सूर्य नारायण वन मंदिर परिसर की साफ सफाई की प्रशंसा की। उसके बाद सूर्य नारायण वन से मुकुंदपुर गांव तक पैदल मार्च कर ग्रामीणों को सड़क किनारे से चौबीस घंटे के भीतर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया।गौरतलब है कि सूर्य नारायण वन छठ घाट पर छठ करने के लिए लगभग 50-60 हजार छठ व्रती आते हैं। वहीं छठ के अवसर पर तीन दिवसीय मेला भी लगता है।इस मौके पर एस आई अभिमन्यु सिंह, मंदिर कमिटी के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, हीरामन साह, रविकांत चंद्रवंशी,शिव भरोष सिंह , उमेश साह, धनंजय तिवारी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

आदिम जनजाति के लोगों से बीडीओ ने योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की

नवीन मेल संवाददाता

धुरकी। प्रखंड के गनियारी कला पंचायत के दुर्गा मंडप स्थान में धुरकी बीडीओ पहुंच कर वहां के आदिम जनजाति व आदिवसी एंवम अति पिछड़ी परिवारों को जागरूक करते हुए कहा कि सरकार के सभी योजनाओं का लाभ लें एंव कल्याण विभाग के सभी योजनाओं का कैसे लाभ लें इस बारें में बीडीओ विस्तृत रूप से जानकारी दिये।

उन्होंनें कहा कि आप सभी तक योजनाओं का पहुंचाना हमारी पहली प्राथमिकता है। धुरकी प्रखंड एक-एक जनसमस्या को दूर करने का भरपूर प्रयास करूंगा। मौके पर सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष व भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने कहा कि धुरकी प्रखंड के एक-एक जनसमस्याओं को हमलोग

पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि के माध्यम से दूर करनें का भरपूर प्रयास कर रहें हैं।

मौके पर धुरकी सर्व आदिवासी के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, सचिव सुनिल कोरवा जी, उपमुखिया प्रतिनिधि तौसिफ अंसारी, पुर्व मुखिया कामेश्वर सिंह, लक्ष्मण सिंह, वार्ड सदस्य बैजनाथ कोरवा, मनोज सिंह, बब्लू राम, बसंती देवी, अरूण सिंह, संतोष लोहरा, संतोष सोनी, उमेश यादव, असगर अंसारी के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

महबुवांग पुलिस ने चलाया देसी शराब के विरुद्ध अभियान

बानो। महबुवांग क्षेत्र में दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए एसपी सौरभ कुमार के निर्देश पर महबुवांग पुलिस के द्वारा देसी शराब के विरुद्ध क्षेत्र में अभियान चलाकर देसी शराब के कारोबारियों के यहां तोड़फोड़ करते हुए सभी सामानों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। बताया गया कि थाना क्षेत्र के रब्बा ई गांव में लगातार देसी शराब का कारोबार फल-फूल रहा था और इसकी सूचना ओपी प्रभारी को मिली इसके बाद तत्काल दल बल के साथ पहुंचकर 40 किलो से अधिक जावा महुआ को नष्ट कर दिया और साथ ही चेतावनी दी गई है कि दोबारा अगर देसी शराब का कारोबार करते हुए पकड़े जाएंगे तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी । उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी हाल में अवैध शराब के कारोबार को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा।

भवनाथपुर पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन, बोले अनुमंडल पदाधिकारी

शिविर के माध्यम से योजनाओं का लाभ उठाएं

नवीन मेल संवाददाता

भवनाथपुर। प्रखंड क्षेत्र के भवनाथपुर पंचायत के टेन प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में गुरुवार को सरकार की महत्वकांक्षी कार्यक्रम आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन श्री बंशीधर अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार, प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, बीडीओ जयपाल महतो, सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव, जिला परिषद सदस्य रजनी शर्मा, मुखिया बेबी देवी, चिकित्सा प्रभारी दिनेश सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष इंद्रदेव बैठा, सांसद प्रतिनिधि इंद्रदेव प्रसाद यादव एवं झामुमो प्रखंड अध्यक्ष चंदन ठाकुर के ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान विभिन्न विभाग के स्टाल लगाये गये। जिसमें लाभुकों ने जरूरत के हिसाब से संबंधित

स्टोलों में जाकर अपना आवेदन जमा किया।

कार्यक्रम में डीसी रमेश घोपल के नहीं पहुंचने पर मायूस दिखे ग्रामीण

भवनाथपुर पंचायत के बस्ती निवासी धीरेंद्र कुमार सिंह ने मायूस होते कहा की मैंने पंचायत भवन वर्ष 2017से 2020तक बनवा। जिसका 3 लाख 35 हजार बिल बकाया है। मैंने डीडीसी को भी बकाया बिल भुगतान करने के लिए लिखा लेकिन आज तक मेरा बकाया भुगतान नहीं मिल पाया। आज मैं जनता दरबार में आवेदन लेकर आया तो पता चला की उपायुक्त कार्यक्रम में नहीं आ रहे है । बाला यादव, संजय राम, प्रमोद यादव, जय कुमार यादव, दीपक यादव सहित कई ग्रामीण उपायुक्त को आवेदन देने पहुंचे थे परंतु कार्यक्रम में उपायुक्त नहीं पहुंचने पर मायूस हो गए।

लोगों से आयोजित शिविर का लाभ उठाने की अपील

मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार ने कहा किअपने पंचायत में आयोजित शिविर का लाभ उठाएं। सरकार आपके द्वार आपको लाभ देने पहुंची है। कहा कि सरकार द्वारा बहुत सारी योजनाएं चलाई जाती है लेकिन जानकारी के अभाव में योजनाओं का लाभ ग्रामीण नहीं ले पाते हैं। इसलिए वे अधिक से अधिक संख्या में आकर शिविर का लाभ लें । अभियान की पूर्ण सफलता तभी है जब अधिक से अधिक नागरिक इससे लाभान्वित हों। अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार द्वारा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 5 बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र, ग्रीन कार्ड के 5 लाभुकों को स्वीकृति प्रमाण पत्र,सर्वजन पेंशन योजना के तहत 5लाभुकों को स्वीकृति पत्र, श्रम कार्ड 10लोगों को, कुटीर उद्योग विभाग से शुभम कुमार सोनी को 7 लाख का चेक, वहीं जेएसएलपीएस के सखी मंडल की महिलाओं को रोजगार के लिए 10लाख का चेक दिया ' कार्यक्रम का संचालन रोजगार सेवक तो तहमिद अंसारी एवं जयराम पासवान ने किया ' इस मौके पर बीपीओ दयानंद प्रजापति, पंचायत सेवक विष्णु प्रसाद, अजीत सिंह, सतीश सिंह, भुनेश्वर प्रसाद सिंह, बीपीएम नीरज कुमार, श्रम मित्र नागेंद्र शर्मा, सिराज अहमद, रवि कुमार, पंकज कुमार, धर्मेंद्र कुमार, गणपत राम, चंदन कुमार, विष्णु कच्छप सहित कई लोग उपस्थित थे।

नाबालिग लड़की के अपहरण मामले में आरोपी युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

नवीन मेल संवाददाता

चिनियां। थाना क्षेत्र के खुरी पंचायत के नक्सीली गांव से नाबालिग के अपहरण के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है । मामले में चिनिया थाना प्रभारी वीरेंद्र हासदा ने बताया कि पीड़िता के पिता के द्वारा लिखित आवेदन देकर अपहरण करने की मामला दर्ज कराया गया था । जिसके आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को खुरी गांव से बुधवार को गिरफ्तार किया गया । पिडिता काके नदी के पास अपने खेत में तील के फसल काट रही थी तभी उसी वक्त छत्तीसगढ़ राज्य के रामचंद्रपुर थाना क्षेत्र के छतरपुर गांव निवासी याकूफ खान पिता साबिर खान ने जबरन बाइक में बैठा कर अपहरण कर भाग रहा था । घटना बुधवार की लगभग एक बजे की है तभी खुरी गांव के ग्रामीणों ने आरोपी को धर दबोचा जीसकी जानकारी चिनिया थाना को दी गई । जानकारी मिलते ही चिनिया पुलिस ने दल बल के साथ खुरी गांव पहुंचकर मौके से आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

बताते चलें कि नाबालिक लड़की छत्तीसगढ़ में अपने नानी के घर रहकर पढ़ाई करती थी तथा आरोपी उसी थाना क्षेत्र का है लड़की का कहना है कि आरोपी जबरन धमकी देकर गाड़ी में बैठा कर मुझे लेकर भाग रहा था जिसमे मेरा भाई देव नारायण सिंह ने बाइक से पीछा कर खुरी गांव पहुंचते ही पकड़ा तथा ग्रामीणों की इसकी जानकारी दी गई । मौके पर असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर दयानंद कुमार सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

न्यूज गैलरी

राकेश गंझू को 24 घंटे के अंदर न्यायालय में पेश करने की मांग

लातेहार। प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमिटी (टीएसपीसी) के प्लाटून कमांडर अजय जी ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी किया है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा हैं कि विगत 15 अक्टूबर को झारखंड पुलिस द्वारा चंदवा थाना क्षेत्र के चंदवा- चतरा एनएच 99 पर दामोदर घाटी में एक घर से टीएसपीसी के पांच लाख के इनामी उग्रवादी राकेश गंझू उर्फ विराज जी को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा काफी टॉर्चर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 24 घंटा के अंदर पुलिस के द्वारा राकेश गंझू उर्फ विराज जी को न्यायालय में पेश नहीं किया तो टीएसपीसी संगठन बाध्य होकर झारखंड बंद का आवाह्न किया जाएगा।

दिवंगत पारा टीचर के ब्रह्मभोज में शामिल हुए शिक्षक, दी आर्थिक मदद

बरवाडीह। प्रखंड के पारा शिक्षक संघ के अध्यक्ष के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधिमंडल छिपादोहर के दिवंगत पारा टीचर प्रदीप प्रसाद के निधन के उपरांत छिपादोहर में उसके आवास में आयोजित ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल होकर आर्थिक सहयोग प्रदान किया। जानकारी के अनुसार प्रखंड के छिपादोहर के पारा टीचर प्रदीप प्रसाद का बीते दिनों नहाने के क्रम में डैम में डूबने से मौत हो गई थी। मौत के पश्चात बुधवार को छिपादोहर स्थिति कीआवास में आयोजित ब्रह्मभोज कार्यक्रम में सहयोग शिक्षक के अध्यक्ष विजय यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल उनके आवास पहुंचकर मृतक प्रदीप प्रसाद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों से मुलाकात कर 41000 का आर्थिक सहयोग प्रदान किया। प्रखंड अध्यक्ष विजय यादव के नेतृत्व मे दिवंगत शिक्षक के पत्नी एवं पिता दामोदर साव को 41000 रुपए संघ के द्वारा आर्थिक मदद की। उनको परिवार को 500000 रुपए मुआवजा एवं अनुकंपा में नौकरी मिलना चाहिए। मौके पर पूर्व अध्यक्ष मनोज सहाय, गुलाम अनवर आदि मौजूद थे।

अलौदीया में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए डीसी, कहा

शिविर का लाभ उठाकर स्वावलंबी बने ग्रामीण

नवीन मेल संवाददाता

चंदवा। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होने लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव गुरुवार को चंदवा प्रखंड के अलौदीया पंचायत पहुंचे।अलौदीया पंचायत पहुंचने पर स्थानीय लोगों के द्वारा उपायुक्त महोदय का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया।कार्यक्रम का उद्घघाटन उपायुक्त भोर सिंह यादव, उप प्रमुख अश्विनी मिश्र, बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझु,बीडीओ विजय कुमार,मुखिया फुलजेंसिया टोप्पो, झामुमो प्रखंड सचिव मो इजहार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उपायुक्त श्री यादव ने कहा कि शिविर का लाभ उठाकर स्वावलंबी बने ग्रामीण राज्य सरकार कई जन कल्याणकारी योजनाएं चला रही है जिसका लाभ

उठाकर ग्रामीण अपने जीवन स्तर में सुधार ला सकते है सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी उपायुक्त महोदय उपस्थित ग्रामीणों को विस्तार से दी।मुख्यमंत्री बालिका समृद्धि योजना,मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना,आवास योजना आदि योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिले इसके लिए प्रशासन कटिबद्ध है।ग्रामीणों को अब ऑफिस के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है अधिकारी आपके गांव गांव जाकर ऑन स्पॉट आपको लाभान्वित करने का कार्य कर रही है। शिविर में प्राप्त कई आवेदनो का निष्पादन करते हुए उपायुक्त के हाथों स्वीकृति पत्र का भी वितरण किया गया। मौके पर बीपीओ रतन कुमारी शाहदेव, कुशध्वज कुमार प्रखंड कर्मियों समेत ग्रामीण मौजूद थे।

शिविर में फैली अव्यवस्था से नाराज दिखे डीसी

उपायुक्त के कार्यक्रम में आने की सूचना के बावजूद प्रखंड प्रशासन के द्वारा छोटे से भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था भीड़ ज्यादा होने के कारण चारो तरफ अव्यवस्था का आलम था। भवन में लोगो के खड़े होने की भी जगह नहीं थी। जैसे तैसे कार्यक्रम को पूरा किया गया। अव्यवस्था देख उपायुक्त खासे नाराज दिखे। अव्यवस्था को लेकर बीडीओ विजय कुमार के समक्ष नाराजगी भी जाहिर की। उपायुक्त महोदय ने शिविर में लगे विभिन्न विभागों के द्वारा लगाये गए स्टॉल का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिये।

गारू एसबीआई बैंक में दिन भर लटका रहा ताला, ग्राहक परेशान

नवीन मेल संवाददाता

गारू। गारू भारतीय स्टेट बैंक के गारू शाखा में लगातार दलालो की वजह से चर्चा में रहता है।जब गारू शाखा प्रबंधक शुरूआती दौर में काफी सुधार था। परंतु अब वे दलालो की बहलावे फुसलावे में आकर बैंक में सुरक्षित दस्तावेज को उलट फेर करते रहते है।अन्य लोग बैंक के ग्राहकों को बरगलाकर काम करवाने के एवज में पैसा ठगते है। बारेसांढ़ निवासी शांति देवी बताती है कि तीन माह से चेक जमा करने के लिए बैंक का चक्कर लगा रही है। वही मिनी बैंक सीएसपी में सीआईएफ नम्बर द्वारा पैसा की निकासी की जा रहा है, लेकिन बैंक में लिंक फेल का पोस्टर लगाया जाता है। बैंक में एक भी कर्मी नजर नही आये। दीपावली एवं छठ पर्व को लेकर ग्रामीण क्षेत्र के दूर दूर से पैसा की निकासी करने के ख्याल से बैंक

आते है लेकिन बैंक कर्मी की लापरवाही से खाताधारकों को समस्याओं का समाधान नही मिल पा रहा है। लोग प्रखंड के कई ग्रामीण हिस्से से 20 -25 किलोमीटर की दूरी तय कर बैंक पहुचते है, बैंक पहुचने के बाद लोगो को बरगलाकर आजकल कर टाल मटोल करते रहते है। लोग बैंक कई कार्य से पहुचते है जैसे केवाईसी करवाने,पासबुक प्रिंट करवाने या बनवाने एवं लोग बैंक संबधित अन्य कार्य से भी बैंक पहुचते है। जहां काम नही होने से खाताधारी निरास होकर घर लौट आते है।

स्वयंसेवकों ने क्लीन इंडिया-2 के तहत चलाया स्वच्छता अभियान

नवीन मेल संवाददाता

महुआडांड़। राष्ट्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निदेर्शानुसार संत जेवियर महाविद्यालय महुआडांड़ में प्लास्टिक मुक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महुआडांड़ पंचायत के मुखिया प्रमिला मिंज ने कार्यक्रम की शुभारंभ की। इस अभियान के तहत संत जेवियर इकाई के स्वयं सेवक सेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर के चारों ओर व मुख्य प्रवेश द्वार और मुख्य पथ के अगल-बगल सिंगल यूज प्लास्टिक का एकत्रीकरण का कार्य किया। इस अभियान के तहत संत जेवियर परिसर से लगभग 25 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रित कर महुआडांड़ पंचायत के मुखिया को निपटारे हेतु सुपुर्द किया गया। स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार द्वारा आरम्भ

किया गया राष्ट्रीय स्तर का अभियान है। जिसका उद्देश्य गलियों, सड़कों तथा अधोसंरचना को साफ-सुथरा करना और कूड़ा साफ रखना है। एन.एस.एस कार्यक्रम पदाधिकारी मैक्सेनसियुस कुजूर ने लोगों को कम से कम प्लास्टिक का उपयोग करने के लिए भी प्रेरित किया। मौके पर संत जेवियर के प्राचार्य फादर डॉ एमके जोश, प्रो सुभास सामंत, प्रो फादर साइमन मुर्मू, प्रो अभय सुकुट डुंगडुंग, प्रो रश्मि सुमन, प्रो विउला भेंगरा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

विभागीय लापरवाही का दंश झेल रहे धनरास-पीपरा गांव के जरूरतमंद लोग

नवीन मेल संवाददाता

इटखोरी/मयूरहंड(चतरा)। केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का शुभारंभ वर्ष 2015-16 से कर 2022 तक देश के वैसे लोग जो कच्चे मकान में रह रहे हैं, उन सभी को पक्का मकान इस योजना के तहत उपलब्ध कराने का सरकार द्वारा लक्ष निर्धारित किया गया है। लेकिन चतरा के इटखोरी प्रखंड अंतर्गत नवादा पंचायत में एक ऐसा अति पिछडा सुदूरवर्ती धनरास-पीपरा गांव है जो सरकार की नजरों से ओझल है। विभागीय लापरवाही के कारण सरकार की अति महत्वाकांक्षी पीएम आवास योजना के लाभ से यहां के योग्य ग्रामीण व विधवा महिलाएं वंचित हैं। ताजुब की बात यह है कि प्रधानमंत्री आवास एप एवं आवास प्लस एप में धनरास-पीपरा गांव का नाम हीं दर्ज नहीं है। दुसरी ओर पीपरा गांव की मंजू देवी का आवास एक वर्ष बारिश के कारण ध्वस्त हो गया है, तब से लेकर आज तक वह सपरिवार सरकारी विद्यालय में शरण लिए हुए है। दूसरी ओर दर्जनों योग्य लाभुकों का कच्चा खपरैल मकान ध्वस्त होने से बेघर हैं। पंचायत के उप मुखिया घनश्याम कुमार पासवन ने बताया कि पीएम आवास योजना के शुरूआत से हीं तत्कालीन मुखिया द्वारा बीडीओ एवं उपायुक्त से आवास एप में नाम दर्ज कराने की अपील की जा रहील है, पर आज तक नाम दर्ज नहीं हो पाया। इस विषय पर बीडीओ ने बताया कि वरीय पदाधिकारियों को जानकारी दी गई है, पर अभी तक कोई मार्गदर्शन नहीं मिला है। जैसे हीं निर्देश प्राप्त होगा, लाभुकों को आवास योजना का लाभ मुहैया करवाया जाएगा।

पहरा के आपके द्वार कार्यक्रम में लगाये गये 17 स्टॉल, कई मामले निष्पादित

नवीन मेल संवाददाता

गिद्धौर(चतरा)। गुरुवार को गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत पहरा पंचायत सचिवालय में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 17 स्टॉल लगाए गए थे। वहीं कार्यक्रम का बीडीओ संजीत कुमार सिंह, सीओ जयशंकर पाठक, प्रमुख अनिता यादव, जिप सदस्य अनिता देवी, मुखिया बेबी देवी व पंस सदस्य लालो साहू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। पदाधिकारियों व प्रतिनिधियों ने एक-एक कर स्टॉलों का निरीक्षण कर प्राप्त आवेदनों को जल्द निष्पादन करने का निर्देश सम्बंधित कर्मियों को दिया। दुसरी ओर पहरा गांव के राशन कार्डधरियों ने पीडीएस संचालक खुशबू देवी पर अनाज कम देने की शिकायत बीडीओ से की है। जिसपर बीडीओ ने संचालक को राशन

वितरण करने के समय जानकारी देने की बात कही। इस दौरान 35 वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृति पत्र, 10 गरीब असहायों को कम्बल, सोना सोबरन योजना के तहत 10 लाभुकों को धेती, साड़ी, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 40 की कोरोना जांच, 30 को वैक्सीन देने के साथ कई मामलों का मौके पर निष्पादन किया गया। शिविर में बालेश्वर यादव, मुकेश कुमार साव, मनोज वर्मा, पंचायत सचिव मिथलेश सिंह, महेश मिस्त्री आदि मौजूद थे।

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड
कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, गढ़वा

"जिला के पशुपालकों हेतु आम सूचना"
पशुओं के नस्ल सुधार हेतु निःशुल्क कृत्रिम गर्भाधान सेवा

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड अन्तर्गत झारखण्ड स्टेट इम्प्लीमेंटिंग एजेंसी, होटवार, राँची के द्वारा आपके पंचायत में कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। केन्द्रीय योजना राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम अन्तर्गत जिला के सभी प्रखण्डों के गाय एवं भैंस का उच्च गुणवत्तायुक्त नस्ल के वीर्य से निःशुल्क कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा जिला के सभी पशुपालकों को उपलब्ध कराया जा रहा है। अतः सभी पशुपालक भाईयों/बहनो से निवेदन है कि इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठावें, ताकि जिला के अधिकाधिक पशुओं को कृत्रिम गर्भाधान से आच्छादित करते हुए त्वरित नस्ल सुधार किया जा सके।
ध्यान योग्य बातें :–
1. गाय एवं भैंस के गर्म होने पर अपने क्षेत्र के कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता/पशुचिकित्सा पदाधिकारी को अवश्य सूचित करें। कृत्रिम गर्भाधान, गर्भ जाँच एवं वत्स उत्पत्ति की सुविधा पशुपालक के घर पर निःशुल्क उपलब्ध करायी जा रही है। अतएव किसी भी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता को उक्त सुविधा हेतु कोई भी राशि भुगतान नहीं करना है।
2. सभी पशुओं को 12 अंको वाले UID Tag (टैग) से चिन्हितीकरण एवं INAPH में निबंधन किया जा रहा है, जो कि पशु का आधार नम्बर बन जाता है। यह कार्य भी निःशुल्क किया जा रहा है। टैग से अनेक लाभ हैं, अतएव आप अपने पशुओं का टैगिंग अवश्य करवायें।
3. कृत्रिम गर्भाधान के पश्चात् प्रयुक्त सीमेन स्ट्रॉ को कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता से प्राप्त कर सुरक्षित रखें। सभी केन्द्रों को भारत सरकार से ग्रेड 'ए' मान्यता प्राप्त संस्थानों से ही उच्च गुणवता युक्त सीमेन स्ट्रॉज उपलब्ध कराया जाता है। अतएव किसी प्रकार के गलत सूचना/बहकावे में न आवें।

विशेष जानकारी हेतु अपने प्रखण्ड नोडल पदाधिकारी /जिला पशपालन पदाधिकारी/स्टेट नोडल पदाधिकारी, जे०एस०आई०ए० से सम्पर्क करें।

PR.NO.280553 Animal Husbandry(22-23):D — निवेदक, जिला पशुपालन पदाधिकारी, गढ़वा।

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, (पशुपालन प्रभाग)
कार्यालय-जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा, वीर बुद्धू भवन, समाहरणालय परिसर, लोहरदगा, E-mail Id-lohardagadaho@gmail.com

-:"शिक्षित बेरोजगार युवकों हेतु आम सूचना":--:

कृत्रिम गर्भाधान एवं प्राथमिक उपचार से संबंधित प्रशिक्षण हेतु जे०एस०आई०ए०, होटवार, राँची में आवेदन आमंत्रित किया जाता है। केन्द्रीय योजना **राष्ट्रीय गोकुल मिशन अन्तर्गत** "Establishment of MAITRI" योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 में लोहरदगा जिला के 28 शिक्षित बेरोजगार युवकों को निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध **MAITRI (Multipurpose Artificial Insemination Technicians of Rural India)** प्रशिक्षण दिया जाना है। आवेदन एवं प्रशिक्षण की प्रक्रिया निम्नवत् है:–
1. प्रशिक्षणार्थियों का चयन वैसे स्थानों पर कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र खोलने हेतु किया जायेगा जहाँ पूर्व से कार्यरत् कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र न हो।
2. **प्रशिक्षण अवधि** :– तीन माह (क) सैद्धांतिक– 30 दिन (ख) प्रायोगिक–60 दिन
3. **आवेदक की आयु** :– 18 वर्ष से 45 वर्ष तक।
4. **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता**:–मैट्रिक (इंटरमीडिएट जीव विज्ञान को प्राथमिकता)
5. **नामांकन शुल्क** :– 2000/–(दो हजार) रुपये मात्र।
6. **सुविधाएँ** :– निःशुल्क 30 दिवसीय सैद्धांतिक (Classroom) प्रशिक्षण।
7. **उपकरण** :– 90 दिवसीय प्रशिक्षण की समाप्ति पर प्रमाण–पत्र एवं उपकरण (क्रायोकंटेनर, ए.आई. किट आदि) उपलब्ध कराया जाएगा।
8. **कार्य एवं मानदेय**:–प्रशिक्षित MAITRI का चयन जे०एस०आई०ए० अन्तर्गत स्थापित कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र हेतु किया जा सकता है। उनके द्वारा विभिन्न केन्द्रीय/राज्य योजनाओं अन्तर्गत कृत्रिम गर्भाधान, गर्भ जाँच, वत्स उत्पत्ति, टीकाकरण, पशु चिन्हितीकरण एवं निबंधन आदि का कार्य किया जायेगा, जिसके लिए सरकार द्वारा अनुमोदित मानदेय प्रदान किया जायेगा।

विशेष जानकारी हेतु अपने प्रखण्ड नोडल पदाधिकारी/जिला पशुपालन पदाधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है।

निवेदक:–
PR 280481 Lohardaga(22-23)#D — जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड
कार्यालय–जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा।
वीर बुद्धू भवन, समाहरणालय परिसर, लोहरदगा
E-mail Id-lohardagadaho@gmail.com

–: "लोहरदगा जिला के पशुपालकों हेतु आम सूचना":–
पशुओं के नस्ल सुधार हेतु निःशुल्क कृत्रिम गर्भाधान सेवा

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड अन्तर्गत झारखण्ड स्टेट इम्प्लीमेंटिंग एजेंसी, होटवार, राँची के द्वारा आपके पंचायत में कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। केन्द्रीय योजना राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम अन्तर्गत जिला के सभी प्रखण्डों के गाय एवं भैंस का उच्च गुणवत्तायुक्त नस्ल के वीर्य से निःशुल्क कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा जिला के सभी पशुपालकों को उपलब्ध कराया जा रहा है। अतः सभी पशुपालक भाईयों/बहनो से निवेदन है कि इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठावें, ताकि जिला के अधिकाधिक पशुओं को कृत्रिम गर्भाधान से आच्छादित करते हुए त्वरित नस्ल सुधार किया जा सके।
ध्यान योग्य बातें :–
1. गाय एवं भैंस के गर्म होने पर अपने क्षेत्र के कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता/पशुचिकित्सा पदाधिकारी को अवश्य सूचित करें। कृत्रिम गर्भाधान, गर्भ जाँच एवं वत्स उत्पत्ति की सुविधा पशुपालक के घर पर निःशुल्क उपलब्ध करायी जा रही है। अतएव किसी भी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता को उक्त सुविधा हेतु कोई भी राशि भुगतान नहीं करना है।
2. सभी पशुओं को 12 अंको वाले UID Tag (टैग) से चिन्हितीकरण एवं INAPH में निबंधन किया जा रहा है, जो कि पशु का आधार नम्बर बन जाता है। यह कार्य भी निःशुल्क किया जा रहा है। टैग से अनेक लाभ हैं, अतएव आप अपने पशुओं का टैगिंग अवश्य करवायें।
3. कृत्रिम गर्भाधान के पश्चात् प्रयुक्त सीमेन स्ट्रॉ को कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता से प्राप्त कर सुरक्षित रखें। सभी केन्द्रों को भारत सरकार से ग्रेड 'ए' मान्यता प्राप्त संस्थानों से ही उच्च गुणवता युक्त सीमेन स्ट्रॉज उपलब्ध कराया जाता है। अतएव किसी प्रकार के गलत सूचना/बहकावे में न आवें।

विशेष जानकारी हेतु अपने प्रखण्ड नोडल पदाधिकारी /जिला पशुपालन पदाधिकारी/स्टेट नोडल पदाधिकारी, जे०एस०आई०ए० से सम्पर्क करें।

निवेदक:–
PR 280479 (Lohardaga) 22-23 (D) — जिला पशुपालन पदाधिकारी लोहरदगा।

कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
E-mail- zilaparishad.palamu@gmail.com

-:: इच्छा की अभिव्यक्ति ::-

पलामू जिला अन्तर्गत कुल 18 आंगनबाड़ी केन्द्रों को जिला परिषद स्तर से मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में विकसित किया जाना है। उपरोक्त के लिए जिला परिषद, पलामू में निबंधित संवेदकों से सीलबंद लिफाफा में निविदा/प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है।

1	विज्ञापनदाता का पदनाम	:–	जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
2	निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि	:–	29.10.2022 समय 11:00 बजे पूर्वाह्न तक
3	निविदा जमा करने का स्थान	:–	कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
4	निविदा खोलने की तिथि	:–	29.10.2022 समय 3:00 बजे अपराह्न
5	निविदा खोलने का स्थान	:–	कार्यालय जिला परिषद, पलामू।

विस्तृत विवरणी पलामू जिला के वेबसाईट www.palamu.nic.in एवं जिला परिषद पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू।
PR 280537 (Palamu) 22-23 (D)

कार्यालय: जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

सरकारी अनुदान पर नया तालाब निर्माण के लिए
आवेदन आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2022–23 में झारखण्ड सरकार, कृशि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश सं0 02 दिनांक 25.05.2022 द्वारा मत्स्य पालन हेतु निजी जमीन पर सरकारी अनुदान पर तालाब निर्माण हेतु 02 (दो) एकड़ जलक्षेत्र का भौतिक लक्ष्य प्राप्त है।

लोहरदगा जिले के इच्छुक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति एवं सामान्य कोटि के मत्स्य कृषकों से आवेदन विहित प्रपत्र में निम्नलिखित शर्तों में आमंत्रित किये जाते हैं–
1. आवेदित भूमि एक या दो नम्बर की दोन हो।
2. आवेदित भूमि पर वैद्य दखल/कब्जा हो। (सक्षम प्राधिकार द्वारा हाल में निर्गत भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।)
3. तालाब निर्माण का कार्य लाभुक द्वारा मशीन से विभागीय पदाधिकारियों एवं कनीय अभियंताओं की देख–रेख में कराया जाएगा।
4. घर के नजदीक मौजूद जमीन/पूर्व से मछली पालन के कार्य से जुड़े हों/ विभागीय अनुदान पर मत्स्य बीज हैचरी निर्माण कराया है उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। प्रस्तावित भू–खण्ड अविवादित होनी चाहिए। 100 डिसमिल जलक्षेत्र के तालाब निर्माण हेतु आवश्यक भूमि कम–से–कम 130 डिसमिल होना चाहिए। 50 डिसमिल जलक्षेत्र के तालाब निर्माण हेतु कम–से–कम 65 डिसमिल भूमि होना चाहिए। भूमि का अनुपात कम–से–कम 1:1.3 होना चाहिए। लाभुक द्वारा प्रस्तावित भूखण्ड पहले से बैंक में किसी ऋण के एवज में बंधक नहीं है का प्रमाण पत्र एवं भूमि अविवादित होना चाहिए।
5. चुँकि इस योजना में तालाब निर्माण हेतु लाभुक का भी अंशदान निहित है, अतः इन्हें आर्थिक रूप से सक्षम होना चाहिए।
6. एक एकड़ जलक्षेत्र के तालाब निर्माण कराए जाने का प्राक्कलित राशि मो0 5.008 (पाँच लाख आठ सौ) रू0 मात्र आकलित है। इसके अतिरिक्त जो राशि लगेगी उसका व्यय लाभुक के द्वारा स्वयं किया जाएगा।
7. अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जन जाति को तालाब निर्माण हेतु राज्य सरकार की ओर से सरकारी अनुदान की राशि 80 प्रतिशत् अर्थात 4.00 (चार) लाख रू0 मात्र दिया जाएगा एवं शेष राशि लाभुक द्वारा स्वयं वहन किया जाएगा। अन्य कोटि के कृषकों को राज्य सरकार की ओर से अनुदान की राशि 70 प्रतिशत अर्थात् मो0 3.50 लाख (तीन लाख पचास हजार) रू0 मात्र दिया जाएगा एवं शेष राशि लाभुक द्वारा स्वयं वहन किया जाएगा।
8. अनुसूचित जनजाति हेतु भौतिक लक्ष्य 1.00 (एक एकड़) जलक्षेत्र एवं अन्य जाति हेतु 1.00 (एक एकड़) जलक्षेत्र प्रस्तावित है।
9. एक लाभुक को अधिकतम 1.00 (एक एकड़) के जलक्षेत्र का तालाब निर्माण हेतु लाभ दिया जाएगा।
10. आवेदन के साथ अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
11. आवेदन जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा से कार्यालय अवधि में निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।
12. विशेष जानकारी हेतु जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा के सूचना पट्ट एवं सूचना www.lohardaga.nic.in में देखा जा सकता है।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 05.11.2022
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा
PR 280478 Lohardaga (22-23)_D

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड
कार्यालय–जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा।
वीर बुद्धू भवन, समाहरणालय परिसर, लोहरदगा
E-mail Id-lohardagadaho@gmail.com

"पशुपालकों हेतु आम सूचना"

मादा बाछियों की उत्पत्ति हेतु लिंग परिष्कृत वीर्य (Sex Sorted Semen) से कृत्रिम गर्भाधान सेवा

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड अन्तर्गत झारखण्ड स्टेट इम्प्लीमेंटिंग एजेंसी, होटवार, राँची के द्वारा आपके पंचायत में कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। केन्द्रीय योजना राष्ट्रीय गोकुल मिशन अन्तर्गत लिंग परिष्कृत वीर्य से त्वरित नस्ल सुधार (Accelerated Breed Improvement Programme using Sex Sorted Semen under RGM) में जिला के गाय एवं भैंस का उच्च गुणवत्तायुक्त लिंग परिष्कृत वीर्य से कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा सभी पशुपालकों को उपलब्ध कराया जाना है। ज्ञात हो कि सामान्य वीर्य से उत्पन्न वत्स में मादा एवं नर पशुओं को औसत 50:50 प्रतिशत होता है, जबकि लिंग परिष्कृत वीर्य (Sex Sorted Semen) से उत्पन्न वत्स में मादा एवं नर पशुओं का औसत 90:10 प्रतिशत होता है, जिससे 40% अधिक मादा पशुओं की उत्पत्ति होती है। लिंग परिष्कृत वीर्य से सुनिश्चित गर्भधारण हेतु आप के साथ एकरारनामा किया जायेगा।
ध्यान योग्य बातें :–
1. पशुपालक द्वारा प्रतिवर्ष प्रति पशु रुपये 500/– प्रदान किया जायेगा। प्रत्येक पशु को उच्च गुणवता युक्त लिंग परिष्कृत वीर्य से सुनिश्चित गर्भधारण हेतु अधिकतम दो बार कृत्रिम गर्भाधान किया जा सकेगा। कृत्रिम गर्भाधान, गर्भ जाँच एवं वत्स उत्पत्ति हेतु कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं है।
2. दो बार कृत्रिम गर्भाधान के पश्चात् भी पशु गर्भित न हो, तो एकरारनामा की सम्पूर्ण राशि (रुपये 500/–) पशुपालक को वापस कर दी जायेगी।
3. यदि नर वत्स की उत्पत्ति होती है, तो रुपये 500/– में से आधी राशि अर्थात रुपये 250/– पशुपालक को वापस कर दी जायेगी।
4. उक्त कार्यक्रम हेतु 1st से 3rd ब्यान की सामान्य ऋतु चक्रीय मादा (Normal Cyclic Bovines) जिनकी प्रजनन क्षमता अच्छी हो, का चयन किया जायेगा। किसी प्रकार की बांझपन आदि समस्या हेतु स्थानीय पशुचिकित्सा पदाधिकारी द्वारा सहायता प्रदान की जायेगी।
5. यदि पशु पूर्व से चिन्हितीकरण एवं निबंधन किया हुआ न हो, तो सभी पशुओं को 12 अंको वाले UID Tag (टैग) से चिन्हितीकरण एवं INAPH में निःशुल्क निबंधन किया जायेगा। टैग से अनेक लाभ हैं, अतएव आप अपने पशुओं का टैगिंग अवश्य करवायें।
6. कृत्रिम गर्भाधान के पश्चात् प्रयुक्त सीमेन स्ट्रॉ को कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता से प्राप्त कर सुरक्षित रखें।

अतः सभी पशुपालक भाईयों/बहनो से निवेदन है कि इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठावें, ताकि जिला में अधिकाधिक उच्च गुणवता युक्त बाछियों का उत्पादन कर त्वरित नस्ल सुधार किया जा सके। विशेष जानकारी हेतु अपने निकटतम पशुचिकित्सा पदाधिकारी/जिला पशुपालन पदाधिकारी/स्टेट नोडल पदाधिकारी, जे०एस०आई०ए० से सम्पर्क करें।

–:निवेदक:–
PR 280483 Lohardaga(22-23)#D — जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा

न्यूज गैलरी

खनन विभाग ने ठेठईटांगर में कार्रवाई कर अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर और चिप्स लदा हाइवा किया जब्त

ठेठईटांगर। जिले में लगातार खनन विभाग के द्वारा अवैध उत्खनन के विरुद्ध कार्रवाई जारी है इसी कड़ी में गुरुवार को जिला खनन पदाधिकारी अजीत कुमार के निर्देश पर खनन निरीक्षक के द्वारा ठेठईटांगर थाना क्षेत्र में अवैध रूप से उड़ीसा से ला रहे चिप्स लदा हुआ हाईवा को जप्त करते हुए ठेठईटांगर थाना को सुपुर्द किया। खनन निरीक्षक गणेश चन्द्र परिडा ने बताया कि लगातार क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाई जा रही इसी दौरान उड़ीसा से चिप्स लोड करके आ रही हाइवा जिसे रोका गया और इस पर इसे जप्त करते हुए थाना को सुपुर्द करते हुए इसके विरुद्ध मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वही इसके बाद पंडरीपानी नदी में अवैध रूप से बालू लोड करते हुए दो ट्रैक्टरों को जप्त किया और दोनों को ठेठईटांगर थाना को सुपुर्द किया है। उन्होंने बताया कि तीनों वाहनों के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि एनजीटी समाप्त होने के बावजूद अभी तक जिले के किसी भी बालू घाट का टेंडर नहीं हुआ है ऐसे में अवैध रूप से बालू का उठाव करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। आगे कहा- सरकार द्वारा चयनित यार्ड से ही बालू का उठाव करें ताकि सरकार का राजस्व नुकसान ना हो। इधर खनन विभाग की कार्रवाई के बाद अवैध बालू उठाव करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया है।

कैरो में हथियार का भय दिखाकर युवक से लूट

कैरो/लोहरदगा। कैरो थाना क्षेत्र के सढ़ाबे पंचायत के बक्सी निवासी 45 वर्षीय धनेश्वर उरांव पिता स्व.भोला उरांव के साथ अज्ञात लोगों के द्वारा बुधवार शाम में लूट कांड की घटना प्रकाश में आया। धनेश्वर उरांव ने अपने लिखित आवेदन में कहा है कि बुधवार कैरो साप्ताहिक बाजार से मुर्गी बेच कर अपने घर बक्सी जाने के क्रम में कंदनी नदी पुल के समीप दो लड़को के द्वारा रोक कर हथियार का भय दिखाकर 10000 रुपया लूट लिया गया। धनेश्वर उरांव बाजार बाजार मुर्गी बेचने का काम करता है। लिखित आवेदन पर कैरो थाना पुलिस अज्ञात लोगों पर कांड संख्या 47/22 धारा 392 आइपीसी के तहत मामला दर्ज कर आगे की करवाई में जुटी।

चौकीदार के निधन पर थाना प्रभारी समेत अन्य ने दी श्रद्धांजलि

लोहरदगा। जिला के जोबांग थाना के 45 वर्षीय चौकीदार भैरो उरांव ग्राम जोबांग का निधन ईलाज के क्रम में कल रात देवकमल हॉस्पिटल रांची में निधन हो गया वे चार पांच दिनों से बीमार थे। वो अपने पीछे 6 लडकी और एक लड़का तथा पत्नी छोड़ गए हैं इस मौके पर थाना प्रभारी जोबांग शशि शेखर कुमार, एसआई गणेश यादव के साथ थाना के जवानों ने और चौकीदार पंचायत के साथियों ने दिवंगत भैरव उरांव के घर पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी और उनके आश्रितों को सांत्वना दिये, साथ ही थाना प्रभारी शशि शेखर ने चौकीदार के परिजनों को सहयोग राशि भी दिये। थाना प्रभारी शशि शेखर जी ने मृतक के परिजनों को सांत्वना दिया गया। हमसे जितना भी होगा हर संभव मदद करेंगे वही जिला अध्यक्ष शमशुल अंसारी ने परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि संगठन की ओर से हर संभव मदद करने का प्रयास किया जाएगा और जिला प्रशासन से मिलने वाले सभी तरह का सहयोग दिलाने का पूरा भरोसा दिलाया। इस अवसर पर जबांग थाना के पुलिस जवानों के अलावे काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

मानसिक तनाव में आकर महिला ने फांसी लगा की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत डांडु करंज टोली में 21 वर्षीय महिला सोनी कुमारी ने अपने पिता के घर में मानसिक तनाव में आकर फाँसी लगा कर आत्महत्या कर ली घटना बुधवार शाम का बताया जाता है। वहीं घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकांत को मिलते ही उनके निर्देश पर पु0आ0नि0 संतोष कुमार शस्त्र बल के साथ मृतक के घर डांडु करंज टोली पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज अग्रेतर कारवाई में जुट गये। घटना के संदर्भ में प्रशासन का कहना है कि घर पर कोई सदस्य नही होने के कारण एवं मानशिक तनाव के करण महिला अंदर से दरवाजा बंद कर रस्सी के सहारे फाँसी लगा कर आत्महत्या की है। वहीं मृतक लड़की के माता पिता ने बताया कि 6 माह पूर्व बेटी का विवाह कुडू थाना क्षेत्र के चिरी ग्राम में मुकेश लोहरा के साथ किया था। बताते हुए कहा 10 अक्टूबर को सोनी कुमारी अपने ससुराल से मायके आई थी और बताई की गर्भवती अवस्था में मुझे ताकत का दवा बता कर खिलाया गया जिससे गर्भपात हो गया। और स्थिति बिगड़ने लगा तो मायके भेज दिया गया। गर्भपात के बाद महिला तनाव में रह रही थी। कहा कि बुधवार शाम दामाद को घटना की सूचना देने के लिए घर के मोबाइल से फोन करने पर फोन काट दे रहा था। जब दूसरे नम्बर से फोन किया गया तो बात हुई और उसने आने की बात बोल मोबाइल बन्द कर दिया। वहीं मृतक के पति मुकेश लोहरा गर्भपात मामला को झूठा बताते हुए कहा मेरी पत्नी मायके आने के लिए पैसा मांगी और चली आई है। घटना को लेकर किसी प्रकार की जानकारी नही दिया जा रहा है।

जिले के तीन प्रखंडों में आयोजित हुआ आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार का आयोजन लोहरदगा के किस्को प्रखंड के बगडू पंचायत में बगडू जमुंनटोली मैदान में कुडू प्रखंड के कोलसिमरी पंचायत में मध्य विद्यालय कोलसिमरी एवं पेशरार प्रखंड के सीरम पंचायत के प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय मक्का में आयोजित किया गया। बगडू पंचायत में गुरुवार को कुल 338 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 48 का निष्पादन किया गया। बगडू जामुंनटोली खेल मैदान में जिला परिषद सदस्य किस्को संदीप कुमार, प्रखंड प्रमुख, अंचल अधिकारी बुढ़ाय सारू, मुखिया सहित अन्य पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रतिनिधियों द्वारा मनरेगा अंतर्गत 20 योजनाओं का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर बुजुर्गों के लिए वृद्धा पेन्सन, दिव्यांगों के लिए पेन्सन, विधवाओ के लिए पेन्सन, निराश्रित महिलाओं के लिए पेन्सन, किसानों के लिये केसीसी, हर राशन कार्ड, प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, सहित जाति, आवासीय, आय जमीन लगन, पारिवारिक बंटवारा, बेरोजगारों व स्वरोजगार करने वालो को मख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना की जानकारी दी गई। विभिन्न योजनाओं के स्टॉल लगे थे जहां सभी स्टॉलों में लोग लाभ प्राप्त हेतु आवेदन दिए है। प्राप्त आवेदनों में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लाभुक छात्राओं को सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्थापेंशन योजना से तथा विधवा पेन्सन, केसीसी, आवास, मनरेगा जॉब कार्ड का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। बगडू जामुनटोली में सर्वजन पेन्सन योजना में वृद्धा पेन्सन के 12 लाभुको को तत्काल स्वीकृति पत्र, 2 किसानों को के सी सी का स्वीकृति पत्र, सांकेतिक तौर पर 05 लाभुकों को धोती- साड़ी का वितरण,सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 4 किशोरियों को तथा 5 लाभुकों को तत्काल जॉब कार्ड, बिरसा हरित ग्राम योजना के दो लाभुकों व मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के एक लाभक को शेड की स्वीकृति निर्गत किया गया। सभी योजनाओं के 16 स्टॉल लगाए गए थे। कोलसिमरी पंचायत में कुल 926 आवेदन प्राप्त हुए। मध्य विद्यालय कोलसिमरी में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, उप प्रमुख, मुखिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार, अंचल अधिकारी प्रवीण सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा योजनाओं, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, हरा राशन कार्ड, फूलो झानो आशीर्वाद अभियान, केसीसी, प्री एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं सर्वजन पेंशन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना की जानकारी दी गई। कोलसिमरी पंचायत में फूलों झानो आशीर्वाद अभियान के तहत 16 महिलाओं को कूल 4 लाख की स्वीकृति राशि का चेक दी गई। कार्यक्रम में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 5 छात्राओं को स्वीकृति पत्र, वृद्धा पेन्सन, की स्वीकृति पत्र दिया गया। योजनाओं के 16 स्टॉल लगाये गये थे। सीरम पंचायत के प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय मक्का में भी शिविर आयोजित कर योजनाओ की जानकारी प्रखंड विकास पदधिकारी व जनप्रतिनिधियों द्वारा दिया गया। लोगों द्वारा आवेदन प्राप्त किया गया।

नुक्कड़ नाटक से भी जनजागरूकता अभियान चला

जिला जनसम्पर्क कार्यालय की ओर से बगडू पंचायत, किस्को के कार्यक्रम में लोकनाथ लोहरा के कलाकारों द्वारा, पेशरार के सीरम पंचायत में अनिता उरांव के नेतृत्व में कुडुख कला केंद्र के कलाकारों तथा कोलसिमरी पंचायत, कुडू में एल्मा मेटर के कलाकार मनीता मिंज के नेतृत्व में गीत संगीत, नाट्य प्रस्तुत कर योजनाओं की जानकारी दिया गया।

सिसई में 'राष्ट्रीय एकता दिवस', 'एक भारत- श्रेष्ठ भारत', 'फिट इंडिया' के तहत दो दिवसीय कार्यक्रम सम्पन्न

लौह पुरुष का योगदान अद्वितीय है : बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, गुमला द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव, सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती सह आगामी राष्ट्रीय एकता दिवस, एक भारत- श्रेष्ठ भारत, फिट इंडिया, क्लीन इंडिया 2.0 के अवसर पर गुमला, सिसई के ग्राम पंडरानी में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर एकता रैली, सेमिनार, सांस्कृतिक गीत एवं नृत्य आदि का आयोजन हुआ। साथ ही बुधवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सिसई में आयोजित कबड्डी एवं दौड़ प्रतियोगिता में विजयी 20 प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात सिसई की प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनीता खलखो, अंचल पदाधिकारी सुश्री अरुणिमा एक्का, मुखिया श्रीमती फ्लोरेंस देवी, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष जुम्मन अंसारी, समाजसेवी राम चरण सिंह, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डन अनिता कुमारी एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने संयुक्त रूप से दीप

प्रज्ज्वलित किया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पंजीकृत सांस्कृतिक दल लोकनाथ लोहरा कला जत्था एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सिसई की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का विधिवत स्वागत केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने अंग वस्त्र और पौधा दे कर किया। केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला द्वारा गुमला ज़िला की चार होनहार खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर अपने जिले का नाम रौशन किया है। इन में से फुटबॉल खिलाड़ी प्रीति रानी लकड़ा ने इंडिया कप - अंडर 14 (गुजरात), खेलो इंडिया - अंडर 21 (महाराष्ट्र), फेडरेशन गेम्स-अंडर 14 (ओडिशा), स्कूल नेशनल - अंडर 19 (हरियाणा) में, फुटबॉल खिलाड़ी ऋतु कुमारी ने स्कूल नेशनल - अंडर 14 (रांची), फुटबॉल खिलाड़ी पूनम कुमारी ने जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता (रांची) और कबड्डी खिलाड़ी बीना उरांव ने सीनियर नेशनल (लखनऊ, ओडिशा), स्कूल नेशनल - अंडर 17 (तेलंगाना, हरियाणा, मध्य प्रदेश) में अपनी प्रतिभा से जिले में सबको गर्वान्वित किया है। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने अंगवस्त्र देकर इन सभी होनहार खिलाड़ियों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के रूप में सभा को संबोधित करते हुए सिसई की प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनीता खलखो ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारत की एकता एवं अखंडता के लिए जो कार्य किया है, वह भारतीय इतिहास में अद्वितीय है। आज के युवाओं को उनके प्रारम्भिक जीवन से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण में योगदान को हमेशा याद रखना चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीय एकता विषय पर प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला को सराहा और आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अधिकारी, सिसई की अंचल पदाधिकारी सुश्री अरुणिमा एक्का ने कहा कि जिस तरह सरदार पटेल ने एक भारत बनाने में अपना संपूर्ण जीवन लगा दिया, हम सब को उनके प्रति हमेशा कृतज्ञ रहना चाहिए। इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से सभी लोगों को अपने महापुरुषों के व्यक्तिव एवं कृतत्व से अवगत होने एवं प्रेरणा लेने का अवसर मिलता है। विशिष्ट अतिथि मुखिया फ्लोरेंस एक्का ने कहा कि सरदार पटेल ने भारत की स्वतंत्रता के लिए तो कार्य किया ही एवं भारत निर्माण में भी अपना बहुमूल्य योगदान दिया। इससे पूर्व विषय प्रवेश करवाते हुए केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हम देश की आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। इस संदर्भ में राष्ट्र के एकीकरण में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को याद रखना और उनके 'एक भारत - श्रेष्ठ भारत' के सपने को साकार करना हर नागरिक का कर्तव्य है।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने चलाया खाद्य सामग्री व तंबाकू उत्पाद पर छापेमारी

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। अनुमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा महेन्द्र कुमार के आदेशानुसार सिमडेगा मुख्यालय अन्तर्गत दिपावली एवं छठ पर्वो के मदेनजर गुरुवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, सिमडेगा के नेतृत्व में सिमडेगा जिला के खाद्य प्रतिष्ठानों प्रतिबंधित पान मसाला तम्बाकू उत्पाद के निमित छापामारी अभियान चलाते हुए विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से नमूना संग्रह करते हुए जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया। छापेमारी के क्रम में खाद्य कारोबारी के दुकान से चार दुकानों में तम्बाकू उत्पाद बरामद हुआ जिसे कोटपा एक्ट के तहत प्रत्येक उल्लंघनकर्ता के उपर 200 कुल 800 रुपये वसूला गया। अनुमंडल पदाधिकारी सिमडेगा के द्वारा कहा गया कि आगामी त्योहारों के मदेनजर छापामारी अभियान निरंतर जारी रहेगा।

खाद्य कारोबारियों के द्वारा खाद्य सामग्रीयों के मात्रा को बढ़ाने के लिए पुरानी सामग्रीयों में इसकी मिलावट की जाती है, इस पर अंकुश लगाने हेतु जिला प्रशासन लगातार कटिबद्ध है। अनुमण्डल पदाधिकारी, सिमडेगा द्वारा सभी खाद्य कारोबारियों को निम्न निदेश दिया गया की अपने दुकान में ऋरअक लाईसेस/रजिस्ट्रेशन प्रदर्शित करें। इसके अलावा अपने दुकान में खाद्य सुरक्षा प्रदर्शन बोर्ड

एवं एवं 14 अंको का रजिस्ट्रेशन नम्बर जरूर लगाएं वही उन्होंने साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने एवं खाद्य पदार्थ एवं गैर खाद्य पदार्थ को अलग-अलग रेक में रखें। होटल एवं रेस्टोरेंट के डाईनिंग एरिया में नो स्मोकिंग बार्ड अधिष्ठापन करे। मिठाईयों के सामने एवं मिठाई नमकीन इत्यादि के निर्माण तिथि, उपयोग की अंतिम तिथि एवं अनुज्ञप्ति संख्या अंकित करे। खाद्य पदार्थ के साथ तम्बाकू उत्पाद कि बिक्री न करें।

उक्त सभी बिन्दुओं का अनुपालन अनिवार्य रूप से करने का निदेश दिया गया। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा के द्वारा बताया गया कि प्रतिबंधित पान मसाला किसी खाद्य कारोबारी के द्वारा भण्डार बिक्री करते पाया गया तो उक्त के विरूध विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। छापेमारी टीम में सुश्री अपूर्वा मिंज, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, सिमडेगा, सब इंस्पेक्टर राज कपूर शेठ सब इंस्पेक्टर राहुल कुमार एवं खाद्य सुरक्षा की टीम उपस्थित थे।

संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक

किस्को और पेशरार में आवासीय विद्यालय के लिए छात्रावास निर्माण का प्राक्कलन तैयार कराने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ0 वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में विशेष केंद्रीय सहायता द्वारा संचालित योजनाओं एवं डीएमएफटी द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। बैठक मे कौशल विकास हेतु टूल रूम भेजे गए व भेजे जाने वाले छात्रों की जानकारी ली गई। जिला योजना पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अब तक 36 प्रशिक्षणार्थियो को भेजा गया है शेष 4 और भेजे जाने हैं। इसके साथ दोना पत्तल निर्माण, ईसीजी मशीन क्रय, सड़क निर्माण पेयजलापूर्ति, छात्रावास, डीप बोरिंग, कस्तूरबा विद्यालय की चारदीवारी, सेरेंगदाग थाना की चारदिवारी, विभिन्न नालों में चेकडैम, सोलर आधारित जलापूर्ति, ब्रिकेटिंग प्लांट, पाइपलाइन जलापूर्ति योजनाओ की समीक्षा की गई। किस्को जनजातीय आवासीय विद्यालय हेतु 100 बेड के छात्रावास एवं पेशरार आवासीय विद्यालय

हेतु 50 बेड के छात्रावास निर्माण का प्राक्कलन तैयार कराने का निर्देश दिया गया। जिले में जिला लाइब्रेरी तथा सभी प्रखंडों को प्रखंड लाइब्रेरी स्थापित करने का निर्देश दिया गया। जिन योजनाओं की निविदा प्रक्रिया पूर्ण नहीं हुई है, उसकी निविदा पूर्ण कर कार्य करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने डीएमएफटी द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजलापूर्ति, सिंचाई एवं अन्यान्य से संबंधित योजनाओं की सूची में प्राथमिकता के आधार पर प्राक्कलन तैयार की जाय। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला योजना पदाधिकारी अरुण सिंह, डीएसओ अमित बेसरा, डीडब्लूओ नारायण राम, एडीपीओ, एवं अभियंता उपस्थित थे।

बांसजोर प्रखंड के उरते पंचायत में आयोजित हुआ 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' के तहत शिविर

नवीन मेल संवाददाता

बांसजोर। बांसजोर प्रखंड के उरते पंचायत में गुरुवार को सरकार के तीन वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी तथा पंचायत के मुखिया एवं अन्य अतिथियों के द्वारा विधिवत किया गया। कार्यक्रम आयोजन के जरिए आम नागरिकों को झारखंड सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत 5 लाख नये ग्रीन राशन कार्ड, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना हेतु आवेदन, सर्वजन पेंशन योजना हेतु आवेदन, किसान क्रेडिट कार्ड

हेतु आवेदन समेत अन्य योजनाओं का लाभ सुयोग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त कर जांचोपरान्त दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अन्तर्गत आवेदन प्राप्त करना, मनरेगा अन्तर्गत प्रत्येक गांव में न्यूनतम 5-5 योजनाओं की स्वीकृति प्रदान करना।धोती, साड़ी, लुंगी और कंबल का वितरण करना। वित्तीय वर्ष 2022-23 तक भू-राजस्व के अधतन रशीद निर्गात तथा अन्य भू-राजस्व से संबंधित मामलों का निबटारा, असंगठित मजदूरों का ई-श्रम तथा प्रवासी मजदूरों/परिवारों का श्रमाधान पोर्टल पर निबंधन, पीडीएस के तहत राशन कार्ड को आधार से लिंक, धान अधिप्राप्ति हेतु किसानों का निबंधन, हड़िया/शराब के व्यापार में संलग्न महिलाओं को वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध, सेवा के अधिकार के तहत प्रमाण पत्रों के आवेदनों का निष्पादन, बिजली तथा पेयजल से संबंधित समस्याओं का निपटारा सुनिश्चित किया गया कार्यक्रम में लोगों के बीच उत्साह जीप सदस्य समरोम तोपनो, प्रखंड प्रमुख तरमाणि सोरेंग, सयोजक मंडली झामुमो सदस्य अनिल कंडुलना झामुमो से नोवास केरकेट्टा, कल्याण मिंज, इल्यास लुगुन, प्रदीप समद, रितेश बड़ाइक एवं झामुमो के प्रखंड और पंचायत से कार्यकर्ता गण उपस्थित हूए।

किस्को सीओ बुडायं सारू को मिला बीडीओ का अतिरिक्त प्रभार

किस्को/लोहरदगा। किस्को प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार मिंज को विगत मंगलवार को एसीबी की टीम द्वारा रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किए जाने के बाद से प्रखंड विकास पदाधिकारी का पद खाली पड़ा हुआ था। इधर प्रखंड में विकास कार्य को गति देने के उद्देश्य से अंचलाधिकारी बुडाय़ं सारू को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के द्वारा बीडीओ का अतिरिक्त प्रभार सौंपी गई है। मौके पर प्रभारी बीडीओ बुडाय़ं सारू ने कहा कि क्षेत्र में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर शत-प्रतिशत उतारने में सभी जनप्रतिनिधि और प्रखंड कर्मियों व आम जनता के साथ समन्वय स्थापित कर विकास योजनाओं को पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने में अहम भूमिका निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं बरती जाएगी। प्रभारी बीडीओ ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को ससमय निराकरण कराने में पूरी तरह से ईमानदारी बरती जाएगी।

एसडीओ ने पटाखों की बिक्री से संबंधित दिया दिशा-निर्देश, दो घंटे तक ही जलाये जायेंगे पटाखे

विदेशी-गैरकानूनी तरीके से आयातित व प्रतिबंधित पटाखों की बिक्री नहीं करेंगे

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। एसडीओ अरविंद कुमार लाल ने बयान जारी कर दीपावली एवं छठ त्यौहार पर पटाखा की बिक्री एवं पटाखा के प्रयोग हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि विदेशों से आयातित पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध है अतः उसकी बिक्री पर पूर्ण रोक रहेगी। देशीय प्रतिबंधित पटाखों की बिक्री नहीं होगी। लोहरदगा जिला में वैसे पटाखों की ही बिक्री की जा सकेगी जिनकी ध्वनि सीमा 125 डीबी (ए) से कम हो। दीपावली के दिन पटाखे मात्र दो घंटे शाम 8:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक एवं छठ में प्रातः 6:00 बजे से 08:00 बजे तक ही चलाये जा सकेंगे। दीपावली एवं छठ के दौरान बिक्री हेतु लाये गये पटाखों का एक स्टॉक पंजी का संधारण करेंगे जिसमें पटाखा कहां

से तथा कितनी मात्रा में लाया गया से सम्बधित विवरणी पंजी में दर्ज करेंगे तथा जांच के दौरान प्रस्तुत करेंगे। आतिशबाजी का भंडारण निवास गृह में नहीं किया जाएगा, बल्कि बिक्री स्थल पर ही किया जाएगा। पटाखा का भण्डारण एवं बिक्रय स्थल भवन के भूमितल पर ही होगा। बिक्रेता अपने बिक्री स्थल पर फायर एक्सटिंगईशर की व्यवस्था रखेंगे। (पर्याप्त बालू भरे बोरे, पानी भरा ड्रम, छोटा फायर एक्सटिंगईशर निश्चित रूप से रखेंगे। पटाखा आदि का क्रय किसी रजिस्टर्ड फार्म से ही करेंगे। प्रतिबधित क्षेत्र- यथा- मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारा चर्च, अस्पताल, सरकारी स्वामित्व भवन- भूमि एंव संवेदनशील क्षेत्र से 50 मीटर के बाहर में होगा। बिक्रेता अग्निशाम पदाधिकारी से अनापति प्रमाण पत्र प्राप्त करेंगे। विदेशी/गैरकानूनी तरीके से आयातित पटाखे तथा प्रतिबंधित पटाखे की विक्री नही करेंगे। विस्फोटक नियमावली 2008 के नियम 78 से 88 एवं विस्फोटक नियमावली 127 से 128 तक का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। अनुज्ञप्ति प्रपत्र के एलई - 3 और एलई -5 का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। अस्थायी अनुज्ञप्ति 21.10.2022 से 31.10.2022 तक के लिए होगा। पटाखों के अस्थायी विक्रेता ललित नारायण स्टेडियम में आतिशबाजी की बिक्री कर सकतें है जिसके लिए उन्हें अनुज्ञप्ति लेना होगा। अस्थायी अनुज्ञप्तिधारी को विस्फोटक नियमावली 2008 के नियम 84 का अनुपालन करना होगा। जो अस्थायी दुकान बनायेंगे वे ज्वलनशील पदार्थ से दुकान नहीं बनायेंगे। दुकान का निर्माण इस प्रकार से किया जायेगा की उसमें किसी अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश नहीं करेंगे। दुकान का संचालन अनुज्ञप्तिधारी स्वयं करेंगे। किसी नाबालिक बच्चे को दुकान में प्रवेश नहीं करने देंगे और न उससे विक्री करायेंगे। दो अस्थायी दुकानों के बीच कम-से-कम 3 मीटर की दूरी रखी जायेगी। दुकान एक कतार में होंगे, आमने-सामने नहीं होंगे। दुकान में स्मोकिंग, या किसी प्रकार का लैम्प, लालटेर्न, मोमबती आदि का प्रयोग नहीं किया जायेगा। विद्युत का कनेक्शन लूज नहीं होना चहिए। प्रचार-प्रसार को कोई बोर्ड दुकान में नहीं लगाया जायेगा। ललित नारायण स्टेडियम में लगाने से पूर्व नगर परिषद से अनुमति लेना आवषश्यक होगा। जो भी उक्त निदेशों का उल्लंघन करते हुए पाये जायेंगे उन पर आईपीएस की धारा-188 एवं वायु (प्रदुषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 37 एवं अन्य सुसंगत अधिनियमों के तहत विधि-सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

ट्रेन से गिरकर घायल हुआ युवक, अस्पताल में भर्ती

जलडेगा। जलडेगा के ओड़गा में गुरुवार सुबह लगभग 9 से 10 बजे के बीच ओडगा से टाटी स्टेशन के बीच यात्री ट्रेन से गिरकर एक युवक घायल हो गया। घटनास्थल से एम्बुलेंस का फोन नही लगने से कुछ लोगों ने इसकी जानकारी जलडेगा सीओ को दी, मामले को गंभीरता से लेते हुए सीओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमित तिर्की से बात कर अस्पताल का एंबुलेंस को भेजकर मरीज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाने का निर्देश दिया। जिसके बाद हॉस्पिटल से तुरंत एंबुलेंस को घटनास्थल रवाना किया गया और घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती किया गया। डॉ अमित तिर्की ने बताया कि फिलहाल युवक ठीक है, युवक की पहचान अखिलेश कुमार, पिता अर्जुन साव, रामपुर प्रतापपुर चतरा जिला के रूप में हुई है।

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो को पगड़ी बांधकर किया गया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो का गुरुवार को लोहरदगा के कुडू में समारोह पूर्वक पगड़ी बांध कर सम्मानित किया गया एवं झारखंड आंदोलनकारियों के मान सम्मान,पेंशन, नियोजन व पहचान के लिए सड़क से लेकर सियासी गलियारों तक हर दौर में संघर्ष व अस्तित्व की रक्षा करने का संकल्प लिया। जल्द से जल्द आंदोलनकारियो के चिन्हित ती करण के कार्य सम्पन्न कराने की मांग की गई। आंदोलनकारियों ने बताया कि कुडू क्षेत्र से ही दिसुम गुरु वीर शिबू सोरेन ने अलग राज्य के आंदोलन को गतिमान बनाने के लिए संघर्ष का आगाज किया था। आज हमलोग को भी संघर्ष की नई इबारत लिखने की जरूरत है। अपने सम्मान में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए संस्थापक पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड

आंदोलनकारियों के सम्मान से ही राज्य का सम्मान है। झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान व अधिकार देने के लिए 10 नवंबर 2022 को मुख्यमंत्री को झारखंड आंदोलनकारी गौरव पुत्र सम्मान से सम्मानित किया जाएगा और दुकु ताकतों से लडने के लिए बल प्रदान किया जाएगा। राज्य के झारखंड आंदोलनकारियों ने झारखंड के नव निर्माण की दिशा में हर प्रकार के संघर्ष व शहादत को तैयार है। उन्होंने कहा कि संघर्ष व शहादत की बुनियाद पर झारखंड राज्य बना है। अब इस राज्य के आंदोलनकारियों को सजाना व संवारना का दावित्व है।

मेक मायट्रिप गोईबिबो और ओयो पर 392 करोड़ रुपये का किया जुर्माना

नयी दिल्ली। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने गैर प्रतिस्पर्धी गतिविधियों के आरोप में ऑनलाइन टूर एवं ट्रेवल सेवायें प्रदान करने वाली कंपनी मेक मायट्रिप गोईबिबो और ऑनलाइन होटलों का नेटवर्क संचालित करने वाली कंपनी ओयो को संचालित करने वाली कंपनी ओरावेल स्टेयस लिमिटेड पर कुल मिलाकर 392 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना किया है। आयोग ने अपने फैसले में कहा कि इन दोनों कंपनियों पर उनके कुल कारोबार का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इस तरह से मेक मायट्रिप गोईबिबो पर 223.48 करोड़ रुपये का और ओयो पर 168.88 करोड़ रुपये का जुमार्ना किया गया है। इन दोनों कंपनियों ने बाजार में अपने दबदबा का बेवजह इस्तेमाल किया और मेक मायट्रिप गोईबिबो ने ओयो के साथ मिलकर गैर प्रतिस्पर्धी गतिविधियों को अंजाम दिया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा।

अति अल्पकालीन ई0 प्रोक्योरमेंट नोटिस सं0–01

टेन्डर रेफरेन्स नं0: प0नि0वि0/चतरा/641दिनांक : 19.10.2022

1.	कार्य का नामः	चौपारण–चतरा पथ के 25वें कि0मी0 में 500मी0 आर0सी0सी0 नाला का निर्माण कार्य।
2.	प्राक्कलित राशि :	रू0 59,97,557=00 (रूपये उनसठ लाख सन्तानबे हजार पाँच सौ सन्तावन) मात्र।
3.	कार्य पूर्ण करने की अवधि :	6 (छः) माह
4.	निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि /समय	03.11.2022 12:00 बजे दोपहर तक
5.	बेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :	27.10.2022 10:30 बजे पूर्वाह्न
6.	निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता :	कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा।
7.	ई0 प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :	06541–224540
8.	ई0 प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या :	0651–2401010

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in देखें।

कार्यपालक अभियंता
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, चतरा।

PR 280526 Road(22-23)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

Email : eedwsd.chatra01@gmail.com

निविदा रद्द संबंधि सूचना

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित ई0–कोटेशन संख्या–NABL/CTR /E-QTAN/23/2022-23 (1st Call) दिनांक 02.08.2022 द्वारा जिला NABL प्रयोगशाला हेतु Benchtop pH & Electrical Conductivity Meter And Hot Plate with Magnetic Stirrer का क्रय करने हेतु कार्य जिसका P.R. No. 275036 (Drinking Water & Sanitation) 2022-23 है, जिसे अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग के पत्रांक 1018/ हजारीबाग दिनांक 11.10.2022 के आलोक में एतद् द्वारा रद्द (Cancel) किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

PR 280583 Drinking Water and Sanitation(22-23)#D

Email : eedwsd.chatra01@gmail.com

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

निविदा रद्द संबंधि सूचना

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित ई0–कोटेशन संख्या–NABL/CTR/E-QTAN/20/2022-23 (1st Call) दिनांक 02.08.2022 द्वारा जिला NABL प्रयोगशाला हेतु Ion Meter का क्रय करने हेतु कार्य जिसका P.R. No. 275039 (Drinking Water & Sanitation) 2022-23 है, जिसे अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग के पत्रांक 1018/हजारीबाग दिनांक 11.10.2022 के आलोक में एतद् द्वारा रद्द (Cancel) किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

PR 280575 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)

कार्यालयय उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी, पलामू, मेदिनीनगर (जिला स्थापना शाखा)

आवश्यक सूचना

श्री राम रतन, लिपिक, जिला विकास शाखा, पलामू समाहरणालय, मेदिनीनगर को इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 17.06.2017 से अभीतक कार्यालय से बिना अवकाश स्वीकृत कराये, बिना सूचना दिए, अनाधिकृत रूप से कार्यालय से अनुपस्थित है। जिसके लिए आपके सेवापुस्तिका में अंकित पता पर अनेकों बार आपके आवास पर सूचना भेजवायी गयी, किन्तु आप अपने आवास पर उपस्थिति नहीं पाये गये और न ही आज तक अनुपस्थित रहने के संबंध में कारण सहित कोई सूचना दिये।

अतः इस प्रेस विज्ञपित के माध्यम से पुनः आपको सूचित किया जाता है कि इस सूचना को प्रकाशित होने की तिथि से एक पक्ष के अन्दर आप अपने कार्यालय में उपस्थित होकर योगदान दें, अन्यथा निर्धारित अवधि तक योगदान नहीं देने पर यह समझा जायेगा कि आपको यह सेवा नहीं करनी है। अतएव आपको सेवा से बर्खास्त (Dismiss) कर दिया जायेगा, जिसकी सम्पूर्ण जबाबदेही आप पर होगी।

PR 280551 (District)22-23*D — उपायुक्त, पलामू

समाहरणालय, गढ़वा (जिला पंचायत शाखा)

email - dprogarhwa84@gmail.com

आम–सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 2277 दिनांक 30.09.2022 के आलोक में नगरपालिका आम निर्वाचन, 2023 के तहत् गढ़वा जिला अंतर्गत गढ़वा नगर परिषद् (वर्ग–ख), मझिऑव नगर पंचायत एवं श्री बंशीधर नगर नगर पंचायत के विभिन्न पदों के निर्वाचन हेतु प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रवार मतदान केन्द्रवार मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन दिनांक 19.10.2022 को किया गया है।

प्रारूप मतदाता सूची विनिर्दिष्ट स्थानों यथा संबंधित नगरपालिका कार्यालय, संबंधित प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र के कार्यालय एवं निम्न वर्णित प्राधिकृत पदाधिकारी के कार्यालय में मतदाताओं के निरीक्षण हेतु दिनांक 29.10.2022 तक (अवकाश के दिनों को छोड़कर) प्रातः 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक रखी जाएगी। मतदाता सूची के आधार पर दावा/आपत्ति विहित प्रपत्र में दिनांक 29.10.2022 तक कार्यालय अवधि में प्राप्त की जाएगी।

प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची के आधार पर दावा/आपत्ति प्राप्त करने एवं इसके निष्पादन हेतु नगरपालिका क्षेत्रानुसार निम्न विवरण के अनुसार पदाधिकारियों को प्राधिकृत किया गया हैः–

क0	नगरपालिका का नाम	प्राधिकृत पदाधिकारी का नाम	मो0नं0	दावा/आपत्ति देने हेतु चिन्हित स्थल
1	गढ़वा नगर परिषद् (वर्ग–ख)	श्री कुमार मयंक भूषण, अंचल अधिकारी, गढ़वा	7857986542	अंचल कार्यालय, गढ़वा
2	मझिऑव नगर पंचायत	श्री रामजी प्रसाद गुप्ता, अंचल अधिकारी, मझिऑव	6204604487	अंचल कार्यालय, मझिऑव
3	श्री बंशीधर नगर नगर पंचायत	श्री श्रवण राम, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, नगर उँटारी	8434174770	प्रखण्ड कार्यालय, नगर उँटारी

संबंधित नगरपालिका क्षेत्र के आमजन से अनुरोध है कि कि दिनांक 19.10.2022 को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची के आधार पर यदि किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो, तो दिनांक 29.10.2022 तक कार्यालय अवधि में उक्त कार्य हेतु प्राधिकृत पदाधिकारी को विहित प्रपत्र में हस्तगत करा दिया जाय। उक्त निर्धारित अवधि की समाप्ति पश्चात् किसी प्रकार की दावा/सुझाव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 280485 Election(22-23).D

कार्यालय :– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा वन प्रमण्डल, लोहरदगा

E-mail:- dfo-lohardagga@gov.in Ph. & Fax - 06526 – 224285

"निलामी सूचना"

सर्वसाधारण/निबंधित आरा मिल मालिकों एवं निबंधित प्रकाष्ठ डीपू मालिकों को सूचित किया जाता है कि वन प्रमण्डल पदाधिकारी, वन प्रमण्डल के अन्तर्गत वन क्षेत्र कार्यालय वन क्षेत्र कार्यालय लोहरदगा में विभिन्न प्रजाति के प्रकाष्ठ/जलावन आदि भंडारित है। इस भंडार की, जहाँ है, जिस स्थिति में है, के आधार पर बिक्री हेतु आम नीलामी के लिए तिथि 04 नवम्बर 2022 को निर्धारित की गयी है, जो निम्नवत है :–

क्र0	वन प्रक्षेत्र का नाम	प्रचय सं0	प्रजाति	पीस सं0	आयतन (घन मी0)	अभ्युक्ति
1	लोहरदगा वन प्रक्षेत्र	L1/22	साल बोटा	21	3.4172	04.11.2022 पूर्वाह्न 11:00 बजे
2		L2/22	साल बोटा	33	1.2676	
3		L3/22	आकाशी बोटा	7	0.2674	
4		L4/22	लिप्टस बोटा	8	0.3311	
5		L5/22	शीशम बोटा	12	1.0407	
6		L6/22	शीशम बोटा	14	0.5066	
7		L7/22	शीशम बोटा	12	0.8663	
8		L8/22	शीशम बोटा	14	0.5903	
9		L9/22	शीशम बोटा	19	0.7896	
10		L10/22	शीशम बोटा	24	0.9671	
11		L11/22	शीशम बोटा	19	1.0597	
12		L12/22	शीशम बोटा	8	0.2735	
13		L13/22	शीशम बोटा	5	0.7531	
14		L14/22	शीशम बोटा	12	0.4020	
15		L15/22	साल बोटा	40	5.4394	
16		L16/22	साल बोटा	35	7.1235	
17		L17/22	साल बोटा	71	5.0825	
18		L19/22	साल चौपहल	28	0.7806	
19		L20/22	साल बोटा	25	1.1842	
20		L21/22	साल पटरा	22	1.3588	

निलामी में सम्मलित होने के लिए रू0 5000.00 का गेट मनी नगद अथवा किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का डिमांड ड्राफ्ट वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा वन प्रमण्डल, लोहरदगा के पद नाम से भुगतेय हो जमा करना होगा। किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय एवं संबंधित प्रक्षेत्र या विभागीय कॉलोनी में भण्डारित प्रकाष्ठ एवं साईकिल का निरीक्षण किया जा सकता है। विस्तृत सूचना के लिए कार्यालय अवधि में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय अथवा मोबाईल नं0–8294935789 पर संपर्क किया जा सकता है। कतिपय कारण वश निलामी की तिथि में परिवर्त्तन की जा सकती है। निलामी के सम्मलित होने के लिए आधार कार्ड या पेन कार्ड लाना आवश्यक होगा। क्रय मूल्य के अलावे संबंधित सभी कर (Tax) जो झारखण्ड सरकार के नियमानुकूल होगा क्रेता द्वारा दिया जायेगा।

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लोहरदगा वन प्रमण्डल,लोहरदगा

PR 280476 Lohardaga(22-23).D

कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) –सह– उपायुक्त, पलामू

Tel. No. (Election Office) – 06562-231046 E-mail ID –electionpalamu1@gmail.com

आम–सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधाराण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2022–23 के तहत पलामू जिलान्तर्गत अवस्थित नगरपालिकाओं यथा – मेदिनीनगर नगर निगम, विश्रामपुर नगर परिषद (वर्ग–ख), छतरपुर नगर पंचायत, हुसैनाबाद नगर पंचायत एवं हरिहरगंज नगर पंचायत में आम निर्वाचन सम्पन्न कराया जाना है। राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, राँची के निदेशानुसार जिलान्तर्गत अवस्थित सभी नगरपालिकाओं के लिए प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रवार (वार्डवार) उस वार्ड के लिए चयनित मतदान केन्द्रों के अनुसार मतदाता सूची तैयार की गयी है, जिसका प्रारूप प्रकाशन निम्न विवरण अनुसार किया गया है –

नगरपालिका का नाम	प्रारूप प्रकाशन की तिथि	निरीक्षण हेतु समय एवं स्थानों का नाम, जहाँ मतदाता सूची (प्रारूप) रखी गयी है।	दावा एवं आपत्ति देने की अंतिम तिथि	दावा/आपति प्राप्त करने एवं उनके निष्पादन कार्य हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) के स्तर से प्राधिकृत पदाधिकारी का ब्यौरा (नाम, पदनाम, कार्यालय आदि)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
मेदिनीनगर नगर निगम	19.10.2022	समय :– प्रातः 11.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक। (सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर) स्थान – जिला निर्वाचन कार्यालय/सम्बन्धित अनुमण्डल कार्यालय/ अंचल कार्यालय, शहरी स्थानीय निकाय कार्यालय एवं सभी वार्ड कार्यालयों में।	29.10.2022	श्री झून्नू कुमार मिश्रा, अंचल अधिकारी, सदर मेदिनीनगर। (अंचल कार्यालय, सदर मेदिनीनगर) वार्ड नं0 01 से 30 हेतु। मो0नं0–7991177546
				श्री संजय कुमार बाखला, अंचल अधिकारी, चैनपुर। (अंचल कार्यालय, चैनपुर) वार्ड नं0 31 से 35 हेतु। मो0नं0–7033404997
विश्रामपुर नगर परिषद (वर्ग–ख)	19.10.2022		29.10.2022	श्री प्रशान्त कुमार हेम्ब्रम, अंचल अधिकारी, विश्रामपुर (अंचल कार्यालय, विश्रामपुर) मो0नं0–9304752549
छतरपुर नगर पंचायत	19.10.2022		29.10.2022	मो0 मोदस्सर नजर मंसूरी, अंचल अधिकारी, छतरपुर। (अंचल कार्यालय, छतरपुर) मो0नं0–7903098725
हुसैनाबाद नगर पंचायत	19.10.2022		29.10.2022	श्री नन्द कुमार राम, अंचल अधिकारी, हुसैनाबाद। (अंचल कार्यालय, हुसैनाबाद) मो0नं0–6207210528
हरिहरगंज नगर पंचायत	19.10.2022		29.10.2022	श्री बासुदेव राय, अंचल अधिकारी, हरिहरगंज (अंचल कार्यालय, हरिहरगंज) मो0नं0–9931878255

प्रारूप प्रकाशन की अवधि में संबंधित नगरपालिका क्षेत्र में निवास करने वाले वैसे व्यक्ति, जिन्हें मतदाता सूची में प्रविष्ट किये गये अपने विवरण अथवा निवास स्थान संबंधी कोई आपत्ति हो तो वे क्रमशः प्रपत्र 'क' (परिशिष्ट–1) एवं 'ख' (परिशिष्ट–2) में अपनी आपत्ति उपरोक्त कॉलम 5 में प्राधिकृत पदाधिकारी के समक्ष अथवा उनके द्वारा प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक/कर्मी को समर्पित कर सकते है। परिशिष्ट 3 में प्रपत्र–क एवं प्रपत्र–ख में दिए गये दावा/आपत्ति की सुनवाई हेतु निर्धारित स्थान एवं तारीख की सूचना प्राप्ति की पावती रसीद आवेदक द्वारा कार्यालय को दी जायगी इसके अतिरिक्त प्रारूप मतदाता सूची का अवलोकन जिला के वेबसाईट https://palamu.nic.in पर भी किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह– उपायुक्त, पलामू।

PR.NO.280532 Palamu(22-23):D

कार्यालयः– वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल

वन भवन, चतरा– 825401 (झारखण्ड)

Ph. & Fax (o) - 06541- 222303 E-mail:- dfo-chatrasouth@gov.in

सूचना संख्या – 03/2022 दिनांक – 18.10.2022

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल के अंतर्गत अंतिम रूप से राज्यसात वाहनों की जहाँ है, जिस स्थिति में है के आधार पर बिकी हेतु मुहरबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ निर्धारित तिथि को 10:00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक प्रमंडलीय कार्यालय में प्राप्त की जायेगी एवं उसी दिन निविददाता या उसके प्रतिनिधि के समक्ष 3.00 बजे अपराह्न में खोली जायेगी। किसी भी वाहन के लिए उच्चतम मूल्य/उच्चतम निविदा की राशि स्वीकार करने के लिए अद्योहस्ताक्षरी बाध्य नहीं होंगे एवं उसे बिना कोई कारण बताये बिकी से उठा लेने या रद्द करने के लिए सक्षम होगें। निविदा स्वीकृति प्राप्त होते ही निवदित मूल्य का 15 प्रतिशत प्रतिभूति राशि सफल निविदादाता को जमा करना अनिवार्य होगा एवं 30 (तीस) दिनों के अन्दर पूरी राशि एवं बिकी कर, अन्य देय करों सहित जमा करना होगा। अगर निविदादाता निर्धारित समय के अंतर्गत पूरी राशि जमा नहीं कर पाते है तो उनके द्वारा जमा किया गया अग्रधन/प्रतिभूति राशि बिना कोई कारण बताये राज्यसात कर ली जायेगी। निविददाता को निविदा के साथ अग्रधन के रूप में **ट्रक एवं ट्रैक्टर के लिए 10,000.00 रू0, बेलेरो मैक्सी ट्रक, पिकअप भान एवं बोलेरा के लिए 5000.00 एवं मोटरसाईकिल के लिए 2000.00 रू0** मात्र का बैंक ड्राफ्ट जो केवल भारतीय स्टेट बैंक, चतरा में भुगतेय हो एवं "वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल" के पक्ष में भुगतेय हो जमा करना होगा। असफल निविददाताओं को अग्रधन की राशि तुरंत वापस कर दी जायेगी। सफल निविदादाता द्वारा दी गई अग्रधन राशि प्रतिभूति राशि में समायोजित कर ली जायेगी। इच्छुक निविददाता निविदा देने के पूर्व किसी भी दिन स्थलों पर वाहनों का निरीक्षण कर सकते है। निविदा प्रपत्र अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य अवधि में दिनांक 01.11.2022 से 12.11.2022 के 2.00 बजे **अपराह्न** तक 200.00 (दो सौ) रू0 मात्र शुल्क जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। निविददाता डाक द्वारा भी निविदा भेज सकते है, बशर्ते कि विहित प्रपत्र में निविदा, अग्रधन राशि सहित मुहरबंद लिफाफे में निर्धारित तिथि को 2.00 बजे अपराह्न तक कार्यालय में प्राप्त हो जाय। विस्तृत सूचना के लिए कार्यालय अवधि में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

वाहनों की सूची जिसके लिए निविदा आमंत्रित है :

कम सं0	वाहनों का नाम	निबंधन संख्या	स्थान/कार्यालय, जहाँ वाहन स्थित है
1.	टेम्पु	JH03D-1425	चतरा वन प्रक्षेत्र परिसर
2.	ट्रक	CG04HA- 3161	चतरा वन प्रक्षेत्र परिसर
3.	ट्रक (जम्बो)	JH01L-6376	सिमरिया थाना परिसर
4.	पिकअप भान	BR02T-1712	चतरा वन प्रक्षेत्र परिसर
5.	पिकअप भान	JH13A-2946	चतरा वन प्रक्षेत्र परिसर
6.	ट्रक 407	BR17C-9598	चतरा वन प्रक्षेत्र परिसर
7.	ट्रक 407	JH01J-8175	चतरा वन प्रक्षेत्र परिसर
8.	टेकर (जीप)	JH02A-3383	ईटखोरी थाना परिसर

आमंत्रित निविदा की तिथि

कम सं0	माह	निविदा की तिथि	निविदा प्राप्त करने का समय	निविदा खोलने का समय
1	नवम्बर, 2022	18.11.2022	2:00 बजे अपराह्न	3:00 बजे अपराह्न

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल

PR280484 (Forest, Environment and Climate Changes)22-23*D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.

VERY SHORT NOTICE RE-INVITING TENDER

Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/14/2022-23

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 27.10.2022 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 28.10.2022 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 28.10.2022 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

Sl.No.	Name of Work	Estimated Cost	Amount of Earnest Money	Cost of Tender Paper	Time Completion of Work
1.	Construction of Store Room, Chabutra and Ramp in S.P Residence Campus Daltonganj, Palamu.	1555100.00	31500.00	5000.00	02 Months
2.	Renovation of the Boundary Wall in S.P Residence Palamu, Daltonganj.	1709100.00	35000.00	5000.00	01 Months
3.	Renovation of S.D.P.O Residence, Barrack, Kitchen, and Landscaping Work at Chattarpur, Palamu.	1375300.00	28000.00	2500.00	01 Months
4.	Construction of R.C.C Guard Wall in Commissioner Residence, Daltonganj, Palamu.	2129500.00	43000.00	5000.00	03 Months
5.	Renovation of Guest House at Commissioner Residence, Daltonganj, Palamu.	1260400.00	25500.00	2500.00	01 Months
6.	Raising & Repair and Fencing of Boundary wall of Commissioner Residence, Daltonganj, Palamu.	668900.00	13500.00	1250.00	01 Months
7.	Construction of New Bathroom in Civil Court Building Daltonganj, Palamu.	1884100.00	38000.00	5000.00	02 Months
8.	Construction of Vehicle Shed, Paver Block and APP Work at Civil S.D.O Office Daltonganj, Palamu.	1670200.00	33500.00	5000.00	02 Months

नोटः–

1. *Tender Fee 2%* अग्रधन की राशि *PAN, G.S.T Certificate, Up to Date G.S.T Return Certificate* तथा निबंधन प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र *(BOQ)* निर्गत किया जाएगा।
2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के संचिका सं0– प0नि0वि0/विविध–06–33/2007(अंश–1) 2146*(S)* दिनांक 09.09.2020 के अनुरूप *Performance Security* उपलब्ध करायें।

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR 280472 Building(22-23)D

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड

कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, गढ़वा।

"पशुपालकों हेतु आम सूचना"

मादा बाछियों की उत्पत्ति हेतु लिंग परिष्कृत वीर्य **(Sex Sorted Semen)** से कृत्रिम गर्भाधान सेवा

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड अन्तर्गत झारखण्ड स्टेट इम्प्लीमेंटिंग एजेंसी, होटवार, राँची के द्वारा आपके पंचायत में कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। केन्द्रीय योजना राष्ट्रीय गोकुल मिशन अन्तर्गत लिंग परिष्कृत वीर्य से त्वरित नस्ल सुधार (Accelerated Breed Improvement Programme using Sex Sorted Semen under RGM) में जिला के गाय एवं भैंस का उच्च गुणवत्तायुक्त लिंग परिष्कृत वीर्य से कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा सभी पशुपालकों को उपलब्ध कराया जाना है। ज्ञात हो कि सामान्य वीर्य से उत्पन्न वत्स में मादा एवं नर पशुओं को औसत 50:50 प्रतिशत होता है, जबकि लिंग परिष्कृत वीर्य (Sex Sorted Semen) से उत्पन्न वत्स में मादा एवं नर पशुओं का औसत 90:10 प्रतिशत होता है, जिससे 40% अधिक मादा पशुओं की उत्पत्ति होती है। लिंग परिष्कृत वीर्य से सुनिश्चित गर्भधारण हेतु आप के साथ एकरारनामा किया जायेगा।

ध्यान योग्य बातें :–

1. पशुपालक द्वारा प्रतिवर्ष प्रति पशु रुपये 500/– प्रदान किया जायेगा। प्रत्येक पशु को उच्च गुणवता युक्त लिंग परिष्कृत वीर्य से सुनिश्चित गर्भधारण हेतु अधिकतम दो बार कृत्रिम गर्भाधान किया जा सकेगा। कृत्रिम गर्भाधान, गर्भ जाँच एवं वत्स उत्पत्ति हेतु कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं है।
2. दो बार कृत्रिम गर्भाधान के पश्चात् भी पशु गर्भित न हो, तो एकरारनामा की सम्पूर्ण राशि (रुपये 500/–) पशुपालक को वापस कर दी जायेगी।
3. यदि नर वत्स की उत्पत्ति होती है, तो रुपये 500/– में से आधी राशि अर्थात रुपये 250/– पशुपालक को वापस कर दी जायेगी।
4. उक्त कार्यक्रम हेतु 1st से 3rd ब्यान की सामान्य ऋतु चक्रीय मादा (Normal Cyclic Bovines) जिनकी प्रजनन क्षमता अच्छी हो, का चयन किया जायेगा। किसी प्रकार की बांझपन आदि समस्या हेतु स्थानीय पशुचिकित्सा पदाधिकारी द्वारा सहायता प्रदान की जायेगी।
5. यदि पशु पूर्व से चिन्हितीकरण एवं निबंधन किया हुआ न हो, तो सभी पशुओं को 12 अंको वाले UID Tag (टैग) से चिन्हितीकरण एवं INAPH में निःशुल्क निबंधन किया जायेगा। टैग से अनेक लाभ हैं, अतएव आप अपने पशुओं का टैगिंग अवश्य करवायें।
6. कृत्रिम गर्भाधान के पश्चात् प्रयुक्त सीमेन स्ट्रॉ को कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता से प्राप्त कर सुरक्षित रखें।

अतः सभी पशुपालक भाईयों/बहनो से निवेदन है कि इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठावें, ताकि जिला में अधिकाधिक उच्च गुणवता युक्त बाछियों का उत्पादन कर त्वरित नस्ल सुधार किया जा सके। विशेष जानकारी हेतु अपने निकटतम पशुचिकित्सा पदाधिकारी/जिला पशुपालन पदाधिकारी/ स्टेट नोडल पदाधिकारी, जे०एस०आई०ए० से सम्पर्क करें।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी गढ़वा।

PR 280554 Animal Husbandry(22-23)D

सम्पादक की कलम से...

विकास के पथ पर झारखंड

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चतरा में लाभुकों के बीच 104 करोड़ 02 लाख 42 हजार रुपये की बांटी परिसंपत्ति बांटी। साथ ही 42 योजनाओं की सौगात देकर यह बता दिया है कि बोलने से कुछ नहीं होता,अपितु काम करने से ही वह जनता जनार्दन के दिलों में बसता है। ऐसे में आज कोई भी आदमी यह कह सकता है कि हेमंत सरकार सिर्फ योजनाएं नहीं बना रही हैं, बल्कि उसे जन-जन तक पहुंचा भी रही है। लोग इन योजनाओं से जुड़कर खुद सशक्त, स्वावलंबी और खुशहाल बनने की दिशा में कदम से कदम मिलाकर चलने लगे हैं। 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम को सफलता मिलती दिखने लगी है। ऐसे में कहा जा सकता है कि यह सरकार दुःख-दर्द, तकलीफ, परेशानी और का समस्याओं के समाधान के लिए 24 घंटे काम करने का आमादा दिखने लगी है। सरकार की योजनाएं कागज-कलम में दम तो नहीं तोड़े इसके लिए इस अभियान को सभी का साथ चाहिए। योजनाएं सही तरीके से धरातल पर पहुंच रही है या नहीं। इसे देखने के लिए ही इस तरह के कार्यक्रम सफल दिख रहे हैं। बस जरूरत है कि इसे इसी तरह गति मिलते रहे। पंचायतों में आयोजित हो रहे इन शिविरों की एक ओर मुख्यालय के स्तर पर पोर्टल के माध्यम से समीक्षा की जा रही है। वहीं, वरीय अधिकारियों को भी विशेष रूप से शिविरों का निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये हैं। यह अच्छी बात है। दूसरी तरफ शिक्षा के क्षेत्र में 11 अक्टूबर से प्रारंभ अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना को लांच किया गया। यह योजना स्कूली बच्चियों को समर्पित है। इस योजना से नौ लाख बच्चियों को जोड़ने का लक्ष्य है। अब स्कूलों में शिविर लगाकर बच्चियों को किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया जायेगा। वहीं, छात्रवृत्ति की राशि में तीन गुना तक इजाफा किया गया है। इसके अलावे छात्रावासों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। यहां चौकीदार और रसोइया होंगे। यहां रहनेवाले विद्यार्थियों के अनाज की भी व्यवस्था करने पर सरकार विचार कर रही है। निजी विद्यालय की तर्ज पर मॉडल स्कूल खोले रहे हैं। यहां बच्चों को निःशुल्क अंग्रेजी माध्यम से गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिलेगी। किसानों-मजदूरों को अब अपने बच्चे-बच्चियों के पढ़ाई-लिखाई की चिंता करने की जरुरत नहीं है। बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा सरकार ले रही है। कम बारिश के कारण राज्य के कई इलाकों में सुखाड़ जैसी स्थिति है, लेकिन सरकार ने सुखाड़ से निपटने के सभी उपाय कर लिये हैं। ग्रामीणों के लिए कई रोजगारपरक योजनायें चलाने पर विचार किया जा रहा है। ऐसे में यह ध्यान देना जरूरी है कि किसानों-मजदूरों का पलायन नहीं हो, इसे रोकने की दिशा में अधिकारियों को निर्देश दिये जाने चाहिए। झारखंड जैसे ग्रामीण परिवेश वाले राज्य में ग्रामीणों के लिए पशुधन किसी भी मायने में एटीएम से कम नहीं है। इसी बात को ध्यान में रखकर सरकार ने मुख्यमंत्री पशुधन योजना शुरू की है। इस योजना के तहत पशुपालकों को पशु के साथ पशु शेड के लिए भी राशि दी जा रही है ताकि उनकी आय बढ़ायी जा सके। वहीं, तीस लाख हरा राशन कार्ड भी जारी किया जा रहा है। ऐसी कई योजनाएं हैं, जिसका मकसद राज्यवासियों का कल्याण है। ऐसे में सरकार के इस बढ़ते कदम को सब का साथ चाहिए। आशा है कि लोग इस अभियान से जुड़ कर राज्य के विकास में सहभागी बनेंगे।

आज का इतिहास

1568 : फ्रांसीसी युद्धों के दूसरे चरण को समाप्त करने के लिए लॉन्गजुमाऊ की शांति संधि पर हस्ताक्षर किये गए थे।
1994 : रॉबर्ट एफ केनेडी, जूनियर ने एमिली ब्लैक को तलाक दिया।
2007 : ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन ने विश्वकप का सबसे तेज शतक बनाया।
2008 : पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता युसुफ रजा गिलानी को पाकिस्तान का नया प्रधानमंत्री चुना गया।
2008 : भूटान में पहला आम चुनाव हुआ। जिसमें जिग्मे थिनले के नेतृत्व वाली भूटान पीस एंड प्रॉस्पेरिटी पार्टी को चुनाव में 47 में से 45 सीटें मिली।
2011 : केन्या ने अफ्रीका कार्बन एक्सचेंज खोला।
2013 : पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान में एक सैन्य चौकी पर हुये आत्मघाती हमले में 17 सैनिक मारे गये।
1880 : स्वतंत्रता सेनानी बसंती देवी का जन्म।
1888 : इंग्लैंड में दुनिया की सबसे पुरानी पेशेवर एसोसिएशन फुटबॉल लीग द फुटबॉल लीग, की स्थापना।
1910 : डॉ. राममनोहर लोहिया का उत्तर प्रदेश के फैजाबाद जिले में जन्म।
1931 : भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान क्रांतिकारी भगत सिंह और उनके साथियों राजगुरु तथा सुखदेव को फांसी दी गई।
1956 : पाकिस्तान दुनिया का पहला इस्लामिक गणतंत्र बना।
1890 : रामचंद्र चटर्जी पैराशूट से उतरने वाले पहले व्यक्ति बने।
1893 : चटगांव विद्रोह का सफल नेतृत्व करने वाले महान क्रांतिकारी सूर्य सेन का जन्म।
1917 : रूस की नयी सरकार को मान्यता देने वाला अमेरिका पहला देश बना।
1942 : सर स्टैफोर्ड क्रिप्स के नेतृत्व में क्रिप्स मिशन भारत आया।
1969 : इंडियन पेट्रोकेमिकल्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड का उद्घाटन।
1977 : इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा दिया।
1958 : सोवियत संघ ने नोवाया जेमलया में परमाणु परीक्षण किया।
1979 : इजरायल की संसद ने मिस्र के साथ शांति संधि को मान्यता दी।

कट्टरता से जन्मा देश खतरनाक

> तत्कालीन राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ को अमेरिकी अधिकारियों द्वारा दस्तावेजी सबूत दिखाने के बाद पाकिस्तानी परमाणु कार्यक्रम के जनक अब्दुल कादिर को आजीवन अपने घर में नजरबंद कर दिया गया था। आज यह खुले रहस्य की तरह है कि उत्तरी कोरिया और ईरान के परमाणु कार्यक्रम विकास के जिन चरणों में हैं, उन्हें वहां तक पहुंचाने में पाकिस्तान के सैन्य और असैन्य अधिकारियों को मिली रिश्वतों का भी बड़ा हाथ है। खुद प्रधानमंत्री रही बेनजीर भुट्टो ने भी एक इंटरव्यू में इसे माना था कि उनके सरकारी जहाज का भी इस काम में इस्तेमाल हुआ था।

इन दिनों पाकिस्तान में हंगामा बरपा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने डेमोक्रेटिक पार्टी की चुनावी तैयारियों से जुड़े समूह के सामने बोलते हुए पाकिस्तान को दुनिया के सबसे खतरनाक मुल्कों में से एक करार दे दिया। यह एक ऐसे समय हुआ, जब पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी और पीडीएम गठबंधन की शहबाज शरीफ सरकार अपनी विदेश नीति की सफलता की डींगे हांकते थक नहीं रहे थे। वर्षों बाद यह भी हुआ कि किसी पाकिस्तानी जनरल को अमेरिका के सुरक्षा तंत्र में इतना महत्व मिला। हालिया यात्रा के दौरान जनरल बाजवा को अमेरिकी रक्षा सचिव ने तो समय दिया ही, रक्षा मुख्यालय पेंटागन में भी उनको अप्रत्याशित प्रोटोकॉल दिया गया। चंद महीनों में अमेरिकी रुख में इतना बड़ा बदलाव कैसे हो गया? अंतरराष्ट्रीय संबंधों के जो गंभीर अध्येता अमेरिकी नीतियों पर नजर रखते हैं, वे जानते हैं कि ये किसी फौरी उत्तेजना की निर्मिति नहीं हैं, उन्हें अमेरिकी हितों को ध्यान में रखते हुए बहुत से विचार समूहों (थिंक टैंक) से प्राप्त इनपुट के आधार पर विकसित किया जाता है, इसलिए न तो पाकिस्तानी उल्लास के पक्ष में कोई तर्क बनता है और न ही जो बाइडन के बयान से कोई सरलीकृत निष्कर्ष निकाले जाने चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यूं ही पाकिस्तान को सबसे खतरनाक मुल्कों की श्रेणी में नहीं रखा है। सात घोषित और दो अघोषित परमाणु हथियार संपन्न देशों में पाकिस्तान अकेला है, जहां से अलग-अलग मौकों पर परमाणु तकनीक अनधिकृत स्रोतों को बेची गई है। तत्कालीन राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ को अमेरिकी अधिकारियों द्वारा दस्तावेजी सबूत दिखाने के बाद पाकिस्तानी परमाणु कार्यक्रम के जनक अब्दुल कादिर को आजीवन अपने घर में नजरबंद कर दिया गया था। आज यह खुले रहस्य की तरह है कि उत्तरी कोरिया और ईरान के परमाणु कार्यक्रम विकास के जिन चरणों में हैं, उन्हें वहां तक पहुंचाने में पाकिस्तान के सैन्य और असैन्य अधिकारियों को मिली रिश्वतों का भी बड़ा हाथ है। खुद प्रधानमंत्री रही बेनजीर भुट्टो ने भी एक इंटरव्यू में इसे माना था कि उनके सरकारी जहाज का भी इस काम में इस्तेमाल हुआ था। पूर्व गृह मंत्री शेख रशीद जैसे पाकिस्तानी राजनीतिज्ञों ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि उनके पास टैक्टिकल बम हैं। टैक्टिकल बम वे छोटे बम होते हैं, जिन्हें बिना महंगे तामझाम के दो-तीन पैदल सैनिक चला सकते हैं। सही अर्थों में तो एक ही सैनिक काफी है, जो अपने कंधे पर रखे किसी लॉन्चर से यह बम फेंक सकता है। इसे उपयोग में लाने के लिए कमांड और कंट्रोल का वर्तमान तंत्र काफी हद तक अपर्याप्त सिद्ध होगा। छोटा बम एक सीमित इलाके में कुछ लाख लोगों को तो मारेगा ही, एक बड़े परमाणु युद्ध की संभावना भी पैदा करेगा। अमेरिका के लिए दूसरा और ज्यादा बड़ा दुःस्वप्न पाकिस्तानी परमाणु जखीरे का किसी आतंकी संगठन के हाथ पड़ जाने की आशंका है। एक कमजोर नींव पर खड़े पाकिस्तानी राज्य में इसका खतरा हमेशा बरकरार रहता है। कई बार ऐसा हुआ कि देश के किसी विशाल भूभाग पर इस्लामी अतिवादियों का कब्जा हो गया और एक स्थिति तो ऐसी भी आई, जब वे इस्लामाबाद से सिर्फ साठ मील दूर रह गये थे। दुर्भाग्य से मुख्यधारा के लगभग हर राजनीतिक दल ने मौका पड़ने पर सशस्त्र जेहाद में विश्वास रखने वाले संगठनों से हाथ मिलाया है। इस समय लोकप्रियता के शिखर पर बैठे इमरान तो एक जमाने में कहे ही जाते थे तालिबान खान। फौज एक प्रोजेक्ट के तौर पर उन्हें सत्ता में लाई थी और उसके हाथ खींच लेते ही वे तख्त से उतार दिये गये। पर विपक्ष में बैठे इमरान ज्यादा खतरनाक हो गये हैं। अमेरिका मुखालिफ आख्यान तो पाकिस्तान में हमेशा बिकता आया है, उन दिनों भी जब वह पूरी तरह से अमेरिकी मदद पर निर्भर था, सार्वजनिक विमर्श का टोन ऐसा ही होता था, पर इस बार तो इमरान ने इस नैरेटिव को फौज विरोधी भी बना दिया है। इन दिनों पाकिस्तानी सोशल मीडिया सेनाध्यक्ष जनरल बाजवा और उनके समर्थक खुफिया इदारों के अफसरों के खिलाफ गुस्से से भरा हुआ है। सत्ताच्युत होने के बाद होने वाले सारे उपचुनावों को इकतरफा मुकाबलों में जीतकर इमरान ने साबित कर दिया है कि पाकिस्तान में अमेरिका विरोधी के साथ ही फौज विरोधी बयान भी बिक सकता है और यह भी अमेरिका के लिए चिंता का एक कारण है।

■ विभूति नारायण राय

देशी साहब-विदेशी कुत्ता

देशी साहब अभी-अभी उठे हैं और रंग का ओवरकोट पहनकर टहलने की तैयारी कर रहे हैं। रंग के ओवरकोट की जरा ठहरकर बात करने से पहले उनके पालतू टॉमी कुत्ते के बारे में बात कर लें! हाँ, तो साहब जाग उठे हैं, पर कुत्ता अभी गहरी नीद सोया हुआ है। वह शायद किसी इंग्लिस्तानी बिलवेट के सपने ले रहा है! देशी चीजें उसके कमर तले नही भाती। इंग्लैंड में अब देशी आदमी इम्पोर्ट नहीं हो सकते, पर अंग्रेजी कुत्ते हो सकते हैं। देशी साहब प्रयत्न करेंगे कि उसके लिए इंग्लैंड की ही किसी बिच (कुतिया) का प्रबंध किया जाए। देशी साहब भी अंग्रेजी कुत्ते के बहाने विदेश यात्रा कर आयेंगे। देशी साहब बड़े ही प्यार से अपने अंग्रेजी कुत्ते को जगाते हैं। सिर पर मोहब्बत से हाथ फेरते हैं और बड़े ही मधुर स्वर में 'टॉमी-टॉमी' का राग अलापते हैं। कुत्ता अपनी आलस्यपूर्ण पलकें खोलता है। और अपने देसी साहब को देखकर चूँ-चूँ करने लगता है। शायद जल्दी जगा देने पर गुस्सा दिखा रहा है। समझ ही नहीं आता कि क्या कह रहा है! अंग्रेजो की तरह बोलता है न! अवश्य ही कह रहा होगा : 'यू स्टुपिड काण्ट सी? आई वाज हैविंग लवली ड्रीम ऑफ माय इंग्लिश बिलवेड!' देशी साहब को बिलकुल गुस्सा नहीं आता! गोरी चमड़ी वाले मालिक सदियों से हमारे साहब लोगों को 'इंडियन डॉग' कहते आ रहे हैं, बल्कि जब वह 'ब्लैक डॉग' कहते थे, तो हमारे देशी साहब के पूर्वज दुम हिलाते हुए सिजदे में बिछ-बिछ जाते थे। फिर यह देशी साहब अपनी खानदानी परंपरा को कैसे भुला सकते हैं। वे स्वयं यद्यपि देशी है, तथापि अपने कुत्ते को अंग्रेजी ढंग से पालते हैं। शायद इसीलिए अपने कुत्ते का नाम देशी तर्ज वाला नहीं रखा। यह कुत्ता भोलू, चिंटु या परकास नहीं हो सकता। यह सदा टॉमी, लॉटी, रॉक आदि ही कहलाने में गर्व समझता है! देशी साहब को यह कुत्ता अपने किसी अंग्रेजी अफसर से भेंट में मिला था। यह तब से ही मक्खन, पेस्ट्री, बिस्कुट या क्रीम रोल खाता है, जब कि आम औसतन हिन्दुस्तानी बाजरे की रोटी के लिए भी गली के आवारा कुत्तों की तरह सड़ते हैं! देशी साहव खुद बिना शक्कर के चाय पीते हैं, पर अपने इस कुत्ते के लिए खालिस दूध का प्रबंध करते हैं और दूध भी अपने सामने दुहाकर लाते हैं! कुत्ते को अडल्टरेटेड दूध पिलाना अपना अपमान समझते हैं। उनको डर है कि कहीं कुत्ता हिन्दुस्तानी अडल्टरेशन के बारे में बी० बी० सी० पर भाषण न दे आए। एक बार साहब की नौकरानी ने अपने रोते हुए बच्चे के लिए बूंद-भर दूध मांग लिया था। साहब ने उसकी ओर यों देखा जैसे कह रहे हों तेरे बच्चे को क्या सिर पर उठायेंगे। हमारा टॉमी क्या पियेगा।' उनके 'डाग-लव' पर तो एक बहुत बड़ा निबंध लिखा जा सकता है! जब पेंशन लेने के बाद साहब अपनी आटोबायोग्राफी लिखेंगे, तो उसके बारे में कम कुत्ते के बारे में अधिक लिखेंगे। साहब कभी-कभी मूड में आकर कह ही देते हैं : 'आदमी की अपेक्षा यह कुत्ते ज्यादा वफादार होते हैं। युधिष्ठिर के साथ अंत तक एक कुत्ता ही गया था। यह भी मुझे स्वर्गलोक तक छोड़कर आयेगा साहब ने आज फिर पुचकारकर कुत्ते को जगाया है। कुत्ते का प्यारा प्यारा सपना भुने पापड़ की तरह चरचरा के टूट गया है। यह साहब के पुच-पच करने पर भी घुर-घुर किये जा रहा है। साहब को और प्यार उमड़ता है। कुत्ता उनके रंग ओवरकोट पर पांव मारता है। साहब ओवरकोट पर लगी मिट्टी झाड़ते हैं। कुत्ता फिर पांव मारता है और साहब की आंखों में सीधा झांकता है। घुर-घुर करता है। लगता है, जैसे पूछ रहा हो : 'आप लोग यह हमारी उतरन कब तक पहनते रहेंगे। अब तो आप आजाद हो गये हैं। अपनी पोशाक पहनना सीखिये।' फिर भी साहब उसके सिर पर हाथ फेरकर मुस्कुराते हैं। हम अपनी मनोवृत्ति का क्या करें, जो अपने मालिकों की उतरन पहनकर संतुष्ट हो जाती है? साहित्य में, समाज मे, रहन-सहन में, धान-पान और बोलने तक में सब जगह हम पश्चिमी उत्तरन पहनकर ही अपना समय बिताने में अपना ज्ञान समझते हैं।' कुत्ता अभी भी घुर-घुर किये जा रहा है, और साहब अभी भी उस पर हाथ फेर रहे हैं।

■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657

ताइवान पर शी ने क्यों दी धमकी

चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के 20वें अधिवेशन की रविवार को शुरूआत करते हुए राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने जीरो-कोविड पॉलिसी और करप्शन के खिलाफ सरकार के अभियान की तारीफ की। इस अधिवेशन में करीब 2,300 डेलीगेट्स शामिल हुए हैं, जो अगले पांच साल के लिए पार्टी लीडर का चुनाव करेंगे। पिछले 10 साल से शी सीपीसी और सरकार के मुखिया बने हुए हैं और अगले पांच साल के लिए भी उनका मुखिया चुना जाना तय है। **ताइवान पर तल्ख तेवर :** अधिवेशन में आए डेलीगेट्स को डेढ़ घंटे से कुछ अधिक समय तक संबोधित करते हुए शी ने हांगकांग और ताइवान मामलों का भी जिक्र किया। चीन की सरकार ने हांगकांग में लोकतंत्र की मांग करने वाले विरोधियों को कुछ समय पहले कुचला था। शी ने इस बारे में कहा, 'हांगकांग में पहले अराजकता थी, अब सुशासन है।' ताइवान के बारे में चीनी राष्ट्रपति ने कहा कि चीन में उसे मिलाने के लिए वह बल प्रयोग करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। इससे पता चलता है कि ताइवान को लेकर चीन और आक्रामक रुख अख्तियार करेगा। बहुत साल से चीन की आशा रही है कि ताइवान उससे फिर से जुड़ जाए। लेकिन ताइवान में बहुत से लोग खुद को चीनी नहीं, ताइवानी मानते हैं। ऐसी सोच रखने वालों की संख्या बहुत बढ़ गई है, जिससे चीन के लिए एक बड़ा रोड ब्लॉक खड़ा हो गया है। चीन कह रहा है कि ताइवान या तो शांतिपूर्ण रूप से चीन से जुड़ जाए, नहीं तो वह बल प्रयोग करेगा। चीन ऐसी बात पहले भी कहता आया है। लेकिन दुनिया देख रही है कि यूक्रेन में रूस के साथ क्या हो रहा है। रूसी राष्ट्रपति पूतिन ने इस साल फरवरी में यूक्रेन पर हमला किया, तब यही माना जाता था कि रूस कुछ दिनों में युद्ध जीत लेगा, मगर ऐसा हुआ नहीं। यही हाल ताइवान पर हमला करने पर चीन का भी हो सकता है। उसके लिए भी ताइवान को हमला कर खुद में मिलाना आसान नहीं होगा। शी चिनफिंग 2019 में एक ताइवानी प्रतिनिधिमंडल से मिले थे। तब उन्होंने बयान दिया था कि चीन-ताइवान का जो मसला है, इसका हल मैं इस जेनरेशन में, यानी अपने कार्यकाल में हल कर लूंगा। **अमेरिका ने बढ़ाई मदद :** अब यह बयान कौन सी दिशा लेता है, यह कई फैक्टर्स पर निर्भर करता है। शी चिनफिंग ताइवान को मिलाने को अपना लॉन्ग टर्म प्रोग्राम बताते हैं। चीन दुनिया की दूसरी बड़ी इकॉनमी है और वह शक्तिशाली सामरिक ताकत भी बन चुका है। इसलिए चिनफिंग हांगकांग में लोकतंत्र समर्थकों को कुचलने और ताइवान को लेकर ऐसे आक्रामक बयान दे रहे हैं। ताइवान को लेकर चीन की तल्खी अमेरिका से भी बढ़ी है। कुछ समय पहले अमेरिकी कांग्रेस की स्पीकर नैन्सी पेलोसी ताइवान आईं तो चीन ने उस पर सख्त ऐतराज जताते हुए लाइव मिलिट्री ड्रिल शुरू कर दी थी। ताइवान के साथ अमेरिकी जन-प्रतिनिधियों का मेल-जोल और दौरा डॉनल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति काल से बढ़ा शुरू हुआ। हाल में भी ऐसी हाई-लेवल विजिट हुई है। अमेरिका ताइवान को हथियार भी दे रहा है। इससे ताइवान में यह भावना मजबूत हो रही है कि वह चीन का हिस्सा नहीं बनेगा। चीन को लग रहा है कि अगर वह इसे नहीं रोकेगा और ताइवान ने खुद को आजाद घोषित कर दिया तो उसके लिए शर्मिंदगी की स्थिति बन जायेगी। चीन ताइवान के मामले में चुप बैठने वाला नहीं है। इसे लेकर अमेरिका से बढ़े तनाव का जिक्र भी शी ने बगैर उसका नाम लिए किया। उन्होंने कहा कि दुनिया के बड़े देशों से चीन को लगातार चुनौती मिल रही है। इसे देखते हुए चीन को अपनी सैन्य शक्ति बढ़ानी होगी **चिनफिंग की चुनौतियां :** शी के पास अपना अजेंडा पूरा करने के लिए काफी वक्त है। उनके तीसरी बार राष्ट्रपति बनने में किसी को शक नहीं है तो यह भी कहा जा रहा है कि वह शायद चौथा और शायद पांचवां टर्म भी पूरा करें।

■ कल्पित ए. मानकीकर

धर्म दर्शन

श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

अथ प्रथमोऽध्यायः

अहो, यज्ञमें दीक्षित ये धर्मनिष्ठ राजा शापसे दग्ध हो गये हैं और यज्ञ भी अपूर्ण ही रह गया है ऐसेमें हम सबको क्या करना चाहिये ? अब हम क्या करें? यह तो विपरीत कार्य हो गया। भवितव्यताके अवश्य होनेके कारण इसका निवारण करनेमें हम असमर्थ हैं ॥ 4-5 ॥

तब उन महात्मा राजाकी देहको ऋत्विजोंने अनेक प्रकारके मन्त्रोंसे सुरक्षित रखा; उनकी श्वास मन्द गतिसे चल रही थी। मन्त्रशक्तिसे उनकी निर्विकार आत्माको देहमें प्रतिष्ठित करके ऋत्विजोंने उसे अनेक प्रकारके गन्ध, माल्य आदिसे सुपूजित कर रखा था ॥ 6-7 ॥

यज्ञके सम्पूर्ण होनेपर वहाँ सभी देवगण आये। हे राजन! ऋत्विजोंने उन सबकी स्तुति की, जिससे वे बहुत प्रसन्न हुए। मुनियोंके द्वारा राजाके विषयमें समस्त बातोंको जान लेनेपर स्तोत्रोंसे सन्तुष्ट देवताओंने दुःखी मनवाले राजासे कहा- हे राजन हे सुव्रत। हम प्रसन्न है; वर माँगिये। हे राजमें। इस यहके कारण आपको श्रेष्ठ जन्म प्राप्त हो सकता है। देवशरीर, मनुष्यशरीर अथवा आपके मनमें जो इच्छा हो, उसे आप प्राप्त कर सकते हैं; जैसे कि आपके पुरोहित वसिष्ठ गर्वयुक्त होकर मर्त्यलोकमें सुखपूर्वक रह रहे हैं ॥ 8-10 ॥

उनके ऐसा कहनेपर निमिकी आत्माने परम सन्तुष्ट होकर उनसे कहा- हे श्रेष्ठ देवगण सर्वदा विनष्ट होनेवाली इस देहमें रहनेकी मेरी इच्छा नहीं है, सम्पूर्ण प्राणियोंकी दृष्टिमें मेरा निवास हो, जिससे मैं वायुरूप होकर समस्त प्राणियोंके नेत्रों में विचरण करूँ ॥ 11-12 ॥

उनसे ऐसा कहे जानेपर देवताओंने निमिकी आत्मासे कहा- हे महाराज आप कल्याणकारिणी तथा सबकी ईश्वरी भगवतीकी आराधना करें। आपके इस यज्ञसे प्रसन्न होकर वे आपका अभीष्ट अवश्य पूर्ण करेंगी ॥ 13-14 ॥

देवताओंके ऐसा कहनेपर उन्होंने अनेक प्रकारके दिव्य स्तोत्रोंद्वारा भक्तिपूर्वक गद्गद वाणीमें देवीकी प्रार्थना की ॥ 15 ॥

तब प्रसन्न होकर देवीने उन्हें साक्षात दर्शन दिया। उनके करोड़ों सूयोर्की प्रभाके समान तथा लावण्यसे दीप्तिमान रूपको देखकर सभी कृतकृत्य हो गये और उनके मनमें परम प्रसन्नता हुई। हे राजन! देवीके प्रसन्न हो जानेपर राजाने वर माँगा- मुझे वह विमल ज्ञान दीजिये, जिससे मोक्ष प्राप्त हो जाय तथा समस्त प्राणियोंके नेत्रोंमें मेरा निवास हो जाय ॥ 16 ॥

- क्रमशः

संपादक के नाम पाठकों की पाती

प्रदूषण रोकें

सिंगल यूज प्लास्टि पर प्रतिबंध आज-कल का एक ज्वलंत विषय है । क्योंकि सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टि का उपयोग बंद करने और पर्यावरण के अनुकूल कैरी बैग का उपयोग करने के लिए अभियान शुरू किया है। सिंगल यूज प्लास्टिक का हर साल लाखों टन उत्पादन होता है। जिसमें प्लास्टिक की थैलियां, पॉलीथिन, प्लास्टिक के सोडा और पानी की बोतलें और खाद्य पैकेजिंग आइटम आदि शामिल हैं। ये सिंगल यूज प्लास्टि केवल एक बार उपयोग किए जाते हैं और फिर रीसायकल के लिए कचरे के रूप में फेंक दिए जाते हैं। प्लास्टिक बैग या प्लास्टिक बायोडिग्रेडेबल नहीं होते हैं और आमतौर पर ये जमीन के अंदर चले जाते हैं । जहां यह दब जाता है और धीरे-धीरे पानी में चला जाता है। कुछ दिनों के बाद विभिन्न तरीकों से यह समुद्र में चला जाता है। वे मिट्टी और जल निकायों में प्रवेश करते हैं और छोटे कणों में टूट जाते हैं, लेकिन वे विघटित नहीं होते हैं। सिंगल यूज प्लास्टि सौ से अधिक वर्षों तक मिट्टी और पानी में रहते हैं और विषाक्त रसायनों को छोड़ते हैं । इस तरह हमारे सुंदर ग्रह और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं। प्लास्टिक की थैलियां प्लास्टिक बैग जो जल निकायों में प्रवेश करती हैं। जल प्रदूषण का एक प्रमुख कारण हैं और इस प्रकार हमारे पर्यावरण को हर संभव तरीके से खराब कर रही हैं। सरकार द्वारा सिंगल युज प्लास्टिक पर पाबंदी के बाद प्रशासन इस पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। मैं लोकप्रिय हिन्दी समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से लोगों से अपील करता हूँ कि सिंगल युज प्लास्टिक का इस्तेमाल पर रोक लगाये,और प्रशासन के द्वारा चलाये जा रहे जागरूकता अभियान में का हिस्सा बनें।

■ **विकास आन्नद , मेदिनीनगर।**

सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग का हम सभी को इंतजार

बैंकिंग प्रणाली किसी भी अर्थव्यवस्था की जीवन-रेखा होती है, और बैंक जनता के पैसे के ट्रस्टी होते हैं। यही वजह है कि बीते कुछ वर्षों से बैंकिंग क्षेत्र में लगातार संरचनात्मक बदलाव किये जा रहे हैं। बीते रविवार को शुरू डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) इसी की ताजा कड़ी है। आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 75 जिलों में 75 डीबीयू की शुरूआत प्रधानमंत्री ने की है। इसकी घोषणा गत बजट में की गई थी। वास्तव में, भारत में डिजिटल बैंकिंग ने 1990 के दशक के अंत में आकार लेना शुरू किया, जब भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकिंग क्षेत्र के डिजिटलीकरण की संभावना का मूल्यांकन करने के लिए एक समिति (1988 में) गठित की। वर्ष 2003 में कोर बैंकिंग समाधानों ने 'कहीं भी और कभी भी बैंकिंग' की अनुमति दी। इसके बाद 2016 में लॉन्च किये गये 'यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस' (यूपीआई) सिस्टम ने बैंकों को आसानी से फंड ट्रांसफर करने में सक्षम बना दिया। डीबीयू आम नागरिकों के जीवन को आसान बनाने की दिशा में एक अन्य बड़ा कदम है। डिजिटल बैंकिंग का मूल अर्थ है, सभी बैंकिंग परिचालनों को डिजिटलीकृत करना, बैंकों की भौतिक उपस्थिति को ऑनलाइन उपस्थिति में बदलना और उपभोक्ता की शाखा में जाने की आवश्यकता को समाप्त करना। नव-स्थापित होने वाले 75 डीबीयू **सभी राज्यों व केंद्रशासित क्षेत्रों को कवर करेंगे :** आने वाला समय डिजिटल प्लेटफॉर्म का ही है, जिसे कोविड महामारी ने हमें बहुत कुछ पहले ही सीखा दिया है। आज ऑनलाइन बैंकिंग, ऑनलाइन लेन-देन, ऑनलाइन शिक्षा व ऑनलाइन जॉब हमारे जीवन का हिस्सा बन चुके हैं। डेलॉयट रिसर्च एजेंसी के एक अध्ययन के अनुसार, देश में अभी 110 करोड़ लोग मोबाइल फोन का उपयोग कर रहे हैं, जिनमें से 72 करोड़ लोगों के हाथों में स्मार्टफोन है। इनकी संख्या 2026 तक 100 करोड़ पार कर जाने की उम्मीद है। केंद्र सरकार की योजना 'भारतनेट' कार्यक्रम के तहत 2025 तक सभी गांवों को फाइबर नेट से जोड़ने की भी है। इससे आने वाले समय में डिजिटल अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इतना ही नहीं, 35 करोड़ से अधिक डाकघर जमा खातों को कोर बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा जा रहा है, जिससे खाताधारक अपने खाते को ऑनलाइन एक्सेस कर सकेंगे। यह ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायक होगा, साथ ही वित्तीय समावेशन को भी बढ़ावा देगा। यह ग्रामीण भारत में डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा प्रयास है। सरकार ने सस्ती मुद्रा प्रबंधन प्रणाली के लिए 2022-23 से रिजर्व बैंक द्वारा जारी किये जाने वाले ब्लॉकचेन और अन्य तकनीकों का उपयोग करते हुए डिजिटल रुपया पेश करने का प्रस्ताव रखा है। ऐसा करके भारत खुद की केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) जारी करने वाले देशों में शामिल हो जायेगा। देश में बड़ी संख्या में मोबाइल ग्राहक होने के कारण वित्तीय सेवाओं के वितरण में इस तकनीक का व्यापक उपयोग हो सकता है। हालांकि, डिजिटल बैंकिंग जैसी सेवा पर विचार करते समय हमें सुरक्षा पर भी जोर देना होगा, क्योंकि डिजिटल बैंकिंग को व्यापक बनाने के लिए भुगतान प्रणालियों को सुरक्षित बनाना अनिवार्य है। केंद्रीय बैंक धोखाधड़ी की घटनाओं को रोकने के लिए बेशक गंभीर प्रयास कर रहा है, लेकिन इसमें उसे पूरी तरह सफलता नहीं मिल सकी है। 'अ बुकलेट ऑन मोडस ऑपरेंडी ऑफ फाइनेंशियल फ्रॉड' के आंकड़ों के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में कुल 473 करोड़ रुपये का ऑनलाइन फ्रॉड लोगों के साथ हुआ है। ऑनलाइन फ्रॉड के चलते अभी महज चार करोड़ लोग ही मोबाइल बैंकिंग करते हैं। निकट भविष्य में डिजिटल बैंकिंग अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करेगी और फिनटेक भारतीय बैंकिंग व भुगतान प्रणाली के लिए आगे का रास्ता है। जाहिर है, इसे सुगम और सुरक्षित बनाने की दरकार है। हमारे देश में करीब 6.5 लाख गांव हैं, जिनमें देश की करीब 65 फीसदी आबादी बसती है। आज भी विभिन्न कारणों से एक बड़ी ग्रामीण आबादी औपचारिक ऋण के दायरे से बाहर है। ऐसे लोगों के लिए डिजिटल बैंक काफी अहम साबित होंगे। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

■ ब्रजेश कुमार तिवारी

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं-13 । प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नम्बर : 07759972937,** 06562-240042/ 222539, **फैक्स नम्बर** : 06562-241176/231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, Ph. 0651-2283384/Fax 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25-LF, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, **गढ़वा कार्यालय :** मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, **लातेहार कार्यालय :** रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार-829206, फोन : 9128656020, 7763034341, **लोहरदगा कार्यालय :** रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा-फोन : 7903891779, 8271983099, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

दिल की बीमारियों की वजह बन सकते हैं आर्टिफिशियल स्वीटनर

चीनी की जगह तेजी से ले रहे आर्टिफिशियल स्वीटनर रोजाना करोड़ों लोगों द्वारा इस्तेमाल किए जाते हैं। डायट सोडा से लेकर चाय-कॉफी तक में लोग इनका प्रयोग करते हैं। शुगर-फ्री होने के कारण इन्हें चीनी का बेहतर विकल्प माना जाता है क्योंकि कई वैज्ञानिक शोध यह कह चुके हैं कि चीनी सेहत के लिए बेहद खतरनाक है। लेकिन इस कृत्रिम मीठे के सेहतमंद होने को लेकर भी खासा विवाद है। फ्रांस के इनसर्म (INSERM) इंस्टिट्यूट के शोधकर्ताओं ने यह जानने की कोशिश की है कि ये स्वीटनर दिल के रोगों से किस तरह जुड़े हैं। उन्होंने फ्रांस में रहने वाले एक लाख से ज्यादा लोगों द्वारा अपने खान-पान के बारे में दी गई जानकारी का विश्लेषण किया है। यहां यह बात उल्लेखनीय है कि यह जानकारी लोगों ने अपने आप दी थी। 2009 से 2021 के बीच इन लोगों अपने खान-पान, लाइफस्टाइल और स्वास्थ्य की जानकारी वैज्ञानिकों के साथ साझा की।

विश्लेषण में वैज्ञानिकों ने पाया कि 37 प्रतिशत लोग आर्टिफिशियल स्वीटनर का प्रयोग कर रहे थे। वे औसतन 42 मिलीग्राम स्वीटनर ले रहे थे जो इसका एक पैकेट या फिर एक डायट सोडा की एक तिहाई कैन के बराबर है। वैज्ञानिकों ने नौ साल तक तक इन लोगों के खान-पान की निगरानी की। उसके बाद पता चला कि 1,502 लोगों को हृदय संबंधी समस्याएं हो गई थीं जिनमें दिल का दौरा पड़ने से लेकर स्ट्रोक तक शामिल हैं।

क्या कहता है शोध?

बीएमजे पत्रिका में छपे शोध में यह संकेत दिया गया है कि एक लाख में से उन 346 लोगों को हृदय रोग हुआ जो भारी मात्रा में कृत्रिम मीठे का इस्तेमाल कर रहे थे। ये स्वीटनर ना खाने वालों में हृदय रोग की संख्या 314 रही।

इनसर्म की मैटील्डे टूविएर कहती हैं कि ये नतीजे विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा पिछले साल प्रकाशित एक रिपोर्ट को पुष्ट करते हैं। डबल्यूएचओ ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि संगठन स्वीटनर को शुगर का सुरक्षित विकल्प नहीं मानता।

अप्रैल में आई एक रिपोर्ट में डबल्यूएचओ ने कहा था कि इस बात पर स्पष्ट सहमति नहीं है कि शुगरफ्री स्वीटनर लंबे समय में वजन कम करने में लाभदायक हैं या वे अन्य किसी तरह से सेहत को नुकसान पहुंचाते हैं।

इसी साल न्यूट्री-नेट आंकड़ों का विश्लेषण करने वाले एक और शोध में कहा गया था कि स्वीटनर में पाए जाने वाले तत्व जैसे कि एसपार्टेम, पोटैशियम और सूकरलोस कैंसर से संबंधित हो सकते हैं। लेकिन ये जितने भी शोध हुए हैं, उन्हें तीखी आलोचना झोलनी पड़ी है क्योंकि वे अपने निष्कर्षों की कोई स्पष्ट वजह नहीं दे पाए हैं।

ग्लासगो यूनिवर्सिटी में मेटाबॉलिक मेडिसिन पढ़ाने वाले नावीद सत्तार कहते हैं कि यह शोध सवालों के जवाब नहीं देता। सत्तार इस अध्ययन में शामिल नहीं थे। उन्होंने बताया, जो सवाल पूछा गया, उसका जवाब नहीं मिला। ऐसा इसलिए है क्योंकि स्वीटनर का प्रयोग करने वाले और ना करने वाले शोध में शामिल लोग एक-दूसरे से बहुत ज्यादा अलग थे। सत्तार कहते हैं कि सरकारों को एक ज्यादा बड़े पैमाने पर लंबी अवधि का शोध कराना चाहिए ताकि सच्चाई के और करीब पहुंचा जा सके।

क्या चीनी नुकसानदायक है?

शोध संस्थान जॉन हॉपकिंस मेडिसिन' के मुताबिक चीनी को अपने खान-पान से पूरी तरह हटाने से जरूरी पोषक तत्व भी हट जाते हैं जो कि फलों, डेयरी उत्पादों और अनाजों में पाए जाते हैं। विशेषज्ञ जेसिका सीजल लिखती हैं, मूल रूप से तो चीनी बुरी नहीं है बल्कि जरूरी है। हमारा शरीर शुगर पर ही चलता है। हम जो खाना खाते हैं उसमें से हम काबोर्हाइड्रेट लेते हैं और उसे ग्लूकोस (शुगर) में परिवर्तित करते हैं। उस ग्लूकोस को हमारी कोशिकाएं रक्त में से सोखती हैं और ऊर्जा या ईंधन के रूप में प्रयोग करती हैं।

सीजल स्पष्ट करती हैं कि कुदरती और प्रोसेस्ड शुगर में काफी फर्क है और प्रोसेस्ड शुगर में कोई पोषक तत्व नहीं होते बल्कि जरूरत से ज्यादा मात्रा में यह सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकती है। वह कहती हैं कि जूस, शहद और मेपल सिरप जैसी चीजों में कुदरती शुगर होती है जिसके कुछ फायदे हो सकते हैं। वह बताती हैं, कच्चे शहद और मेपल सिरप में भी एंटीऑक्सिडेंट हो सकते हैं और आयरन, जिंक, कैल्शिय व पोटैशियम जैसे तत्व भी।

क्या होते हैं आर्टिफिशियल स्वीटनर?

ज्यादातर आर्टिफिशियल स्वीटनर, जिन्हें नॉन-न्यूट्रिटिव स्वीटनर भी कहा जाता है, प्रयोगशालाओं में केमिकल्स से तैयार किए जाते हैं। कुछ ऐसे भी हैं जिन्हें कुदरती जड़ी-बूटियों से बनाया जाता है। ये स्वीटनर आमतौर पर प्रयोग होने वाली चीनी से 200 से 700 गुना ज्यादा मीठे हो सकते हैं।

जेसिका सीजल कहती हैं कि इस कृत्रिम मिठाई में कोई कैलरी या मीठा तो नहीं होता लेकिन इनमें विटामिन, फाइबर या एंटीऑक्सिडेंट जैसे फायदे भी नहीं होते। वह भी कहती हैं कि इनके सेहतमंद होने को लेकर फिलहाल शोध जारी हैं और किसी एक निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सकता।

सीजल कहती हैं कि मीठा खाना ही है तो स्टेविया जैसे कुदरती स्वीटनर का इस्तेमाल करना चाहिए। वह साफ तौर पर कहती हैं कि सोडा, एनर्जी ड्रिंक, स्वीट टी और जूस आदि का प्रयोग करने से बचा जाना ही बेहतर है।

ताज्जुब की बात

देखकर जमाने को मुझे भी जीना आ गया।
दीदार कर लिया जब शंभू का एकबार,
फिर नहीं किसी की हमें दरकार।
हुनर सारे जमाने की सीखे बिना आ गया।
आज कैसे-कैसे बदल रहे मिजाज लोगों की।
मगर कोई बात नहीं,
हमें डर किसी का नहीं,
हमें तो हर मसले से वाकिफ होना आ गया।
खैर वह अपनी मनाये।
सोते हुए भी जिन्हें खौफ सतायें।
उनका जख्म सदा के लिए पुराना हो गया।
हमें तो हर हाल में जिंदगी से याराना हो गया।
मस्त रहे हम गर्दिश में भी,
नाम ऋतुराज वर्षा मेरा,
मानो बारिश की फुहारों का महीना आ गया।
सच कह दूं एक बात जीते थे हम जिन्हें देखकर,
वह बंगलें में पड़े हैं किराये देकर।
चक्कर देखो गणित और इतिहास का।
मालूम नहीं उन्हें निष्कर्ष अपने कर्तव्य का,
बस छह-पांच में अटके पड़े हैं।
आता नहीं कुछ भी
मानसपटल उनका खाली हो गया।
फिर भी झूठी शान के लिए वह चाणक्य बन गया।
ताज्जुब की बात है,
सिसकियों से जिन्हें फुर्सत नहीं, दिन है कि रात है।
हमारी खुशियां देखकर उन्हें पसीना आ गया।
देखकर जमाने को मुझे भी जीना आ गया।

❖ ऋतुराज वर्षा

कैसे पता करें कि आ रहा बुखार टाइफाइड है?

टाइफाइड का बुखार आखिर होता कैसे है। डेंगू और मलेरिया तो जैसा की सब जानते हैं मच्छर के काटने से होता है और टाइफाइड का मुख्य कारण है दूषित पानी या भोजन। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, टाइफाइड साल्मोनेला टाइफी नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। मौसम बदलने के साथ ही कई बीमारियों का हमला शुरू हो जाता है जिसमें से टाइफाइड भी एक है। इसमें मरीज को तेज बुखार आता है, वैसे बुखार मलेरिया, डेंगू और वायरल इंफेक्शन के कारण भी हो सकता है, लेकिन टाइफाइड का बुखार इनसे अलग होता है। इसलिए यदि 1-2 दिन में बुखार नहीं उतर रहा है तो तुरंत डॉक्टर के पास जाकर जांच करवाएं, क्योंकि बुखार के सही कारणों का पता चलने के बाद ही आपका सही इलाज संभव है।

टाइफाइड कैसे होता है? : पहले तो आपके लिए यह जानना जरूरी है कि टाइफाइड का बुखार आखिर होता कैसे है। डेंगू और मलेरिया तो जैसा की सब जानते हैं मच्छर के काटने से होता है और टाइफाइड का मुख्य कारण है दूषित पानी या भोजन। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, टाइफाइड साल्मोनेला टाइफी (एस टाइफी) नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। भारत में यह बीमारी बहुत आम है इस कई जगहों पर मोतीझरा या मियादी बुखार भी कहा जाता है। समय पर इलाज न करवाया जाए तो टाइफाइड जानलेवा हो सकता है।

टाइफाइड बुखार के लक्षण : चिकित्सकों के अनुसार, किसी भी बीमारी का पता उसके लक्षणों के आधार पर ही लगाया जाता है, इसलिए आपको लक्षणों के बारे में पता होना चाहिए। यदि आपको कई दिनों से बुखार आ रहा है तो आपके लिए यह समझना जरूरी है कि क्या यह सामान्य है या टाइफाइड बुखार है?

- सिर दर्द
- बहुत अधिक बुखार 104 डिग्री तक
- शरीर में दर्द
- भूख न लगना
- जी मिचलाना
- दस्त और कब्ज की शिकायत
- पेट में दर्द
- कफ की समस्या

हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, यदि आपका बुखार 2-3 दिनों में भी नहीं उतरता है और आपको बुखार के साथ ही उपरोक्त बताई गई समस्याओं में से कुछ समस्याएं हैं तो आपको अलर्ट हो जाना चाहिए और खुद ही दवाई लेने की बजाय डॉक्टर से सलाह लेने की जरूरत है। वह ब्लड या यूरीन टेस्ट की सालह देगा जिससे टाइफाइड है या नहीं इस बात की पुष्टि होगी।

टाइफाइड बुखार में डायट का रखें खास ध्यान : चिकित्सकों के मुताबिक, टाइफाइड में बैक्टीरियां आंतों को प्रभावित करते हैं इसलिए इसमें डायट का खास ध्यान रखने की जरूरत है भारी, तला-भुना, मसालेदार खाने से परहेज करना चाहिए और अधिक से अधिक तरल पदार्थ और फलों का सेवन करना चाहिए।

खाएं यह चीजें

- ताजे फल जैसे सेब, मौसम्बी, अनार, अंगूर, पपीता आदि खाएं।
- हरी सबज़ियां जैसे पालक, पत्तागोभी, फूलगोभी, गाजर, कच्चा पपीता, लौकी, करेला आदि फायदेमंद होता है।
- यदि आपको सर्दी-खांसी की समस्या नहीं है तो डायट में दही को भी जरूर शामिल करें यह बहुत लाभदायी होता है।
- इसमें तरल पदार्थ का अधिक सेवन करना चाहिए इसलिए दूध, नारियल पानी, फलों का जूस आदि पीते रहें।
- पाचन तंत्र को ठीक रखने के लिए आप गुनगुने पानी में एक चम्मच शहद मिलाकर पी सकते हैं। ध्यान रहे पूरे दिन सिर्फ उबाला हुआ पानी ही पीएं।
- बुखार उतर जाने के बाद भी कुछ दिनों तक कमजोरी महसूस होती है इसलिए पोषक तत्वों से भरपूर आहार लेते रहें। फल, किशमिश, मुनक्का, मूंग दाल खिचड़ी, दलिया आदि खाएं।

पहाड़ियों की रानी दार्जिलिंग की कुछ अविस्मरणीय यादें

दार्जिलिंग शहर को 'हिमालय की रानी' के रूप में पहचाने जाने की एक वजह है। अगर आप दूर से चाय की पत्तियों को तोड़ती महिलाओं के साथ बिंदीदार हरे भरे ढलान को देखें तो निसंदेह आप मंत्रमुग्ध हुए बिना नहीं रह सकते हैं। पहाड़ियों की रानी, दार्जिलिंग भारतीय राज्य पश्चिम बंगाल में स्थित एक हिमालयी शहर है। यह अपने चाय उद्योग और यूनेस्को के विश्व धरोहर दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे के साथ-साथ, माउंट कंचनजंगा के शानदार दृश्य के लिए एक पर्यटन स्थल के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध है। मनोरम घाटियों, नदियों के किनारे और निश्चित रूप से हरे भरे चाय के बागान दार्जिलिंग की अनूठी विशेषताएं हैं। दार्जिलिंग शहर दार्जिलिंग जिले का मुख्यालय है, जिसे आंशिक रूप से स्वायत्त दर्जा प्राप्त है और जिसे पश्चिम बंगाल राज्य के भीतर गोरखालैंड प्रादेशिक प्रशासन कहा जाता है। यह भारत में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल भी है।

इस शहर को 'हिमालय की रानी' के रूप में पहचाने जाने की एक वजह है। अगर आप दूर से चाय की पत्तियों को तोड़ती महिलाओं के साथ बिंदीदार हरे भरे ढलान को देखें तो निसंदेह आप मंत्रमुग्ध हुए बिना नहीं रह सकते हैं। दार्जिलिंग में 86 से अधिक चाय के बागान हैं जो दुनिया भर में प्रसिद्ध 'दार्जिलिंग चाय' के उत्पादन के लिए विख्यात हैं। मंत्रमुग्ध कर देने वाली धूप, पहाड़ियों की अछूती सुंदरता, अतीत की पुरानी दुनिया का आकर्षण और स्थानीय लोगों का स्वागत करती मुस्कुराहट- ये सभी मिलकर दार्जिलिंग को भारत के पूर्वी हिस्से के सबसे खूबसूरत हिल स्टेशनों में से एक

बनाती है। यह सुंदर हिल स्टेशन एक रोमांटिक हनीमून के लिए एकदम सही जगह है और कोलकाता से लगभग 700 किलोमीटर दूर है।

दार्जिलिंग के प्रमुख आकर्षण

दार्जीलिंग हिमालयन रेलवे
टाइगर हिल
बताशिया लूप
दार्जीलिंग रोपवे
हिमालयन माउंटेनियरिंग इंस्टिट्यूट
नाइटिंगेल पार्क
दार्जीलिंग रॉक गार्डन
सिंगलीला नेशनल पार्क
दार्जीलिंग पीस पैगोडा
संदक्फू ट्रक
तीस्ता में रिवर राफ्टिंग
दार्जीलिंग के टी प्लांटेशन्स
हैप्पी वैली टी एस्टेट
दार्जीलिंग के मठ

इसके अलावा, चाय के बागानों से घिरा दार्जिलिंग तीस्ता चाय और पर्यटन उत्सव के दौरान एक अलग ही रंग से खिल उठता है। नवंबर-दिसंबर के महीनों के दौरान पहाड़ियों जीवंत हो जाती हैं क्योंकि लोग इस अवसर को मनाने के लिए पूरे उत्साह के साथ इकट्ठा होते हैं।

कैसे पहुंचे दार्जिलिंग?

निकटतम रेलवे स्टेशन न्यू जलपाईगुड़ी है, जो मुख्य शहर से 62 किमी दूर है। यह भारत के अधिकांश प्रमुख शहरों, जैसे दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बैंगलोर, कोचीन, चेन्नई आदि से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। दार्जिलिंग सिलिगुड़ी से दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे, जिसे टॉय ट्रेन के रूप में भी जाना जाता है और जो लगभग 80 किमी दूर है, द्वारा जाया जा सकता है। निकटतम हवाई अड्डा बागडोगरा का है जो सिलीगुड़ी के पास है। सिलीगुड़ी से दार्जिलिंग के लिए नियमित बस सेवा है, जो लगभग 70 किमी दूर है। आसपास के शहरों जैसे कुरसेओंग और कलिम्पोंग से भी बस सेवाएं उपलब्ध हैं। वैकल्पिक रूप से आप आसपास के शहरों जैसे सिलीगुड़ी, कलिम्पोंग और कुरसेओंग से भी दार्जिलिंग के लिए ड्राइव कर सकते हैं। लुभावने पहाड़ी परिदृश्य के साथ सड़क नेटवर्क काफी अच्छा है।

दार्जिलिंग का भोजन

दार्जिलिंग में खाने के लिए बहुत सारे विकल्प हैं। पारंपरिक तिब्बती और सिक्किम के व्यंजनों से लेकर थाई व्यंजनों तक, अच्छे पुराने भारतीय व्यंजनों के साथ, दार्जिलिंग में भोजन प्रेमियों के लिए बहुत सारे विकल्प हैं। अनिवार्य रूप से यहां के भोजन में बंगाली, नेपाली और तिब्बती व्यंजनों के अलग-अलग डिशेस, स्टाइल और स्वाद हैं।

दार्जिलिंग घूमने का सबसे अच्छा समय क्या है?

दार्जिलिंग घूमने का सबसे अच्छा समय अप्रैल से जून के बीच का होता है जब मौसम खुशनुमा होता है। हालांकि, अक्टूबर से दिसंबर तक सर्दियों के महीनों के दौरान भी बहुत से लोग इस जगह पर जाना पसंद करते हैं। जुलाई से अगस्त के महीने में अच्छी बारिश होती है, इसलिए भारी वर्षा के दौरान इन महीनों में दार्जिलिंग का दौरा करना उचित नहीं है। सितंबर यात्रा करने का एक उत्कृष्ट समय है, क्योंकि इस समय कम वर्षा होती है और हरियाली अपने सबसे अच्छे मुकाम पर होती है।

❖ जे. पी. शुक्ला

दीप रौशन करो मन में

दीप रौशन करो,
अपने मन में।
ईर्ष्या द्वेष मिटाओ,
अपने दिल से।
साफ करो घर का
कोना- कोना।
हृदय से लालच भी तुम धोना।

दिवाली मनाओ संग माटी दीये से।
दो खुशियां कुम्हार को दीये खरीद के।
पटाखों से प्रदूषण मत बढ़ाओ,
धरा की सुंदरता अब बचाओ।

बच्चों को ऐसे दो संस्कार।
खुशियां मिले बांट के उपहार।
घरौंदा को संस्कृति से सजाओ।
उमंग भर के रंगोली बनाओ।

❖ खुशबू बरनवाल 'सीपी

इन चीजों का सेवन लिवर के लिए है फायदेमंद

सर्दियों में चुकंदर के जूस को सेहत का साथी माना गया है। इससे आपको कई तरह के लाभ मिलते हैं। यह लिवर के लिए भी बेहद फायदेमंद है। चुकंदर का जूस लीवर को ऑक्सीडेटिव डैमेज और सूजन से बचाता है, और इसके प्राकृतिक डिटॉक्सिफिकेशन एंजाइम को बढ़ाता है। लिवर हमारे शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग है। यह विभिन्न प्रकार के आवश्यक कार्य करता है, जिसमें प्रोटीन, कोलेस्ट्रॉल और पित्त के निर्माण से लेकर विटामिन, खनिज और यहां तक कि काबोर्हाइड्रेट भी शामिल हैं। इतना ही नहीं, यह शरीर में मौजूद टॉक्सिन को तोड़ने में भी मदद करता है। इसलिए यह जरूरी है कि आप खुद को हेल्दी बनाए रखने के लिए अपने लिवर का भी उतना ही ख्याल रखें। इसके लिए आपको अपने आहार पर ध्यान देना होगा। ऐसे कई खाद्य पदार्थ हैं, जो आपके लिवर के लिए बेहद फायदेमंद हैं और इसलिए आपको इन्हें अपनी डाइट में जगह देनी चाहिए।

चुकंदर का जूस : सर्दियों में चुकंदर के जूस को सेहत का साथी माना गया है। इससे आपको कई तरह के लाभ मिलते हैं। यह लिवर के लिए भी बेहद फायदेमंद है। चुकंदर का जूस लीवर को ऑक्सीडेटिव डैमेज और सूजन से बचाता है, और इसके प्राकृतिक डिटॉक्सिफिकेशन एंजाइम को बढ़ाता है।

चकोतरा : हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, चकोतरा भी आपके लिवर को लाभ पहुंचाता है। चकोतरा में एंटीऑक्सिडेंट सूजन को कम करके और इसके सुरक्षात्मक तंत्र को बढ़ाकर लिवर की रक्षा करते हैं।

जैतून का तेल : अध्ययनों से पता चलता है कि जैतून के तेल का सेवन जिगर में वसा के स्तर को कम करता है, रक्त के प्रवाह को बढ़ाता है और लिवर एंजाइम के स्तर में सुधार करता है। ऐसे में आप इसे अपने सलाद से लेकर खाने तक में शामिल करके अपनी लिवर हेल्थ को बेहतर बना सकते हैं।

ओट्स : डायटीशियन कहते हैं कि लिवर को हेल्दी बनाए रखने के लिए ओट्स को भी डाइट में शामिल करना चाहिए। इसमें मौजूद फाइबर आपके लिवर के लिए लाभकारी है। वैसे, शोध से पता चलता है कि यह आपको कुछ अतिरिक्त पाउंड और पेट की चर्बी कम करने में मदद कर सकता है, जो यकृत की बीमारी को दूर रखने का एक अच्छा तरीका है।

कॉफी : डायटीशियन बताते हैं कि कॉफी का सेवन करना आपके लिवर के लिए बेहद फायदेमंद है। कॉफी लीवर में एंटीऑक्सीडेंट के स्तर को बढ़ाती है, जबकि सूजन को कम करती है। यह यकृत रोग, कैंसर और फैटी लीवर के विकास के जोखिम को भी कम करता है। हालांकि आपको इसका सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए।

❖ मिताली जैन

आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। दीपावली की तैयारी में सेहत का ख्याल रखें। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी। ग्रहों की स्थिति आपके अनुकूल रहने से आय में वृद्धि के योग रहेंगे।

वृष राशि : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। परिवार को साथ दीपावली की खरीददारी में व्यस्त रहेंगे। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी और कारोबार विस्तार की योजना बनाएंगे।

मिथुन राशि : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। त्योहार पर आमदनी देखकर ही खर्च करें, कारोबार मध्यम रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी।

कर्क राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और धन लाभ की संभावना रहेगी। कार्यभार की अधिकता रहेगी और दिन भागदौड़ में बीतेगा।

सिंह राशि : आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियां अच्छी चलेगीं और कार्यों में भी सफलता मिलेगी, लेकिन कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी और कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी।

कन्या राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके अनुकूल वातावरण रहेगा। हालांकि, कार्यभार की अधिकता रहेगी, दीपावली पर पुराने कामकाज को लेकर तनाव न लें।

तुला राशि : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियां मध्यम रहेंगी और छोटी-छोटी परेशानियां आएंगी, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्य सफल होंगे।

वृश्चिक राशि : आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी और कठिन परिश्रम करना पड़ेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से तनाव का अनुभव करेंगे।

धनु राशि : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगी। कारोबार अच्छा चलेगा और कार्यों में सफलता मिलने से धनलाभ की स्थिति रहेगी। आकस्मिक धनलाभ की संभावना रहेगी।

मकर राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में धनलाभ की स्थिति रहेगी। कार्य आसानी से सफल होंगे। कारोबार विस्तार की योजनाएं बना सकते हैं।

कुंभ राशि : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन अपने प्रयासों से कार्यों में सफलता मिलेगी और धनलाभ की स्थिति रहेगी।

मीन राशि : आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में परेशानियां आएंगी और कार्यभार की अधिकता रहेगी। हालांकि, कड़ी मेहनत से कार्यों में सफलता मिलेगी, लेकिन पूरा दिन भागदौड़ में बीतेगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

न्यूज गैलरी

महाराष्ट्र एटीएस का बड़ा एक्शन, पीएफआई के चार सदस्यों को किया गिरफ्तार

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने पड़ोसी रायगढ़ जिले के पनवेल से प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के चार कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने कहा कि गिरफ्तार लोगों में प्रतिबंधित संगठन की राज्य विस्तार समिति का एक स्थानीय सदस्य, स्थानीय इकाई का एक सचिव और दो अन्य कार्यकर्ता शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि एटीएस को भारत सरकार द्वारा पीएफआई पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद पनवेल में संगठन के दो पदाधिकारियों और कुछ कार्यकर्ताओं की बैठक के बारे में गुप्त जानकारी मिली। इसके बाद एटीएस की एक टीम ने मुंबई से लगभग 50 किलोमीटर दूर स्थित पनवेल में छापेमारी कर पीएफआई के चार कार्यकर्ताओं को पकड़ लिया। अधिकारी ने कहा कि पूछताछ के बाद, चारों को कठोर गैरकानूनी गतिविधि (निवारण) अधिनियम की धारा 10 के तहत मुंबई में एटीएस की कालाचौकी इकाई में दर्ज एक मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि मामले में जांच जारी है। सरकार ने पिछले महीने पीएफआई और उसके कई सहयोगी संगठनों पर आईएसआईएस जैसे वैश्विक आतंकी समूहों के साथ संबंध होने का आरोप लगाते हुए पांच साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया था। पीएफआई से कथित रूप से जुड़े 250 से अधिक लोगों को पिछले महीने कई राज्यों में हुई छापेमारी के दौरान हिरासत में ले लिया गया था।

दिल्ली हाईकोर्ट ने पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने से किया इंकार

नयी दिल्ली (एजेंसी)। उच्चतम न्यायालय के समक्ष पटाखों से संबंधित मुद्दों के विचाराधीन होने के मद्देनजर दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के सभी प्रकार के पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने संबंधी फैसले को चुनौती देनेवाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने उन दो व्यापारियों की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें त्योहारों के दौरान केवल हरित पटाखे खरीदने, बेचने और भंडारण करने की अनुमति दिये जाने का आग्रह किया गया था। अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के लिए इस तरह के मामले पर स्वतंत्र रूप से गौर करना उचित नहीं है, क्योंकि यह मुद्दा शीर्ष अदालत का ध्यान आकर्षित करनेवाला प्रतीत होता है। अदालत ने हालांकि कहा कि याचिकाकर्ता अपनी शिकायतों के निवारण के लिए कानून के तहत उचित कदम उठाने के लिए स्वतंत्र हैं।

जम्मू के ऊंचे इलाकों में हुई भारी बर्फबारी, मुगल रोड किया गया बंद

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू के ऊंचाई वाले इलाकों में गुरुवार को इस सीजन की पहली भारी बर्फबारी हुई। बर्फबारी के कारण सीमावर्ती जिलों पुंछ और राजौरी को दक्षिण कश्मीर के शोपियां से जोड़ने वाले मुगल रोड को बंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार रात से डोडा, किश्तवाड़, राजौरी, रियासी, पुंछ, रामबन और कठुआ जिलों के कई इलाकों में भारी बर्फबारी हुई। पुलिस उपाधीक्षक (राजौरी-पुंछ रेंज) आफताब बुखारी ने बताया कि भारी बर्फबारी के कारण मुगल रोड पर यातायात बंद कर दिया गया है। इससे पहले 18 अक्टूबर को भी बर्फबारी के कारण एक दिन के लिए रोड बंद कर दिया गया था और बुधवार को यातायात बंद होने के कारण वहां फंसे लगभग 100 यात्रियों को निकाल लिया गया। मौसम कार्यालय ने केंद्र शासित प्रदेश में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश और बर्फबारी का अनुमान जताया है।

बंगाल की खाड़ी पर 24 अक्टूबर तक चक्रवाती तूफान आने की संभावना, अलर्ट

नयी दिल्ली (एजेंसी)। बंगाल की खाड़ी में गुरुवार को कम दबाव वाला क्षेत्र बन रहा है और अगले चार दिन में इसके तीव्र होकर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की आशंका है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। आईएमडी के अनुसार, दक्षिण-पूर्व तथा पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर बन रहा कम दबाव का क्षेत्र 22 अक्टूबर तक गहरे दबाव में और 24 अक्टूबर तक एक चक्रवाती तूफान में तब्दील हो सकता है। आईएमडी ने एक बयान में कहा कि उत्तरी अंडमान सागर और उसके आसपास चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव के कारण उत्तरी अंडमान सागर व दक्षिण अंडमान सागर के आसपास के क्षेत्रों और दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बन गया है। इससे संबंधित चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से औसतत 7.6 किलोमीटर तक उठ रहा है। बयान में कहा गया कि इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और 22 अक्टूबर तक मध्य व उससे सटी दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक गहरे दबाव क्षेत्र में तब्दील होने की आशंका है।

इसके अगले 48 घंटे में पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती तूफान के और तीव्र होने की आशंका है। इस बीच ओडिशा सरकार ने आईएमडी के चक्रवात के पूर्वानुमान के मद्देनजर सात तटीय जिलों के प्रशासन को अलर्ट कर दिया है। गंजाम, पुरी, खुर्दा, जगतसिंहपुर, केंद्रपाड़ा, भद्रक और बालासोर जिलों में इसका असर दिख सकता है। अधिकारियों से सतर्क रहने और स्थिति पर करीबी नजर रखने को कहा गया है। मौसम विज्ञान विभाग ने 23 अक्टूबर को पुरी, केंद्रपाड़ा और जगतसिंहपुर जिलों में भारी बारिश का पूर्वानुमान भी लगाया है।

रूस ने पीओके को माना भारत का हिस्सा

मॉस्को (एजेंसी)। रूस ने भी जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश को भारत का अभिन्न हिस्सा माना है। रूसी सरकार द्वारा जारी किये गये एससीओ सदस्य देशों के नक्शे ने यह साबित कर दिखाया है। रूसी समाचार एजेंसी स्पुतनिक के मुताबिक जारी किये गये नक्शे में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और अक्साई चीन के साथ-साथ पूरे अरुणाचल प्रदेश को भारत के हिस्से के रूप में दिखाया गया है। पाकिस्तान और चीन के एससीओ के सदस्य देश होने के बावजूद मॉस्को ने यह कदम उठाया है।

इस मानचित्र ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर और एससीओ के भीतर जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर भारत पक्ष को और मजबूत किया है। आपको बता दें कि हाल ही में अमेरिकी राजदूत ने हाल ही में पीओके की यात्रा की थी। उन्होंने इस इलाके को 'आजाद कश्मीर' कहा था। जर्मन विदेश मंत्री ने भी हाल ही में भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर विवाद को सुलझाने में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका का सुझाव दिया था। चीन ने हाल ही में एससीओ के लिए जारी किये गये मैप में भारत के कुछ इलाकों को अपने इलाके के हिस्से के तौर पर दिखाकर अपनी विस्तारवाद की नीति को परिभाषित किया था। एक सरकारी सूत्र ने कहा कि एससीओ के संस्थापक सदस्यों में से एक रूस द्वारा भारत के नक्शे के सही चित्रण ने सीधे रिकॉर्ड स्थापित किया है। सोवियत संघ और रूस ने 1947 से कश्मीर पर भारत का समर्थन किया है और भारत विरोधी प्रस्तावों को अवरुद्ध करने के लिए यूएनएससी में वीटो का इस्तेमाल किया है। मॉस्को ने बार-बार कहा है कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच एक द्विपक्षीय मुद्दा है, जिससे विवाद के किसी भी अंतर्राष्ट्रीयकरण को रोका जा सकता है।

मानचित्र देख बौखला जायेंगे चीन-पाकिस्तान

रूस से संबंध के आरोप में जर्मन साइबर प्रमुख बर्खास्त

मॉस्को (एजेंसी)। जर्मनी के साइबर सुरक्षा प्राधिकरण के चीफ आर्ने शॉनबोम को बर्खास्त कर दिया गया, उन पर रूसी खुफिया एजेंसियों से संबंधों के आरोप लगे हैं। दिलचस्प है कि टीवी पर प्रसारित होनेवाले एक सटायर शो में सबसे पहले उन पर ये आरोप लगाये गये थे। अक्टूबर की शुरुआत में इस शो के प्रसारित होने के बाद वे संदेह के घेरे में आये। जर्मन गृह मंत्रालय के प्रवक्ता के मुताबिक जर्मन मीडिया में शॉनबोम पर लगे आरोपों ने इतना तूल पकड़ा कि उन्हें पद से हटाना ही पड़ा। 53 साल के शॉनबोम, सूचना सुरक्षा के फेडरल ऑफिस (बीएसआई) का नेतृत्व कर रहे थे। उन पर एक संस्था साइबर सिक्योरिटी काउंसिल जर्मनी के जरिये रूस की खुफिया एजेंसियों से जुड़े होने का आरोप है।

शाह ने एमसीडी चुनाव का फूंका बिगुल, बोले-

दिल्ली को फैसला करना है 'आप' पर निर्भर बनना है या आत्मनिर्भर



नयी दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने केजरीवाल सरकार पर दिल्ली में पूर्व में मौजूद तीन शहरी निकायों (एमसीडी) के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उस पर उनका 40 हजार करोड़ रुपए बकाया है। शाह गुरुवार दिल्ली में कूड़े से बिजली बनानेवाले प्लांट के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अब दिल्ली में हर रोज लगभग 7,000 मीट्रिक टन कूड़े का निस्तारण होगा। शाह ने कहा कि हम अरविंद केजरीवाल के व्यवहार का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि इस प्लांट के शुरू होने से 2,000 मीट्रिक टन कूड़े को दोबारा उपयोग में लाया जाएगा। शाह ने कहा कि ये प्लांट हर रोज 25 मेगावाट बिजली का निर्माण करेगा।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में भविष्य में कचरे के ऐसे ढेर और पहाड़ नहीं दिखेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि केजरीवाल की पार्टी चाहती है कि दिल्ली आप निर्भर हो, हम चाहते हैं कि यह आत्मनिर्भर बने। शाह ने कहा कि केजरीवाल का विज्ञापन से पैदा किया हुआ हवा हवाई विकास का भ्रम ज्यादा दिनों तक नहीं टिक सकता, विज्ञापन की राजनीति और विकास की राजनीति में से चुनाव करना है। शाह ने कहा कि एमसीडी की सत्ता में भाजपा के आते ही दिल्ली को कचरा मुक्त बनाने की योजना तैयार की जाएगी, वर्ष 2025 तक दैनिक कचरे का शत प्रतिशत प्रसंस्करण किया जाएगा।

यूक्रेन संकट : भारतीय दूतावास ने जारी की एडवाइजरी

भारतीयों को तुरंत यूक्रेन छोड़ देने का निर्देश

नयी दिल्ली (एजेंसी)। यूक्रेन में फिर से बिगड़ते हालात को देखते हुए भारतीय दूतावास ने एडवाइजरी जारी की है। भारतीय दूतावासी की ओर से जारी एडवाइजरी में यूक्रेन में रह रहे भारतीयों को तुरंत यूक्रेन छोड़ने के लिए कहा गया है। एडवाइजरी में कहा गया है कि सुरक्षा की बिगड़ती स्थिति और युक्रेन में हाल ही में बढ़े संघर्ष को देखते हुए भारतीय नागरिकों को यूक्रेन की यात्रा न करने की सलाह दी जाती है। बता दें कि रूस के लगातार जारी मिसाइल हमलों और गोलाबारी से बुधवार को यूक्रेन के और अधिक गांवों, कस्बों तथा दो शहरों के कुछ हिस्से बिजली के बिना अंधकार में डूब गये। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कीव को झुकाने के लिए मॉस्को इसके ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर ताबड़तोड़ हमले कर रहा है।

पुतिन से रूस के कब्जे वाले चार राज्यों में लगाया मार्शल लॉ : रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूस के कब्जेवाले यूक्रेन के चार क्षेत्रों में मार्शल लॉ घोषित कर दिया और रूस के सभी क्षेत्रों के प्रमुखों को अतिरिक्त आपातकालीन शक्तियां प्रदान कर दीं। पुतिन ने मार्शल लॉ के तहत उठाये जानेवाले कदमों को तत्काल स्पष्ट नहीं किया, लेकिन कहा कि उनका आदेश गुरुवार से प्रभावी होगा। उन्होंने अपने आदेश में कानून प्रवर्तन एजेंसियों को विशिष्ट प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए तीन दिन का समय दिया है। सुरक्षा परिषद की बैठक की शुरुआत में पुतिन ने टेलीविजन पर कहा कि हम रूस की सुरक्षा और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए, अपने लोगों की रक्षा के लिए बहुत कठिन चीजों को हल करने के वास्ते काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग अग्रिम पंक्ति में तैनात हैं या फायरिंग रेंज और प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, उन्हें हमारे समर्थन को महसूस करना चाहिए और यह जानना चाहिए कि उनके पीछे हमारा बड़ा, महान राष्ट्र और एकजुट लोग हैं। रूस की संसद के ऊपरी सदन ने चार क्षेत्रों में मार्शल लॉ लागू करने के पुतिन के फैसले पर तुरंत मुहर लगा दी।

ब्रिटेन की प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने दिया इस्तीफा

लंदन (एजेंसी)। ब्रिटेन की नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वो महज 42 दिन ही इस पद पर रह पायीं। इस्तीफा देने के बाद ट्रस ने कहा कि जिस काम के लिए उन्हें चुना गया था वो नहीं कर पायी। इससे पहले बुधवार देर रात गृह मंत्री सुएला ब्रैवरमैन ने पद से इस्तीफा दे दिया था। एक बार फिर ब्रिटेन में चुनाव होंगे। प्रधानमंत्री की रेस में भारतवंशी पूर्व वित्त मंत्री ऋषि सुनक आगे बताये जा रहे हैं। ब्रिटेन की प्रधानमंत्री लिज ट्रस की सरकार से एक वरिष्ठ मंत्री के इस्तीफे और संसद के निचले सदन में सदस्यों द्वारा जमकर आलोचना के गुरुवार के घटनाक्रम के बाद अब उनके (ट्रस के) पद पर बने रहने को लेकर संशय पैदा हो गया था। पिछले महीने सरकार ने एक आर्थिक योजना पेश की थी, जिसके असफल होने के कारण आर्थिक उथल-पुथल और राजनीतिक संकट पैदा हो गया है। इसके बाद ट्रस को वित्त मंत्री बदलने के अलावा अपनी कई नीतियों को भी उलटना पड़ा।

भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते में देरी संभव

लंदन (एजेंसी)। ब्रिटेन की लिज ट्रस सरकार की आव्रजन पर सख्ती के चलते भारत और ब्रिटेन के बीच एक बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौता अंतिम समय में विफल हो गया है, लेकिन पर्यवेक्षकों का मानना है कि चीन के सामान्य खतरे की धारणा के कारण दोनों पक्षों के पास इस पर टिक रहने का एक कारण है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट में कहा गया है कि सौदे की प्राथमिकता पर भी सवाल घूम रहे हैं, अब जब ऐसा प्रतीत होता है कि ट्रज को पार्टी का नेता चुने जाने के ठीक एक महीने बाद उनकी सत्तारुढ कंजर्वेटिव पार्टी अब उन्हें बदलने का इरादा रखती है।

पृष्ठ एक के शेष

सीएम से मिले छत्तीसगढ़ के...
महोत्सव का आयोजन 1-3 नवंबर तक होना है। उन्होंने मुख्यमंत्री को इस महोत्सव में शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि तीन दिवसीय इस महोत्सव में झारखंड समेत सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के आदिवासी कलाकारों के दलों को प्रस्तुति देने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। इस महोत्सव के आयोजन का मकसद आदिवासी कला-संस्कृति और कलाकारों को बेहतर मंच प्रदान करना है।

पलामू पुलिस ने पांच लाख के इनामी...
छतरपुर के इलाके का रहने वाला है।

कस रहा नक्सलियों पर फोर्स का शिकंजा: बता दें कि पलामू के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों को नक्सलियों से मुक्त कराने का फोर्स ने अभियान तेज कर दिया है। इसके लिए सर्च ऑपरेशन चलाकर एक तो नक्सलियों की गिरफ्तारी की कोशिश की जा रही है, दूसरी ओर पिछड़े इलाकों में विकास कार्यों को गति दी जा रही है। इसी कड़ी में पिछले दिनों बूढ़ा पहाड़ इलाके में माओवादियों के खिलाफ अभियान ऑपरेशन ऑक्टोपस चलाया गया था। इस अभियान में कोबरा, सीआरपीएफ, जगुआर, आईआरबी की टीम शामिल थी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने 200 से अधिक लैंडमाइंस डिफ्यूजकी और सैकड़ों गोली बरामद की। आधा दर्जन के करीब बंकर भी ध्वस्त किए। इस तरह बूढ़ा पहाड़ को नक्सलियों से मुक्त करा लिया था। इसी के साथ नक्सली दोबारा यहां न जगह बना पाएं इसके के लिए इस इलाके में गश्त बढ़ा दी गई थी।

कैंप जेल से पंकज करता था...
मुताबिक, ईडी ने सूरज व चंदन का बयान लिया है। वहीं, दोनों के मोबाइल फोन भी जब्त किये हैं। दोनों ही मोबाइल से तकरीबन 11 आईएएस, आईपीएस अधिकारियों से संपर्क की बात सामने आ रही है। ईडी सूत्रों के मुताबिक, पंकज मिश्रा न्यायिक हिरासत में होने के बावजूद ट्रांसफर-पोस्टिंग, टेंडर समेत अन्य चीजों के लिए अफसरों को फोन किया करता था। अधिकारियों से बातचीत का सीडीआर भी ईडी ने निकाला है। वहीं, कई संदिग्ध लोगों के मोबाइल को भी ईडी ने सर्विलांस पर रखा था। ईडी सूत्रों के मुताबिक, उन अधिकारियों को आनेवाले दिनों में नोटिस किया जा सकता है। साथ ही ईडी यह भी पड़ताल कर रही है कि जेल में रहते हुए किन-किन कामों को पंकज मिश्रा ने प्रभावित किया।

मोरहाबादी स्थित फ्लैट पर सर्च : गुरुवार की दोपहर ईडी की एक सर्च टीम ने पंकज मिश्रा के मोरहाबादी स्थित एक फ्लैट को भी खंगाला। इस फ्लैट से डिजिटल डिवाइस मिला है। वहीं, कई अन्य चीजें जब्त की गयी हैं। जानकारी के मुताबिक, ईडी की टीम को पहले यह जानकारी नहीं थी कि पंकज मिश्रा का फ्लैट मोरहाबादी में भी है। चंदन व सूरज के हिरासत में लिये जाने के बाद इस फ्लैट की जानकारी मिली। इस फ्लैट की चाबी प्रेम प्रकाश के एक कर्मी के पास थी। जिसके बाद प्रेम प्रकाश के कर्मी को बुलाकर पंकज मिश्रा के फ्लैट को सर्च किया गया।

गंभीर बीमारियों से बचना है तो सात-आठ...
कम सोनेवाले लोगों को मधुमेह, कई प्रकार के कैंसर, दिल की बीमारी, हार्ट स्ट्रोक, हार्ट फेलियर, फेफड़ों से जुड़ी बीमारी, किडनी की बीमारी, लिवर की बीमारी, अवसाद, भूलने की बीमारी, पार्किंसंस, अर्थराइटिस और कई मानसिक विकार होने का खतरा होता है। शोध की प्रमुख लेखिका और यूसीएल इंस्टीट्यूट ऑफ एपिडेमियोलॉजी में रिसर्च एसोसिएट डॉ. सेवरिन सेबिया का कहना है कि एक साथ कई गंभीर बीमारी होने का खतरा उच्च आयवाले देशों में बढ़ता जा रहा है। यहां आधे से ज्यादा बूढ़े लोगों को कम से कम दो क्रोनिक बीमारियां हैं। यह स्वास्थ्य सेवाओं, अस्पतालों और पूरे हेल्थ सिस्टम के लिए बड़ी चुनौती है। डॉ. सेबिया के मुताबिक जैसे-जैसे लोगों की उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे उनकी स्लीप साइकिल भी बदलती है। यदि आपको लंबी चलनेवाली व गंभीर बीमारियों से बचना है, तो हर रात सात से आठ घंटे की नींद लेना जरूरी है। इससे कम या ज्यादा नींद आपकी सेहत के लिए हानिकारक है। अच्छे से सोने के लिए कमरे में अंधेरा, शांति और सही तापमान होना चाहिए। सोने से पहले कुछ गरिष्ठ न खायें तथा अपने मोबाइल फोन, टीवी, लैपटाप जैसे इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बंद करके या कहीं और रख दें।

पलामू में महंगाई ने किया दीवाली का...
जिस तरह से मार्केट में महंगाई है । उसने व्यापारियों को मायूस कर दिया है। अब तो व्यापारी भी कह रहे हैं कि पिछले 2 साल में कोरोना ने बेहाल किया और अब महंगाई धंधे को चौपट कर रही है।

पेंट वालो का भी व्यापार फीका :-दिवाली पर घर के रंग-रोगन का काम जोर से होता है। पेंट की दुकानों पर ग्राहकों की लंबी लाइनें लगी रहती थी । लेकिन इस दीवाली में पेंट व्यापारियों का बिजनेस फीका है। कई सालों से इस व्यवसाय से जुड़े बिजनेसमैन विलोक जैन कहते हैं कि महंगाई का असर रंग,पेंट ऑइल पर भी पड़ा है। दीपावली में देखा जाए तो हर घर में सफाई और कलर का काम चलता है।इस बार रंग, ऑयल पेंट की कीमतों में 8-10 फीसदी बढ़ोत्तरी हुई है।महंगे पेंट से लोग परहेज कर रहे हैं।बिक्री काफी घट गयी है, ग्राहक भी सिर्फ केवल काम चलाने के लिए पेंट ले रहे हैं।

कपड़ा बाजार में भी सन्नाटा पसरा:-दीवाली के समय पर असली डिमांड तो कपड़ों की ही रहती है,लेकिन कपड़ा व्यापारी ओमप्रकाश गुप्ता कहते हैं कि इस बार कपड़ों का बाजार डाउन है।इस तरह के त्योहार में दुकानों में पहले ग्राहकों की लाइन लगा करती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है क्योंकि कपड़ों के दाम भी बढ़ चुके हैं और उसका असर डिमांड पर भी पड़ रहा है। कपड़ों की कीमतों में बीस-तीस परसेंट के करीब बढ़ोत्तरी हुई है। एक ओर तेल के दाम बढ़ने से लोडिंग चार्ज ज्यादा लग रहा है, भाड़ा बढ़ गया हैं।वहीं महंगाई के कारण मजदूरी ज्यादा लग रही है और उसमें भी बिक्री कम हो रही है।दुकानदारों के लिए तो बड़ी समस्या ये है कि ज्यादा माल नहीं ला पा रहे हैं।वही ऑनलाइन व्यापार में भी दुकानदारों की कमर तोड़ दी है।

बर्तन के दामो में भी हुई वृद्धि:-युवा बर्तन व्यापारी आशीष सराफ ने बताया कि महंगाई का असर बर्तन बाजार पर भी देखने को मिल रहा है। पिछले साल की दीपावली की तुलना में स्टील के बर्तन पर 20 से 25 परसेंट तक रेट में इजाफा हुआ है।सामान इतना महंगा हो जाने से व्यापार में दिक्कत आ रही है, ग्राहकों की संख्या घट गयी है। अनुमान है कि इस दीपावली बाजार फीका ही रहने वाला है।

प्रधानमंत्री मोदी 22 अक्टूबर को...
और विभागों द्वारा या तो स्वयं या यूपीएससी, एसएससी, रेलवे भर्ती बोर्ड जैसी भर्ती एजेंसियों के माध्यम से की जा रही हैं। शीघ्र भर्ती के लिए, चयन प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है और तकनीकी सक्षम बनाया गया है।

चंद महीने में 10 लाख नौकरी देने का वादा : जून में पीएम नरेंद्र मोदी ने सभी मंत्रालयों एवं विभागों में मानव संसाधन की समीक्षा की थी। इसके साथ ही उन्होंने सरकार को आदेश दिया था कि अगले डेढ़ सालों में 10 लाख नौकरियां देन की दिशा में मिशन मोड में काम किया जाये। पिछले साल केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में बताया था कि केंद्र सरकार के विभागों में 1 मार्च, 2020 तक 8.72 लाख पद खाली थे। माना जा रहा है कि यह आंकड़ा बढ़कर 10 लाख के करीब हो गया होगा। इन्हीं पर भर्ती के लिए पीएम ने यह पहल की है। जितेंद्र सिंह ने बताया था कि केंद्र सरकार के समस्त विभागों में कुल 40 लाख 4 हजार पद हैं, जिनमें से 31 लाख 32 हजार के करीब कर्मचारी नियुक्त हैं। यानी 8.72 लाख पदों पर भर्ती होनी है।

पंकज मिश्रा की सक्रियता नहीं हुई थी कम, फोन पर धमकी भी देता था, मैनेज करने की भी गुहार लगाता था

बड़े भाजपा नेता को केस मैनेज करने के लिए फोन किया तो मिली थी झिड़की

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड में 1000 करोड़ के अवैध खनन के मामले में ईडी के द्वारा गिरफ्तार पंकज मिश्रा का रूतबा जेल जाने के बाद भी कम नहीं हुआ था। आईएएस, आईपीएस अधिकारियों से फोन पर बातचीत तो वह करता ही था, अपने ही केस को मैनेज करने के लिए एक बड़े भाजपा नेता को उसने कॉल भी किया था, लेकिन बड़े राजनेता ने पंकज मिश्रा को झिड़की लगा दी थी। एजेंसी को यह भी जानकारी मिली है कि अगस्त महीनें में पंकज मिश्रा ने साहिबगंज के पतना ब्लॉक के उप प्रमुख जाकिर शेख को भी धमकी भरा कॉल किया था। इसके बाद उसे देख लेने की धमकी दी थी।

राजनेता से मांगी थी माफी : जानकारी के मुताबिक, पंकज मिश्रा ने बीते दिनों भाजपा से जुड़े बड़े राजनेता को फोन किया था। फोन पर उसने पूर्व में अपने दिए बयानों को लेकर माफी भी मांगी, इसके बाद केस में ईडी से राहत के लिए पैरवी करने की बात की। जिसके बाद बड़े नेता ने उसे डांट लगा दी और फोन काट दिया। इसके बाद पंकज ने दुबारा उनके नंबर पर फोन नहीं किया।

पहाड़िया जनजाति के अनाज वितरण में **अनियमितता की आवाज उठाने पर धमकी :**
पतना में पहाड़िया जनजाति के लोगों को नौ माह से अनाज नहीं मिला था। अनाज नहीं मिलने पर वहां के उप प्रमुख व झामुमो से जुड़े जाकिर शेख ने आवाज उठायी थी। लेकिन इस मामले में गड़बड़ी की आवाज उठाने पर एक दिन पंकज मिश्रा ने फोन किया और आगे से आफिस नहीं जाने और चुप रहने की नसीहत दी। वरना अंजाम भुगतने की धमकी दी। ऐसे में जाकिर ने दफ्तर जाना बंद कर दिया था।

ईडी को लगातार मिल रही थी सूचनाएं :
हाल के दिनों में ईडी को लगतार पंकज मिश्रा की फोन पर सक्रियता की सूचना मिल रही थी। कंपनियों के लिए टेंडर दिलाने से लेकिन ट्रांसफर- पोस्टिंग व प्रशासनिक कामकाज को लेकर पंकज मिश्रा रिम्स के पेईंग वार्ड से ही फोन किया करता था।

भ्रष्टाचार जेल से चला रहे सरकार : बाबूलाल मरांडी

ईडी के द्वारा पंकज मिश्रा के संबंध में खुलासे के बाद पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार को घेरा है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप में जेल भेजे गये रिम्स के कॉंटेज में भर्ती सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा लगातार राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों से फोन पर बात कर कामकाज का निर्देश दे रहे थे। ईडी द्वारा पकड़े गये भ्रष्टाचार के कैदियों को मोबाइल फोन से अफसरों से बात करने की सुविधा देकर सरकार चलाने में सहयोग लेने वाला झारखंड देश का पहला राज्य बन गया है।सीएम हेमंत सोरेन को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन ,देखिए अगर इस खबर के बाद भी आपको, आपकी सरकार को कोई भ्रष्ट/बेईमान कहे तो प्लीज गुस्सा मत होइएगा। मैं शुरू से आपके संज्ञान में लाता था कि साहिबगंज में पंकज मिश्रा की सरकार चलती है। वहां का डीसी, एसपी सरकारी अफसर की तरह नहीं बल्कि पंकज के लठैत – नौकर जैसा काम कर रहा है। समय के साथ इसकी परत तो खुल ही रही है। बाबूलाल ने कहा कि समझ में नहीं आता कि ऐसे कुछ अधिकारी आखिर थोड़े लालच में गलत एवं गैर कानूनी काम कर अपने एवं अपने बाल–बच्चों का भविष्य क्यों बर्बाद कर रहे हैं?

मारवाड़ी स्कूल के वार्षिकोत्सव में कला और विज्ञान का संगम

रांची। मारवाड़ी प्लस टू उच्च विद्यालय में गुरुवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक सीपी सिंह, क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, पुष्पा कुजूर, डीईओ कमला सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। स्कूल के वार्षिकोत्सव में कला और विज्ञान का संगम दिखा। एक तरफ जहां छात्रों ने लोक नृत्य कला के साथ देशप्रेम की भावना को मंच पर प्रदर्शित किया तो वहीं, नाट्य अभिनय के जरिए शिक्षक और छात्र के बीच के रिश्ते और शिक्षा के महत्व को भी दशार्या। इसके बाद कला और विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने अपनी रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन किया।

मनमानी फीस बढ़ोत्तरी शीघ्र नहीं रोका तो एसोसिएशन आंदोलन करेगी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने कुछ निजी विद्यालयों के प्रबंधकों द्वारा बढ़ाये गए मनमानी फीस का घोर विरोध किया है। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि निजी विद्यालयों ने विभिन्न मदों में फीस बढ़ाई है जो विद्यालयों के मनमाने पन को दशार्ती है। एसोसिएशन ने मनमानी फीस शीघ्र वापस लाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि कई अभिभावकों ने शिकायत की है कि मासिक फीस, बस किराया, लेट फाइन तथा अन्य मदों में बढ़ोतरी काफी की गई है। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में डीएवी ग्रुप ने लेट फाइन के नाम पर प्रति माह 350 रुपए की वसूली कर रही है। गांधीनगर डीएवी से भी कई अभिभावकों की शिकायत आया है। जो कि बिल्कुल गलत है। कोरोना काल से अभिभावकों की आर्थिक स्थिति पर अनुकूल प्रभाव पड़ा है। राज्य सरकार ने भी निजी विद्यालयों को कई गाइडलाइन जारी की है किंतु निजी विद्यालयों के प्रबंधकों का मनमानी जारी है। उन्होंने कहा कि फीस बढ़ोतरी को शीघ्र नहीं रोका गया तो एसोसिएशन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। एसोसिएशन शीघ्र ही स्कूल प्रबंधकों से मुलाकात कर इस संबंध में विस्तृत जानकारी लेगी। तथा राज्य सरकार को भी ज्ञापन सौंपा जाएगा।

मनुष्य को उसका पाप मारता है : पंडित रामदेव

रांची। बरियातू हाउसिंग कॉलोनी स्थित मंदिर में गुरुवार को श्रीमद्भागवत कथा सुनाई गई। कथा का आयोजन महिला भक्ति परिषद् द्वारा किया गया था। मुख्य कथावाचक पंडित रामदेव पांडेय ने कहा कि मनुष्य को उसका पाप मारता है। कंस की कथा का अभिप्राय है, जो माता-पिता को तड़पाते हैं, उनकी अकाल मृत्यु होती है। जिस घर में बेटियों को प्रताड़ित किया जाता है, उस घर का मुखिया कंस जैसा शक्तिशाली भी क्यों न हो, एक दिन मारा जाता है। रोग, शोक, आधि-व्याधि उस घर में स्थापित हो जाते हैं। कंस के पाप ने जरासंध सहित उसके अन्य मित्र राष्ट्रों का सर्वनाश करवा दिया। इसलिए हमें धर्म और भक्ति का अनुशरण करना चाहिए। शुक्रवार दोपहर दो बजे से सुदामा की कथा होगी।

दैनिक मजदूर एवं सफाई कर्मियों का सम्मान समारोह आज

रांची। झारखंड प्रदेश दैनिक साफ-सफाई एवं घरेलू कामगार संघ द्वारा दीपोत्सव के उपलक्ष्य में आज दैनिक मजदूर एवं सफाई कर्मियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। डोरंडा महावीर मंदिर न्यास समिति धर्मशाला राजेंद्र चौक के निकट संध्या 5:30 बजे दीपोत्सव का त्योहार मनाया जाएगा एवं दैनिक मजदूरों एवं सफाई कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के वित्त सह खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव होंगे। झारखंड प्रदेश दैनिक साफ-सफाई एवं घरेलू कामगार संघ के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे,संयोजक लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली के शुभ अवसर पर संगठन की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संगठन का मानना है कि इनके सहयोग के बिना कोई भी त्यौहार नहीं मनाया जा सकता है, सफाई कर्मी दीपावली और छठ के दौरान पूरे देश, राज्य एवं शहरों को बिना घृणा और भेदभाव के साफ सुथरा करते हैं। ऐसे में इनको सम्मान करना है।

झारखण्ड सरकार, ग्रामीण कार्य विभाग
मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 69/2022-23/RWD/GARHWA दिनांक :- 20.10.2022

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र0 सं0	आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)		कार्य समाप्ति की तिथि
			अंक में	अक्षर में	
1.	RWD/ GARHWA/ 03/2022-23	काण्डी मेन रोड से राजघटहुआ होते हुए सतबहनी तक पथ निर्माण कार्य (लं– 3.850 कि0मी0)	4,32,02,300.00	चार करोड़ बत्तीस लाख दो हजार तीन सौ रू0 मात्र	18 माह

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 02.11.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 14.11.2022 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, गढ़वा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– 17.11.2022 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 18.11.2022 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा के पक्ष में एवं गढ़वा में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 280566 Rural Work Department (22-23)_D

Email : eedwsd.chatra01@gmail.com
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

निविदा रद्द संबंधि सूचना

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित ई0–कोटेशन संख्या–NABL/CTR/E-QTAN/22/2022-23 (1st Call) दिनांक 02.08.2022 द्वारा जिला NABL प्रयोगशाला हेतु Digital NepheloTurb idity Meter का क्रय करने हेतु कार्य जिसका P.R. No. 275032 (Drinking Water & Sanitation) 2022-23 है, जिसे अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग के पत्रांक 1018/हजारीबाग दिनांक 11.10.2022 के आलोक में एतद् द्वारा रद्द (Cancel) किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

PR 280578 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)

Email : eedwsd.chatra01@gmail.com
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

निविदा रद्द संबंधि सूचना

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित ई0–कोटेशन संख्या–NABL/CTR/E-QTAN/21/2022-23 (1st Call) fnukad 02.08.2022 द्वारा जिला NABL प्रयोगशाला हेतु Ultra-Pure double distillation unit का क्रय करने हेतु कार्य जिसका P.R. No. 275042 (Drinking Water & Sanitation) 2022-23 है, जिसे अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग के पत्रांक 1018/ हजारीबाग दिनांक 11.10.2022 के आलोक में एतद् द्वारा रद्द (Cancel) किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

PR 280576 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड।
कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, गढ़वा।
"शिक्षित बेरोजगार युवकों हेतु आम सूचना"

कृत्रिम गर्भाधान एवं प्राथमिक उपचार से संबंधित प्रशिक्षण हेतु जे०एस०आई०ए०, होटवार, राँची में आवेदन आमंत्रित किया जाता है। केन्द्रीय योजना राष्ट्रीय गोकुल मिशन अन्तर्गत "Establishment of MAITRI" योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 में गढ़वा जिला के शिक्षित बेरोजगार युवकों को निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध **MAITRI (Multipurpose Artificial Insemination Technicians of Rural India)** प्रशिक्षण दिया जाना है। आवेदन एवं प्रशिक्षण की प्रक्रिया निम्नवत् है :–

1. प्रशिक्षणार्थियों का चयन वैसे स्थानों पर कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र खोलने हेतु किया जायेगा जहाँ पूर्व से कार्यरत् कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र न हो।
2. प्रशिक्षण अवधि :– तीन माह (क) सैद्धांतिक – 30 दिन (ख) प्रायोगिक – 60 दिन
3. आवेदक की आयु :– 18 वर्ष से 45 वर्ष तक।
4. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :– मैट्रिक (इंटरमीडिएट जीव विज्ञान को प्राथमिकता)
5. नामांकन शुल्क :– 2000/– (दो हजार) रुपये मात्र।
6. सुविधाएँ :– निःशुल्क 30 दिवसीय सैद्धांतिक (Classroom) प्रशिक्षण।
   उपकरण :– 90 दिवसीय प्रशिक्षण की समाप्ति पर प्रमाण–पत्र एवं उपकरण (क्रायोकंटेनर, ए.आई. किट आदि) उपलब्ध कराया जाएगा।
7. कार्य एवं मानदेय:– प्रशिक्षित MAITRI का चयन जे०एस०आई०ए० अन्तर्गत स्थापित कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र हेतु किया जा सकता है। उनके द्वारा विभिन्न केन्द्रीय/राज्य योजनाओं अन्तर्गत कृत्रिम गर्भाधान, गर्भ जाँच, वत्स उत्पत्ति, टीकाकरण, पशु चिन्हितीकरण एवं निबंधन आदि का कार्य किया जायेगा, जिसके लिए सरकार द्वारा अनुमोदित मानदेय प्रदान किया जायेगा।
8. विशेष जानकारी हेतु अपने प्रखण्ड नोडल पदाधिकारी (Mob.No-9570060027)/जिला पशुपालन पदाधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी गढ़वा।

PR 280556 Animal Husbandry(22-23)D

कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा

आम सूचना

नगर परिषद, लोहरदगा क्षेत्रान्तर्गत आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि NGT एवं वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक– 2947, दिनांक– 30.09.2022 के द्वारा जल स्त्रोत (तालाब, नदी, कुआँ, आदि) में मुर्ति तथा पूजा सामग्री के विसर्जन पर पूर्णतः रोक/प्रतिबंध लगाया गया है। (Direction Under Section-5 of the Environment (Protection) Act, 1986 for prohibition on immersion of idols, puja material and items of religious offerings in rivers and other water in particular during the occasion of festivals reg)

अतः नगर परिषद, लोहरदगा के नागरिकों से अपील है कि उरोक्त निर्देशो का सख्त अनुपालन किया जाय।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, लोहरदगा

PR.NO.280477 Lohardaga(22-23):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

अतिअल्पकालिक ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/04/2021-22/RE-1/Gr_01

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

क्र० सं०	ग्रुप सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
01	01	प्रखण्ड–प्रतापपुर, पंचायत–गजवा में पाती नदी पर पुल निर्माण कार्य।	2,20,90,700/-	4,41,900/-	10000.00	15 माह

2.वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 22.10.2022
3.ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 03.11.2022 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4.ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, चतरा/मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 04.11.2022 के अपराह्न 05:00 बजे तक
5.निविदा खोलने का स्थान :– मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची ।
6.निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 05.11.2022 के अपराह्न 02:00 बजे
7.निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
8.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8986648686 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9.निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा के पदनाम से देय हो देना होगा।
10.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
11.विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
चतरा

PR280488 (Rural Development)22-23*D

न्यूज गैलरी

दिसम्बर में बांग्लादेश का दौरा करेगा भारत

मुंबई (एजेंसी)। भारतीय टीम फिलहाल टी-20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंची हुई है। ऑस्ट्रेलिया में इस टूर्नामेंट के बाद भारतीय टीम न्यूजीलैंड के दोरे पर तीन टी-20 मैचों और तीन वनडे मैचों की सीरीज में हिस्सा लेगी। साल के अंतिम महीने, दिसमबर में बांग्लादेश क्रिक्रेट बोर्ड ने भारत के लिए बांग्लादेश के दौरे का कार्यक्रम रखा है। बांग्लादेश दौरे में भारतीय टीम तीन वनडे चार, सात और 10 दिसम्बर को खेलेगी और दो टेस्ट 14-18 दिसम्बर और 22-26 दिसम्बर के बीच खेलेगी। साल 2015 के बाद यह भारत का बांग्लादेश में पहला पूर्ण दौरा होगा। पिछले दौरे पर इकलौता टेस्ट ड्रॉ हो गया था, जबकि बांग्लादेश ने वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम की थी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष नजमुल हसन इस दौरे के बारे में बात करते हुए कहा कि मौजूदा समय में भारत और बांग्लादेश के मुकाबलों में हमें रोमांचक टक्कर देखने को मिली है और दोनों देशों के प्रशंसक इस यादगार सीरीज का इंतजार कर रहे हैं। मैं बीसीबी के साथ भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का धन्यवाद करता हूं। हम भारतीय क्रिकेट टीम का स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं।
बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि मैं आगामी द्विपक्षीय सीरीज के लिए बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को शुभकामनाएं देता हूं। दोनों देशों में क्रिकेट के प्रति रोमांच के चलते प्रशंसको के बीच जबरदस्त दिलचस्पी पैदा होती है।

श्रीलंका ने नीदरलैंड को हरा कर सुपर 12 में बनायी जगह

जीलॉन्ग (एजेंसी)। कुसल मेंडिस के 79 रन की मदद से एशियाई चैम्पियन श्रीलंका ने नीदरलैंड को 16 रन से हराकर टी-20 विश्व कप के सुपर 12 चरण में प्रवेश कर लिया। पहले मैच में नामीबिया से हारी श्रीलंका टीम के लिए मेंडिस ने 44 गेंद में 79 रन की पारी खेली, जिसकी मदद से उनकी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 162 रन बनाये। जवाब में ग्रुप ए में नामीबिया और यूएई को हराकर शीर्ष पर काबिज नीदरलैंड की टीम नौ विकेट पर 146 रन ही बना सकी। वानिंदु हसरंगा ने चार ओवर में 28 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि महीष तीक्षणा को दो विकेट मिले। नीदरलैंड के लिए सलामी बल्लेबाज मैक्स ओ डाउड ने 53 गेंद में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 71 रन बनाये। हालांकि, दूसरे छोर से उन्हें कोई सहयोग नहीं मिल सका। श्रीलंकाई टीम तीन मैचों में चार अंक लेकर सुपर 12 चरण में पहुंच गयी है जबकि डच टीम को यूएई और नामीबिया के बीच होने वाले मैच के नतीजे का इंतजार करना होगा। नामीबिया के जीतने पर डच टीम को बाहर होना पड़ सकता है।

ऑस्ट्रेलियाई टीम में जुड़ा धुरंधर ऑलराउंडर

ब्रिस्बेन (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया ने विकेटकीपर बल्लेबाज जॉश इंगलिस के चोटग्रस्त होने के बाद टी-20 विश्व कप की 15-सदस्यीय स्क्वाड में विस्फोटक ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को शामिल किया है। इंगलिस को सिडनी में गोल्फ खेलते हुए हाथ में चोट लगने के बाद स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चोट गंभीर होने के कारण उन्हें सर्जरी की आवश्यकता है और वह विश्व कप में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। इंगलिस के चोटिल होने का अर्थ है कि मैथ्यू वेड ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप स्क्वाड में इकलौते विकेटकीपर होंगे। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने विकेटकीपर एलेक्स कैरी को नजरंदाज करते हुए ग्रीन के हरफनमौला कौशल को टीम में प्राथमिकता दी है। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलिया के पास पहले से ही मिशेल मार्श और मार्कस स्टोइनिस के रूप में तेज गेंदबाजी करने वाले दो ऑलराउंडर हैं।

क्रिकेट टीम के पाकिस्तान जाने पर गृह मंत्रालय लेगा फैसला, उम्मीद कम : ठाकुर

नयी दिल्ली (एजेंसी)। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को कहा कि गृह मंत्रालय अगले साल एशिया कप के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की पाकिस्तान यात्रा पर फैसला करेगा, लेकिन उन्हें लगता है कि खिलाड़ियों के सीमा पार जाने की संभावना बहुत अधिक नहीं है। हालांकि, अनुराग ठाकुर उम्मीद कर रहे हैं कि पाकिस्तान टीम अगले साल 50 ओवर के विश्व कप में भाग लेने के लिए भारत आयेगी। हम सभी का स्वागत करते हैं। दरअसल, ये मुद्दा उस समय उठा जब बीसीसीआई के सर्कुलर में इस बात का जिक्र था कि एशिया कप 2023 के लिए भारतीय टीम पाकिस्तान के दौरे पर जा सकती है, लेकिन टीम को सरकार से अनुमति लेनी होगी। हालांकि,

बीसीसीआई के सचिव जय शाह, जो एशियन क्रिकेट काउंसिल यानी एसीसी के प्रमुख भी हैं, उन्होंने मंगलवार को कहा था कि भारतीय टीम पाकिस्तान के दौरे पर नहीं जायेगी। टूर्नामेंट न्यूट्रल वेन्यू पर खेला जायेगा। ऐसे में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) का भी पत्र सामने आया है, जिसमें कहा गया है कि एसीसी को इस मामले पर जल्द मीटिंग करने होगी। इसके अलावा भारत का ये फैसला अगले साल भारत में ही होनेवाले वनडे विश्व कप में पाकिस्तान टीम की भागीदारी को प्रभावित कर सकता है।

भारतीय धरती पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए सभी टीमें आमंत्रित

जय शाह के बयान के बाद हुए विवाद पर खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए कहा कि विश्व कप के लिए क्वालीफाई करनेवाली सभी टीमों को भारतीय धरती पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। कई बार पाकिस्तान की टीमें भारत आकर खेल चुकी हैं। मुझे लगता है कि भारत किसी के द्वारा हुक्म चलाने की स्थिति में नहीं है और किसी के पास ऐसा करने का कोई कारण नहीं है। मुझे उम्मीद है कि सभी देश आयेंगे और प्रतिस्पर्धा करेंगे। उन्होंने आगे पाकिस्तान का दौरा करने को लेकर कहा कि संभावनाएं हमेशा रहती हैं। किसने सोचा था कि कोविड-19 होगा। कुछ भी हो सकता है, लेकिन भारतीय टीम के पाकिस्तान जाने की संभावना ज्यादा नहीं है। यह एक निर्णय है, जो गृह मंत्रालय द्वारा लिया जायेगा। कुल मिलाकर खिलाड़ियों की सेफ्टी और सिक्योरिटी अहम मामला है। यह एक सुरक्षा चिंता है। सरकार उस पर फैसला लेगी। समय आने दो, उस समय की स्थिति देखते हैं।

पहली भिड़ंत के लिए मेलबर्न पहुंची भारत-पाकिस्तान की टीमें

मेलबर्न (एजेंसी)। बीसीसीआई ने वीडियो शेयर करके टीम इंडिया के मेलबर्न पहुंचने की जानकारी दी है। टीम के खिलाड़ी फ्रेश नजर आ रहे हैं और पाकिस्तान से होनेवाले मुकाबले से पहले वे मेलबर्न के मैदान पर शुक्रवार को प्रैक्टिस करेंगे। इस दौरान टीम इंडिया का जबरदस्त स्वागत किया गया और फैंस ने खिलाड़ियों के ऑटोग्राफ भी लिये। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया में हो रही बारिश इस मैच में बाधा बन सकती है क्योंकि रविवार यानी 23 अक्टूबर को बारिश की संभावना 80 फीसदी से ज्यादा जतायी गयी है। हालांकि, मेलबर्न ग्राउंड पर दुनिया का सबसे बेहतरीन ड्रेनेज व्यवस्था है। इसलिए माना जा रहा है कि भले की कम ओवर का मैच हो लेकिन लगातार बारिश नहीं हुई तो भारत-पाकिस्तान की शानदार भिड़ंत जरूर देखने को मिलेगी। टी-20 विश्वकप में भारत-पाकिस्तान का हाईवोल्टेज मुकाबला देखने के लिए स्टेडियम में करीब 1 लाख दर्शक मौजूद रहेंगे। भारत-पाक मैच का इतना क्रेज था कि टिकटों की बिक्री शुरू होने के चंद घंटे में ही सारी टिकटें बिक गयीं। वहीं, भारत में एक कंपनी ने मल्टीप्लेक्स में लाइव मैच दिखाने की तैयारी की है और भारत में उसकी क्षमता करीब 1.5 लाख सीटों की है। वहीं, स्टार स्पोर्ट्स के चैनल्स पर करोड़ों लोग इस मैच को लाइव देखेंगे। भारत-पाकिस्तान का मैच इसलिए भी दिलचस्प होने जा रहा है क्योंकि भारत को पिछली हार का बदला भी लेना है और पाकिस्तान को हराकर विश्वकप का विजय अभियान शुरू करना है।

पाकिस्तानी टीम का उड़ाया मजाक

उधर, पाकिस्तान की टीम भी भारत से मुकाबले के लिए मेलबर्न पहुंच चुकी है और टीम के फैंस ने उनका भी जोरदार स्वागत किया है। वहीं, पाकिस्तानी टीम के पूर्व कप्तान का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वे पाकिस्तानी टीम का मजाक उड़ाते दिख रहे हैं। दरअसल, पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मिस्बाह उल हक से पूछा गया कि पाकिस्तानी टीम की ताकत क्या है तो उन्होंने जवाब दिया कि मिडिल ऑर्डर। यह मजाक इसलिए है क्योंकि पाकिस्तानी टीम का मिडिल ऑर्डर कमजोर माना जा रहा है और कई मौकों पर यह साबित भी हुआ है। पाकिस्तान की मजबूती इनकी गेंदबाजी और ओपनिंग बैटिंग है। लेकिन पूर्व कप्तान ने मिडिल ऑर्डर को मजबूत बताकर मजाक उड़ाया है।

हरभजन सिंह ने पाकिस्तान के खिलाफ चुनी भारत की प्लेइंग-11

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान रविवार (23 अक्टूबर) को 2022 टी-20 विश्व कप के अपने पहले मैच में भिड़ेंगे। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खचाखच भरी भीड़ होगी। इस हाई टेंपर मुकाबले की टिकटें पहले से ही बिक चुकी हैं। सोशल मीडिया पर हाइप हैं और गली मोहल्ले में भी इस मैच पर चर्चा हो रही है। प्लेइंग इलेवन को लेकर तमाम कयास लगाये जा रहे हैं और दिग्गज खिलाड़ी भी अपनी राय रख रहे हैं। मुकाबले को लेकर भारत के दिग्गज हरभजन सिंह ने अपनी प्लेइंग इलेवन का खुलासा किया है।

हरभजन की टीम में कुछ तो खिलाड़ी उम्मीद के मुताबिक शामिल हैं, जबकि कुछ प्लेयर्स को लेकर अब भी कई लोग गफलत में हैं। जाहिर-सी बात है कि रोहित शर्मा, केएल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या जैसे प्लेयर्स पर किसी चर्चा की जरूरत ही नहीं है, लेकिन गेंदबाजों पर बहस हो सकती है। दरअसल, हरभजन की प्लेइंग इलेवन में आर अश्विन और हर्षल पटेल जगह नहीं बना पायें हैं। उन्होंने कहा कि हर्षल पटेल को मौका नहीं मिल सकता है। मुझे लगता है कि दीपक हुड्डा और आर. अश्विन को पहले कुछ मैचों में मौका नहीं मिलेगा। मैं इसे शुरूआती एकादश के रूप में देख रहा हूं। हरभजन ने कहा, कुछ लोग हर किसी की पसंद हैं।

रोहित शर्मा, केएल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, दिनेश कार्तिक और अक्षर पटेल के खेलने को लेकर कोई संदेह नहीं है। दिनेश कार्तिक युवा ऋषभ पंत से आगे निकलते दिख रहे हैं, जबकि अक्षर को अश्विन पर तरजीह मिल सकती है। भुवनेश्वर कुमार और मोहम्मद शमी तेज गेंदबाजी में मोर्चा संभालेंगे। जबकि अर्शदीप सिंह अपने साथी हर्षल पटेल से आगे हैं। उन्हें भी मौका मिलेगा। हरभजन सिंह के अनुसार, आर अश्विन, हर्षल पटेल, दीपक हुड्डा और ऋषभ पंत चार ऐसे खिलाड़ी हैं, जो प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं बना पायेंगे।

पिछली बार मैंने एक हाथ से हसन अली को दो छक्के जड़े थे, उम्मीद है इस बार भी ऐसा होगा : ऋषभ पंत

मेलबर्न (एजेंसी)। भारत टी-20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत 23 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ करने जा रहा है। भारक और पाकिस्तान के बीच यह मुकाबला मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेला जायेगा। इस महामुकाबले से पहले भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा मुझे याद है कि पिछले टी-20 विश्व कप में मैंने पाकिस्तानी गेंदबाज हसन अली को दो छक्के मारे थे और मैने इसके लिए एक ही हाथ का इस्तेमाल किया था। उन्होंने इस बार भी पाकिस्तान के खिलाफ खेलने की उम्मीद जताई। पंत ने कहा कि मुझे याद है कि मैंने हसन अली के एक ही ओवर में दो छक्के मारे थे। मैं और विराट रन गति बढ़ाने की कोशिश कर रहे थे, क्योंकि हमने शुरूआती विकेट खो दिए थे और

हमने साझेदारी की थी। हम रन गति बढ़ा रहे थे और मैंने अपने मेरा विशेष शॉट से उसे एक हाथ से दो छक्के मारे।

इसके अलाव पंत ने विराट की तारीफ करते हुए कहा कि विराट का अपार अनुभव दबाव की स्थिति से निपटने में मदद करता है। टी-20 विश्व कप की वेबसाइट ने पंत के हवाले से कहा कि वह (कोहली) वास्तव में आपको सिखा सकते हैं कि परिस्थितियों से कैसे निपटना है जिससे भविष्य में आपको अपने क्रिकेट सफर में मदद मिल सकती है। इसलिए उनके साथ बल्लेबाजी करना हमेशा की तरह अच्छा है। बहुत अनुभव रखने वाले व्यक्ति का आपके साथ बल्लेबाजी करना अच्छा है, क्योंकि वह आपको खेल को आगे बढ़ाने और प्रत्येक गेंद में एक रन के साथ दबाव को बनाए रखने के तरीके के बारे में बता सकता है। पंत ने इस बार भी पाकिस्तान के खिलाफ खेलने कि उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि वे उम्मीद करते हैं कि पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को होने वाले टी-20 विश्व कप पहले मैच में पूर्व कप्तान कोहली के साथ अपनी बल्लेबाजी साझेदारी फिर बना पाएंगे मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम के नाबाद अर्धशतकों से पाकिस्तान ने पिछले साल टी-20 विश्व कप में भारत को 10 विकेट से हरा दिया था। भारत ने सात विकेट पर 151 रन बनाए थे, लेकिन पाकिस्तान ने बिना कोई विकेट खोए लक्ष्य हासिल कर लिया था। पच्चीस साल के पंत ने 39 रन की पारी खेलने के अलावा तत्कालीन कप्तान कोहली के साथ 53 रन जोड़े थे।

फिर जोहोर कप जीतने के लिए टीम में काफी प्रतिभा : कप्तान उत्तम सिंह

बेंगलुरु (एजेंसी)। भारतीय पुरूष जूनियर हॉकी टीम के कप्तान उत्तम सिंह ने कहा कि पिछली बार करीब से खिताब गंवाने के बाद टीम सुल्तान जोहोर कप में फिर खिताब हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध होगी। यह टूर्नामेंट कोविड-19 महामारी के कारण तीन साल बाद आयोजित किया जा रहा है। दो बार की पूर्व चैम्पियन भारत को पिछली दफा टूर्नामेंट के फाइनल में ब्रिटेन से 1-2 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा था जबकि टीम ने 1-0 से बढ़त बनाई हुई थी। जूनियर टीम के कप्तान ने कुआलालंपुर रवाना होने से पहले कहा कि हमने ट्रेनिंग शिविर में कई चर्चाएं की हैं और हमें भरोसा है कि हमारी टीम में खिताब जीतने के लिए काफी प्रतिभा मौजूद है। कोच सीआर कुमार की भारतीय टीम 22 अक्टूबर को मेजबान मलेशिया के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। टीम को फिर 23 अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका, 25 अक्टूबर को जापान, 26 अक्टूबर को आस्ट्रेलिया और 28 अक्टूबर को गत चैम्पियन ब्रिटेन से भिड़ना है। शीर्ष दो टीमें 29 अक्टूबर को होनेवाले फाइनल में एक दूसरे के सामने होंगी। सिंह ने कहा कि हमारी टीम टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही मजबूत टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने को लेकर उत्साहित है। हमारे लिए अपनी टीम की

परीक्षा लेने का यह अच्छा मौका है जिससे टीम एक इकाई के तौर पर मजबूत होगी। भारत ने 2013 और 2014 में इस टूर्नामेंट का खिताब जीता है जबकि चार बार टीम उप विजेता रही है। सिंह ने कहा कि हम किसी भी टीम को हल्के में नहीं लेंगे और मैच की परिस्थितियों के हिसाब से ही खेलेंगे। हमें आक्रमण और रक्षण के लिए तैयार रहना होगा। भारतीय कप्तान सिंह 2021 में घरेलू सरजमीं पर हुए जूनियर विश्व कप में खेले थे जिसमें टीम फ्रांस से हारकर चौथे स्थान पर रही थी। उन्होंने इस साल के शुरू में एशिया कप में सीनियर टीम के लिए भी पर्दापण किया था।

फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप से बाहर होने पर भारतीय कप्तान बोलीं -

यह सिर्फ हमारी फुटबॉल यात्रा की शुरुआत

भुवनेश्वर (एजेंसी)। फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2022 से भारत की निकासी के बावजूद भारतीय टीम की कप्तान अष्टम उरांव का मानना है कि यह सिर्फ उनकी फुटबॉल यात्रा की शुरूआत है। अष्टम ने बुधवार को कहा कि हमारा विश्व कप अभियान भले ही खत्म हो गया हो, लेकिन फुटबॉल खेलने का हमारा जुनून खत्म नहीं हुआ है। हमारी फुटबॉल यात्रा अभी शुरू हुई है और मैं अन्य लड़कियों के साथ-साथ उनके माता-पिता से उन्हें फुटबॉल खेलने की आजादी देने के लिए कहती हूं या जो भी खेल उन्हें पसंद है। किसी भी बच्चे के बढ़ने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए माता-पिता का सहयोग बहुत जरूरी है। फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में भारत का सफर निराशाजनक रहा और उन्हें ग्रुप स्टेज के अपने तीनों मुकाबलों में हार मिली। भारतीय लड़कियां अमेरिका (8-0), मोरक्को (3-0) और ब्राजील (5-0) के खिलाफ मैचों में एक भी गोल नहीं कर सकीं। उन्होंने कहा,ह्यह्यहमारे परिणाम भले ही उम्मीद के मुताबिक न रहे हों लेकिन हर कोई हमारे संघर्ष को देख सकता है। मैं हर माता-पिता और लड़की से आग्रह करता हूं कि वे न केवल परिणाम देखें

बल्कि हमारी कड़ी मेहनत पर विश्वास करें।

मुझे उम्मीद है कि कई लड़कियां यह खेल खेलेंगी और भारत में महिला फुटबॉल को विकसित करने के लिए लड़ने की कोशिश करेंगी। भारत ने अंडर-17 महिला विश्व कप में पहली बार हिस्सा लिया था। भारतीय टीम मेजबान होने के आधार पर क्वालीफाई करके टूर्नामेंट में आयी थी। अष्टम ने विश्व कप अनुभव के बारे में कहा कि विश्व कप में हम सभी ने बहुत कुछ सीखा। भले ही हम अपने सभी मैच हार गए हों, लेकिन इससे हमने बहुत अहम बात सीखी, अगर हम अपनी गलतियों को नहीं सुधारते तो हर कोई उनका उपयोग हमारे खिलाफ करेगा। उन्होंने कहा, 'हमें टूर्नामेंट के दौरान अमेरिका और ब्राजील जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ खेलने का अवसर मिला। हमने अंत तक संघर्ष किया और अपनी कमजोरियों के बारे में जाना। मोरक्को भी एक अच्छी टीम है, और उनके खिलाफ खेलना एक आंख खोलने वाला अनुभव था। हमें पता चला कि हम किस स्तर पर हैं। अब केवल एक चीज महत्वपूर्ण है, वह यह कि ऐसे विरोधियों के खिलाफ अच्छा खेलने के लिए खुद को कैसे तैयार किया जाए। अष्टम ने प्रशंसकों को उनके समर्थन के लिये धन्यवाद देते हुए कहा, ह्यह्य जो भी हमारा समर्थन करने आया, मैं आप सभी को दिल की गहराइयों से धन्यवाद देना चाहती हूं। उन्होंने अपना समय निकालकर हमारा समर्थन किया। स्टेडियम में प्रशंसकों के साथ-साथ जिसने भी हमें प्रसारण के माध्यम से देखा, उनका समर्थन हमारे लिए और भारतीय फुटबॉल के लिए बहुत मायने रखता है। यह वास्तव में हम में से प्रत्येक के लिए महत्वपूर्ण था, इसलिए बहुत-बहुत धन्यवाद।